महा शिवरात्रि आज

दैनिक **नवप्रदेश**

प्रदेश के साथ पूरा देश...

हर हर महादेव

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 3 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 8 | आंचलिक 11 | खेल/बिजनेस

RNI NO.CHHHIN/2015/62431 बिलासपुर, शुक्रवार 8 मार्च 2024, वर्ष-9 अंक- 337 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

आज महाशिवरात्रि.. 300 साल बाद दुर्लभ योग

महाशिवरात्रि 8 मार्च को मनाई जाएगी। यह दिन महादेव के भक्तों के लिए बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है। सनातन धर्म भारतीय संस्कृति और परंपरा में भी महाशिवरात्रि का सबसे ऊंचा स्थान है। ज्योतिषीय दृष्टि से इस बार की महाशिवरात्रि कई मायनों में खास रहने वाली है। महाशिवरात्रि पर सर्वार्थ सिद्धि योग, शिव योग, सिद्धि योग, श्रवण और धनिष्ठा नक्षत्र का शुभ संयोग बन रहा है। इसलिए शिव जी की विधि-विधान से पूजा व अर्पण बेहद फलदायी होगा। श्रवण नक्षत्र का स्वामी शनि है। शनि देव महादेव हैं। ऐसा माना जाता है कि भगवान भोलेनाथ ने शनि को नवग्रहों का न्यायाधीश बनाया था। इसलिए श्रवण नक्षत्र में शनिदेव महादेव की पूजा करना शुभ माना जाता है। इससे शनि की विशेष कृपा प्राप्त होती है। साथ ही धनिष्ठा नक्षत्र भी रहेगा। धनिष्ठा नक्षत्र का स्वामी मंगल है। इस नक्षत्र में शिव पूजा करने से मंगल ग्रह की शुभता से आने वाला समय शुभ हो सकता है।

चुनावी बॉन्ड : एसबीआई के खिलाफ एडीआर की अवमानना याचिका

सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली पीठ शीघ्र सुनवाई को सहमत

नयी दिल्ली, (वार्ता)। उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को कहा कि 'चुनावी बॉन्ड' संबंधी सभी विवरण छह मार्च तक चुनाव आयोग के पास नहीं जमा कराने पर भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के खिलाफ दायर एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की अवमानना याचिका पर शीघ्र सुनवाई की जायेगी।

मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने अधिवक्ता प्रशांत भूषण की गुहार पर याचिका को शीघ्र सूचीबद्ध करने पर सहमति जताई। श्री भूषण ने 'विशेष उल्लेख' के दौरान पीठ के समक्ष दलील देते हुए शीर्ष अदालत के आदेश की अवमानना याचिका पर शीघ्र सुनवाई करने की गुहार लगाई थी। एडीआर ने अपनी याचिका में एसबीआई पर जानबूझकर जानकारी साझा नहीं करने का ■ शेष पृष्ठ 6 पर

विवरण सार्वजनिक करने समय मांगा था

इस बीच एडीआर की याचिका से पहले एसबीआई ने कुछ व्यावहारिक कठिनाइयों का हवाला देते हुए उच्चतम न्यायालय के समक्ष एक आवेदन देकर गुहार लगाई थी कि उसे 12 अप्रैल 2019 से खरीदे गए चुनावी बॉन्ड का विवरण सार्वजनिक करने के लिए 30 जून 2024 तक समय दिया जाए।

इस अवधि में बॉन्ड का इस्तेमाल

शीर्ष अदालत के समक्ष एक आवेदन के जरिए एसबीआई की ओर से कहा गया है कि 12 अप्रैल 2019 से फैसले की तारीख यानी 15 फरवरी 2024 के बीच विभिन्न राजनीतिक दलों को चंदा देने के लिए 22,217 चुनावी बॉन्ड का इस्तेमाल किया गया था। एसबीआई ने शीर्ष अदालत से कहा है कि भुनाए गए बॉन्ड प्रत्येक चरण के अंत में सीलबंद लिफाफे में अधिकृत शाखाओं द्वारा मुंबई मुख्य शाखा में जमा किए गए थे। इस तथ्य के साथ कि दो अलग-अलग सूचना साइलो मौजूद हैं। इसका मतलब यह है कि कुल 44,434 सूचना सेटों को डिकोड, संकलित और तुलना करना होगा। इन तथ्यों को अदालत के समक्ष रखते हुए एसबीआई ने अपने आवेदन में कहा था, अदालत द्वारा अपने फैसले में तय की गई तीन सप्ताह की समय सीमा प्रक्रिया को पूरा करने के लिए पर्याप्त नहीं होगी।

सीईसी की पहली बैठक की पहली सूची में 100 नाम तय

बैठक में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी के अलावा टीएस सिंहदेव भी शामिल

रायपुर/नवप्रदेश। कांग्रेस केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) की पहली बैठक गुरुवार की शाम शुरू हुई। इस बैठक में लोकसभा चुनाव को लेकर मंथन किया जा रहा है। पूरी संभावना है कि कल महाशिवरात्रि के दिन पहली सूची में 100 नाम तय कर एलान करेंगे। इस बैठक में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, राहुल गांधी के अलावा अन्य दिग्गज नेता हिस्सा ले रहे हैं। विदित हो कि सीईसी की बैठक में स्क्रीनिंग कमेटी की तरफ से भेजे गए नामों में से उम्मीदवार फाइनल किए जाते हैं।

लोकसभा चुनाव के किए छत्तीसगढ़ से कांग्रेस प्रत्याशियों की संभावित सूची सोशल मिडिया में खूब वायरल हो रही है। सोशल मिडिया में घूम रही इस सूची के मुताबिक कांग्रेस के सभी पूर्व मंत्रियों और विधायकों के साथ ही वरिष्ठ नेताओं के नाम उम्मीदवारी पुख्ता बताई जा रही है, लेकिन बीते कुछ दिनों से कांग्रेस के फायर ब्रांड नेता, पूर्व मंत्री, विधायकों के अलावा चंद ऐसे भी नाम उम्मीदवारी के लिए चर्चा में हैं जिसे एकदम से नकारा भी नहीं जा सकता।

रमेश बैस के खिलाफ लड़ चुके हैं एक बार भूपेश

बता दें कि राजनांदगांव, महासमुंद और कभी दुर्ग से भले ही भूपेश का नाम बढ़ाया जा रहा था, जबकि खुद होकर भूपेश बघेल ने कभी लोकसभा लड़ने की इच्छा जाहिर नहीं किए हैं। पार्टी सूत्रों की मानें तो दिल्ली में हुई स्क्रीनिंग कमिटी की बैठक बीच में ही छोड़कर भूपेश के चले जाने की खबर है। खैर इसमें कितनी सच्चाई है यह स्क्रीनिंग कमिटी की बैठक में शामिल रहे सदस्य ही जानें, लेकिन यह तो तय है कि भूपेश बघेल के चाहने वाले उनके लोग उन्हें रायपुर लोकसभा लड़ने के लिए सीईसी की बैठक में तत्पर हैं। गौरतलब है कि भूपेश एक दफे रायपुर लोकसभा चुनाव रमेश बैस के खिलाफलड़ चुके हैं।

बृजमोहन के खिलाफ भूपेश के नाम पर चर्चा

बैठक में टीएस सिंहदेव समेत अन्य सदस्य रायपुर लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी के बतौर भूपेश बघेल को चुनाव मैदान में उतार सकती है। क्योंकि कांग्रेस के लिए अब तक बीजेपी के अजेय प्रत्याशी के तौर पर बृजमोहन अग्रवाल ही एकमात्र हैं। पार्टी नेता भी बृजमोहन को टक्कर देने के लिए किसी हारे विधायक की अपेक्षा कांग्रेस के मास लीडर को उतारे जाने की इच्छा रखते हैं। खासकर टीएस सिंहदेव भी पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को प्रदेश नेतृत्व के लायक चेहरा मानते हैं और वो ■ शेष पृष्ठ 6 पर

टिकिट वितरण में सिंहदेव की रहेगी अहम भूमिका

छत्तीसगढ़ से पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव भी कांग्रेस केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में शामिल हैं। यह भी संभावना है कि छत्तीसगढ़ से 11 लोकसभा सीटों में प्रत्याशियों के नामों और उनके लोकसभा क्षेत्र के लिए टीएस सिंहदेव का फैसला अहम् होगा। वैसे छत्तीसगढ़ से किस नाम पर और उसे कहां से प्रत्याशी बनाया जाना चाहिए इस संबंध सिंहदेव और आमंत्रित सदस्य के तौर पर नेताप्रतिपक्ष चरणदास महंत के फैसलों को तवज्जो मिलेगी। ऐसे में नामों के पैनल, विनिंग केंडिडेट समेत बीजेपी प्रत्याशियों के लिए किस कांग्रेस ■ शेष पृष्ठ 6 पर

किसान महासम्मेलन कल

■ पहुंचेंगे प्रदेशभर के अन्नदाता, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह होंगे शामिल

रायपुर/नवप्रदेश। कल 9 मार्च को रायपुर में किसानों के लिए महासम्मेलन रखा गया है। इस सम्मेलन को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह संबोधित करेंगे। इसके लिए कल साइंस कॉलेज मैदान में बड़ी संख्या में किसान पहुंचने वाले हैं।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मंत्रीमंडल सहित मौजूद रहेंगे। साइंस कॉलेज मैदान रायपुर में आयोजित कार्यक्रम में पूरे प्रदेश से किसान पहुंचेंगे।

'मोदी की गारंटी' के माध्यम से गरीबों, महिलाओं और किसानों को सशक्त बनाने का कार्य लगातार चल रहा है। इसके लिए 9 मार्च को किसान प्रशिक्षण सह-सम्मेलन रखा गया है। इस महासम्मेलन को किसान महाकुंभ का नाम दिया गया है।

कम समय में रिकॉर्ड खरीदी

मुख्यमंत्री साय के नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार की उपलब्धियों की चर्चा करते हुए साहू ने कहा कि मोदी की गारंटी के तहत भाजपा की प्रदेश सरकार ने प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान 31सौ रुपए प्रति क्विंटल की दर से खरीदने का वादा पूरा किया है, जिसका लाभ सीधे किसान भाइयों को हो रहा है। इस कड़ी में इस वर्ष प्रदेश सरकार द्वारा 1.47 लाख मीट्रिक टन धान की रिकॉर्ड खरीदी की गई है।

भाजपा नेताओं ने बताया कि इतने कम समय में 26 लाख किसानों का एक करोड़ 47 लाख मिट्रिक टन चावल खरीदना अपने आप में एक रिकॉर्ड है। यह बात अपने आप किसानों के प्रति सरकार के सकारात्मक रवैये को दर्शाता है।

आज बेबाक

आओ महारथी आओ। शाबास । अब आया है ऊंट पहाड़ के नीचे। अब आएगा मजा खेला का। बेशक सीबीआई यह डॉयलाग नहीं बोल रही होगी। लेकिन वह संदेशखाली के गुनाहगार शेख शाहजहां की अच्छे से खबर लेगी। टीएमसी के इस पालतू गुंडे को अब दाल आटे का भाव पता चलेगा। ममता दीदी ने शेख शाहजहां को सीबीआई के डंडे से बचाने के लिए पापड़ बेले लेकिन हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के सामने उनकी दाल नहीं गली। खेला करने में माहिर दीदी इस बार खेला नहीं कर पाई। अब पता चलेगा कि दाल में कुछ काला है या पूरी दाल काली है।

भारतीय संस्कृति की विरासत संस्कृत भाषा में है संरक्षित : मुर्मु

नई दिल्ली, (वार्ता)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज कहा कि भारतीय संस्कृति की विरासत संस्कृत भाषा में संरक्षित है और इसमें उपलब्ध सांस्कृतिक जागरूकता का प्रसार करना राष्ट्र सेवा है।

श्रीमती मुर्मु ने गुरुवार को यहां केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के पहले दीक्षांत समारोह में भाग लिया और छात्रों को संबोधित किया। राष्ट्रपति ने कहा, भारतीय संस्कृति के प्रति गौरव की भावना हमारी राष्ट्रीय चेतना का आधार है।

राष्ट्रीय सहकारी डेटाबेस का शाह करेंगे लोकार्पण

नई दिल्ली, (वार्ता)। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह कल यहां राष्ट्रीय सहकारी डेटाबेस का लोकार्पण और 'राष्ट्रीय सहकारी डेटाबेस 2023: एक रिपोर्ट' का विमोचन करेंगे।

सहकारिता मंत्रालय ने गुरुवार को यहां बताया कि प्रधानमंत्री के 'सहकार से समृद्धि' के विजन को साकार करने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण पहल है।

पीएम मोदी कल करेंगे पहला नेशनल क्रिएटर्स अवार्ड प्रदान

■ 3 अंतरराष्ट्रीय रचनाकारों सहित 23 विजेताओं पर निर्णय

नई दिल्ली, (वार्ता)। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी कल यहां पहले 'नेशनल क्रिएटर्स अवार्ड' प्रदान करेंगे और वहां मौजूद लोगों को भी संबोधित करेंगे। नेशनल क्रिएटर्स अवार्ड कहानी कहने, सामाजिक परिवर्तन की वकालत, पर्यावरणीय स्थिरता, शिक्षा, गेमिंग सहित अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्टता और प्रभाव को पहचानने का एक प्रयास है।

सकारात्मक बदलाव लाने के लिए रचनात्मकता का उपयोग करने के उद्देश्य से इस पुरस्कार की कल्पना एक 'लॉन्चपैड' के रूप में की गई है। इन पुरस्कारों के लिए पहले दौर में 20 विभिन्न ■ शेष पृष्ठ 6 पर

बीस श्रेणियों में पुरस्कार

ये पुरस्कार सर्वश्रेष्ठ कहानीकार सहित बीस श्रेणियों में प्रदान किया जाएगा। इनमें वर्ष के सेलिब्रिटी, ग्रीन चैंपियन पुरस्कार, सामाजिक परिवर्तन, कृषि, वर्ष के सांस्कृतिक राजदूत, यात्रा, स्वच्छता राजदूत पुरस्कार, न्यू इंडिया चैंपियन अवार्ड, टेक क्रिएटर अवार्ड, हेरिटेज फैशन आइकन अवार्ड, रचनात्मकता (पुरुष एवं महिला), खाद्य श्रेणी, शिक्षा श्रेणी, गेमिंग श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ क्रिएटर आदि शामिल हैं।

भाजपा की डबल इंजन सरकार में महिला होना हो गया अपराध : राहुल, प्रियंका

नई दिल्ली, (वार्ता)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी तथा प्रियंका गांधी वाड्रा ने उत्तर प्रदेश में दुष्कर्म पीड़ित दो बहनों तथा उनके पिता के आत्महत्या करने की घटना पर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा है कि डबल इंजन सरकारों में महिलाओं पर 'डबल अन्याय' हो रहा है भाजपा की सरकारों में महिला होना अपराध हो गया है।

गांधी ने कहा नरेंद्र मोदी की डबल इंजन सरकारों में हो रहे 'डबल अन्याय' को इन दो घटनाओं से समझिए। उत्तर प्रदेश में दो बहनों ने अपने साथ हुए दुष्कर्म के बाद फांसी लगा ली, अब न्याय न मिलने और मुकदमा वापस लेने के दबाव पर उनके पिता को भी फांसी लगानी पड़ी। मध्य प्रदेश में एक महिला की इज़्ज़त सरेबाज़ार तार-तार हुई, जब गरीब पति ने न्याय की गुहार लगाई, तो सुनवाई न होने से निराश होकर वह अपने दोनों बच्चों के साथ फांसी पर झूल गया। डबल इंजन सरकार में न्याय मांगना गुनाह है।

मित्र मीडिया द्वारा बड़ी मेहनत से गढ़ी गई झूठी छवि की रक्षा के लिए पीड़ित ही नहीं बल्कि उनके परिवारों तक से दुश्मन जैसा व्यवहार भाजपा शासित राज्यों में परंपरा बन चुकी है।÷ गांधी ने कहा ÷भाजपा राज में हाथरस से लेकर उन्नाव और मंदसौर से लेकर पौड़ी तक महिलाओं ■ शेष पृष्ठ 6 पर

ईडी के समन की अनदेखी पर कोर्ट सख्त, केजरीवाल 16 मार्च को हों पेश

नयी दिल्ली, (वार्ता)। राजधानी के राउज एवेन्यू कोर्ट ने गुरुवार को आम आदमी पार्टी के संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को नया समन जारी कर 16 मार्च को पेश होने को कहा।

यह आदेश प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से कथित उत्पाद शुल्क नीति घोटाले के संबंध में जारी किए गए कई समन को नजरअंदाज करने के लिए आप नेता केजरीवाल के खिलाफ नयी शिकायत दर्ज करने के बाद आया है।

गौरतलब है कि सीएम केजरीवाल इससे पहले ईडी द्वारा जारी आठ समन में शामिल नहीं हुए थे। एजेंसी ने आखिरी बार उन्हें चार मार्च को उसके ■ शेष पृष्ठ 6 पर

केजरीवाल का आरोप

सीएम केजरीवाल ने एक्स पर सोशल मीडिया पोस्ट में आरोप लगाते हुए कहा,यह ईडी और मोदी सरकार के बारे में सच्चाई है। कैसे लोग ईडी से परेशान होकर भाजपा में शामिल होने के लिए मजबूर हो रहे हैं। ईडी की छापेमारी के बाद पूछा जाता है- कहां जाएंगे- भाजपा या जेल? जो लोग भाजपा में शामिल होने से इनकार करते हैं उन्हें जेल भेज दिया जाता है। उन्होंने कहा अगर आप नेता सत्येन्द्र जैन, मनीष सिसौदिया और संजय सिंह गुरुवार को भाजपा में शामिल होते हैं, तो उन्हें कल ही जमानत मिल जाएगी। ऐसा नहीं है कि इन तीनों ने कोई अपराध किया हो।

गरमा-गरम

अपनों से मिला दगा... मामले की भनक लगने के बाद पिता न्याय की गुहार लगाने पहुंचे एसडीएम दफ्तर

वाह री संतान.. पिता को मरा दिखाकर अपने नाम कर ली करोड़ों की संपत्ति

देवरिया (ए.)। यह कलयुग है, कुछ भी हो सकता है। कब कहां और किस तरह इंसान धोखा दे जाए कहा नहीं जा सकता है। ऐसा ही एक मामला सामने आया है, जिसमें संपत्ति के लालच में पिता को मरा हुआ साबित कर दिया गया। उत्तर प्रदेश के देवरिया में बाप-बेटे के रिश्ते पर कलंक लगा दिया गया। बच्चों ने अपने पिता को कागजों में मृत दिखाकर उनकी करोड़ों की संपत्ति अपने नाम कर ली।

इसकी जानकारी जैसे ही पिता को हुई तो वे एसडीएम के पास शिकायत लेकर पहुंचे, लेकिन कहा जा रहा है कि उनकी कहीं सुनवाई नहीं हो रही है। वे न्याय पाने के लिए जगह-जगह भटक रहे हैं।

मामले में मिली जानकारी अनुसार हरिश्चंद यादव अहलादपुर मरकडी गांव का रहने वाला है। उनके तीन बच्चे विजय, मनोज और अमित यादव हैं। इनमें से अमित की मौत हो चुकी है। हरिश्चंद ने यह जमीन अपनी पत्नी पानमती के नाम पर खरीदी थी। उन्होंने एक इंटर कॉलेज भी बनवाया, जिसके प्रबंधक वे स्वयं थे और बाद में अपने पुत्र को प्रबंधक बना दिया। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

मां के निधन के बाद बेटों ने खेला खेल

हरिश्चंद की संपत्ति करोड़ों की है। जून 2023 में हरिश्चंद की पत्नी पानमती का निधन हो गया। इसके बाद उनके दो बेटों मनोज यादव और विजय यादव ने दस्तावेजों में हेराफेरी कर पूरी जमीन अपने नाम करा ली। संपत्ति में पिता का नाम हटा दिया और सारी संपत्ति बच्चों के नाम पर दर्ज हो गई।

एसडीएम ने हल्के में ली शिकायत

जब हरिश्चंद को इस बात का पता चला तो वह हैरान रह गए। उनका कहना है कि उनके बच्चे उन्हें कभी भी मार सकते हैं। उनका एक इंटर कॉलेज है, जिसमें उनके बेटे को मैनेजर बनाया गया था। अब वहां जाने पर वे मुझे पुलिस के हवाले करने की धमकी दे रहे हैं। जब वह रुद्रपुर तहसील के एसडीएम से मिले तो उनकी शिकायत को गंभीरता से नहीं लिया गया।

कश्मीर में गूंजा.. मोदी मेरी जान.. स्वागत है.. स्वागत है..

श्रीनगर, (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जम्मू- कश्मीर से धारा 370 को हटाये जाने के बाद श्रीनगर की पहली यात्रा पर गुरुवार को पहुंचे। जहां उनके स्वागत में हजारों लोग उमड़ पड़े। विश्व के सबसे पापुलर नेता व अपने प्रधानमंत्री को पास से देखने की तमन्ना हर किसी की आंखों में झलक रही थी। आवाज गुंज रही थी.. मोदी मेरी जान.. मोदी मेरी जान.. धरती के स्वर्ग में आपका स्वागत है.. ■ शेष पृष्ठ 6 पर

लोकसभा चुनाव 2024

दैनिक नवप्रदेश — प्रदेश के साथ पूरा देश...

छत्तीसगढ़ · मध्यप्रदेश · झारखंड

पहले पालक सांसद के रूप में सरोज पांडेय को प्री बोर्ड के इम्तिहान में उतारा

अब कांग्रेस का किला ध्वस्त कर फाइनल जीतने भाजपा ने कोरबा में चलाया ब्रह्मास्त्र

ईश्वर चंद्रा

कोरबा/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी की एक सशक्त ध्वजवाहक के रूप में सरोज पांडेय एक ऐसी शख्सियत हैं, जिन्हें युवा वर्ग में राजनीति का नेशनल आइकन माना जाता है। पार्टी की रणनीति के तहत जब उन्हें पालक सांसद की जिम्मेदारी मिली, तभी से कोरबा में कमल खिलाने का भाजपा का दांव चल चुका था। सीट पक्की होते होते सरोज ने इलाके में 12.50 करोड़ की सौगात दी और कोरबा लोकसभा में कांग्रेसी किले को ध्वस्त करने मानों भाजपा ने अपनी कद्दावर नेत्री के रूप में ब्रह्मस्त्र चला दिया है।

कोरबा लोकसभा सीट हमेशा से राजनीतिक महकमें में बड़ी प्रतिष्ठा का केंद्र बिंदु रहा है। यही वजह है जो भगवा पार्टी ने कोरबा की सीट पर एक रणनीति के तहत सरोज पाण्डेय को मैदान में लड़ाने का फैसला किया। उद्देश्य बिलकुल साफ है और वह है कांग्रेस के इस किले को ध्वस्त करना। लगभग माना जा रहा है कि कांग्रेस इस सीट पर पुनः एक बात अपनी मौजूदा सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरण दास महंत को रिपीट कर रही है। ऐसे में महिला के खिलाफ महिला की मौजूदगी का फायदा भाजपा को इसलिए भी मिल सकती है, क्योंकि सरोज पाण्डेय की राजनीति करने की स्टाइल जुदा है। उनकी पहचान तेज तर्रार नेत्री की है। भाजपा से कोरबा लोकसभा की प्रत्याशी बनाई गई राज्यसभा सांसद सरोज पांडेय की नजर चुनाव लड़ने पर पहले से ही थी। पालक सांसद रहते कोरबा में अपनी जमीन मजबूत करने पहले से ही तैयारी कर रही थी।

इसी वजह से प्रत्याशी घोषित होने के ठीक पहले 3 साल के सांसद मद से कोरबा संसदीय क्षेत्र के चारों जिले में 12.50 करोड़ के 218 कार्यों की मंजूरी दी हैं। दूसरी ओर सांसद ज्योत्सना महंत ने अपने कार्यकाल में कोरबा जिले में ही सबसे अधिक 10 करोड़ 84 लाख 72 हजार 420 रुपए के 234 कार्यों की मंजूरी दी। लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा ने अपने पत्ते खोल दिए हैं। कांग्रेस अभी प्रत्याशी को लेकर मंथन करने में जुटी हुई है। भाजपा ने जिले के दावेदारों को पीछे छोड़ते हुए राज्यसभा सांसद सरोज पांडेय को प्रत्याशी बनाया है। कोरबा में अभी कांग्रेस की सांसद ज्योत्सना महंत हैं।

इस वजह से भाजपा ने सरोज पांडेय को कोरबा संसदीय क्षेत्र का पालक सांसद बनाया था। इसके बाद से ही सरोज पांडेय की नजर भी कोरबा पर लगी हुई थी, लेकिन पहले यह तय नहीं था कि पार्टी हाईकमान उन्हें कहां से मौका देगी। इसकी वजह से उन्होंने अपने सांसद मद की राशि को बचाकर रखी थी। करीब 3 वर्ष के कार्यकाल का 14 करोड़ 50 लाख रुपए की राशि के लिए कार्यों की अनुशंसा ही नहीं की थी। उन्हें पार्टी नेतृत्व के इशारे का ही इंतजार था। प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद से ही वे कोरबा संसदीय क्षेत्र में अपनी जमीन को मजबूत करने में साथ ही टिकट की दौड़ में भी आगे बढ़ गई थी।

संसदीय क्षेत्र में कोरबा जिले के 4, गौरेला पेंड्रा मरवाही के 1, मनेंद्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर के 2 और कोरिया जिले का 1 विधानसभा क्षेत्र आता है। उन्होंने 220 कार्यों की अनुशंसा की है, जिसमें कोंडागांव जिले के विकास कार्यों के लिए दो करोड़ 23 लाख के दो कार्य भी शामिल हैं। बाकी काम कोरबा संसदीय क्षेत्र के लिए है। अभी तक इन कार्यों की शुरूआत भी नहीं हुई है। चुनाव के बाद ही यह कार्य शुरू होंगे। कोरबा लोकसभा से सांसद ज्योत्सना महंत तो चुनाव की तैयारी में ही जुटी हुई हैं। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास चुनाव लड़ने से मना कर चुके हैं। पैनल में पूर्व राजस्व मंत्री जय सिंह अग्रवाल का भी नाम है।

सबका साथ, सबका विकास के साथ जीतेंगे सबका विश्वास : सरोज पांडेय

भाजपा की टिकट हासिल कर मैदान में आईं सरोज पांडेय ने कोरबा पहुंचकर सुश्री पाण्डेय ने चुनावी बिगुल फूंका। उन्होंने कहा कि वे वापस लौटने के लिए कोरबा नहीं आई हैं। अब वे यहीं रहकर काम करेंगी। सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास जीतने के साथ हम चुनाव लड़ेंगे और जीत हासिल करेंगे। सुतर्रा में भाजपा कार्यकर्ताओं के स्वागत के बाद उन्होंने अपनी बात रखी। इससे पहले टिकट की घोषणा होने पर क्षेत्र के कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। लोकसभा प्रत्याशी सरोज पांडे ने कहा कि प्रधानमंत्री के आह्वान पर छत्तीसगढ़ में चुनाव लड़ रहे हैं। उन्हें कोरबा लोकसभा से चुना गया है।

पालक सांसद सरोज व मौजूदा सांसद ज्योत्सना ने इन कार्यों को दी मंजूरी

साढ़े 12 करोड़ की सौगात में जिन कार्यों पर फोकस किया गया है, उनमें सांसद मद से उन छोटे-छोटे कार्यों की अनुशंसा की गई है, जो लोगों के नजर में आ सके। इसमें बस स्टॉप, शेड, सोलर जूनो स्ट्रीट लाइट पचरी घाट व सामुदायिक भवन के अधिक हैं। कोरबा जिले को 5 करोड़ के कार्यों की अनुशंसा की हैं। इधर कोरबा की वर्तमान सांसद ज्योत्सना महंत ने अपने कार्यकाल में 17 करोड़ 42 लाख 96 हजार 725 के कार्यों की अनुशंसा की थी, जिसमें 16 करोड़ 16 लाख 47 हजार 420 रुपए के 457 कार्यों की मंजूरी मिली है। इसमें 203 कार्य पूर्ण हो चुके हैं। 116 कार्य अभी चल रहे हैं। 111 कार्य ऐसे हैं जो अभी तक शुरू ही नहीं हुए हैं। इसमें से कोरबा जिले को 10 करोड़ 84 लाख 72420 रुपए के 234 कार्य, गौरेला पेंड्रा मरवाही को 2 करोड़ 20 लाख 45 हजार के 68 कार्य और कोरिया जिले को 3 करोड़ 11 लाख 30 हजार के 155 कार्य शामिल हैं।

ऐसा है सुश्री सरोज का सियासी सफर

- छत्तीसगढ़ की एकमात्र ऐसी नेता हैं, जो एक ही साल में दुर्ग जिले से महापौर, विधायक और सांसद रहीं।
- सरोज पांडेय का जन्म 22 जून 1968 को छत्तीसगढ़ के भिलाई में हुआ।
- माता-पिता गुलाब देवी- श्यामजी पांडेय।
- पंडित रविशंकर विश्वविद्यालय से शिक्षा ली।
- साल 2000 पहली बार और 2005 में दूसरी बार दुर्ग की मेयर बनीं।
- 10 साल तक लगातार बेस्ट मेयर के अवॉर्ड से सम्मानित।
- साल 2008 में पहली बार वैशाली नगर से विधायक बनीं।
- साल 2009 के दुर्ग संसदीय सीट से सांसद बनी।
- 2013 में भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष बनीं।
- साल 2014 का लोकसभा चुनाव लड़ा, लेकिन कांग्रेस के ताम्रध्वज साहू से शिकस्त मिली। इसके बाद भी पार्टी ने उन्हें राष्ट्रीय महासचिव बनाया।
- साल 2018 में पहली बार निर्वाचित राज्यसभा सांसद बनीं।
- कांग्रेस के प्रत्याशी लेखराम साहू को हराया था। साल 2023 में भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनीं।

न्यूज गैलरी

इंडिया गठबंधन ने चिराग पासवान को दे दिया बड़ा ऑफर

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक पार्टियों के बीच सीट को लेकर सौदा चल रहा है। पक्ष-विपक्ष एक-दूसरे के गुट में सेंध लगाने की कोशिश कर रहे हैं। ऐसे में बिहार को लेकर एनडीए के भीतर सीटों के बंटवारे को लेकर खींचतान जारी है। इसी का फायदा उठाने के लिए इंडिया गठबंधन ने राजनीतिक शतरंज की बिसात पर एक चाल चली है और लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रमुख चिराग पासवान को राज्य में आठ और उत्तर प्रदेश में दो लोकसभा सीटों की पेशकश की है। इंडिया गठबंधन का यह प्रस्ताव चिराग पासवान के लिए काफी अच्छा साबित हो सकता है। जिन्हें एनडीए द्वारा बिहार में केवल छह लोकसभा क्षेत्रों की पेशकश की जा रही है। हालांकि, उनके लिए शर्त यह भी है कि इन सीटों को उन्हें अपने और चाचा पशुपति पारस के बीच बांटना होगा। पशुपति पारस के साथ चिराग के अच्छे संबंध नहीं हैं। सूत्रों ने कहा कि दूसरी ओर, इंडिया गठबंधन की पेशकश में वे सभी छह सीटें शामिल हैं जिन पर अविभाजित लोक जनशक्ति पार्टी (एलजेपी) ने 2019 में चुनाव लड़ा था, और बिहार में दो और उत्तर प्रदेश में दो अतिरिक्त निर्वाचन क्षेत्रों के रूप में एक डील शामिल है। बता दें, पार्टी प्रमुख और अनुभवी नेता राम विलास पासवान की मृत्यु के एक साल बाद पारस द्वारा तख्तापलट के बाद 2021 में लोक जनशक्ति पार्टी दो धड़ों में बंट गई थी। रामविलास पासवान, पशुपति पारस के भाई और चिराग पासवान के पिता थे। पशुपति पारस को भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए द्वारा कैबिनेट में जगह दिए जाने के बाद, चिराग पासवान ने जनता दल यूनाइटेड और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर हमला किया था।

पीओके में रहने वाला मोहम्मद कासिम आतंकी घोषित

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने आतंकी संगठन-लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े आतंकी मोहम्मद कासिम गुज्जर उर्फसलमान उर्फसुलेमान को आतंकी घोषित कर दिया है। पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में रह रहे कासिम को गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम कानून के तहत आतंकी घोषित किया गया है। गृह मंत्रालय की अधिसूचना में कहा गया है कि यूएपीए कानून के तहत 32 साल का मोहम्मद कासिम जम्मू के रियासी जिले का निवासी बताया जाता है। गृह मंत्रालय ने कहा कि आतंकियों की इस सूची में 56 लोगों के नाम पहले से शामिल हैं। मोहम्मद कासिम इस सूची में 57वां आतंकी है।

बंगलुरु में गहराया जल संकट, कोचिंग क्लास और स्कूल बंद

बंगलूरू। बंगलूरू जो कभी गार्डन सिटी के नाम से जाना जाता था, आज बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहा है। गर्मी के आने से पहले ही शहर में जल संकट गहरा गया है। यह न केवल बंगलूरू बल्कि पूरे देश के लिए एक चिंता का विषय है। यहां के कुछ इलाकों में हालात इतने खराब हो गए हैं कि यहां के कोचिंग सेंटर और स्कूल अपने बच्चों से घर पर ही रहकर क्लास लेने के लिए बोल रहे हैं। इतना ही नहीं हाल ही में बंगलूरू जल आपूर्ति और सीवरेज बोर्ड ने शटडाउन का एलान किया था, हालांकि यह कदम आवश्यक रखरखाव कार्य करने और अनअकाउंटेड फॉर वॉटर (यूएफडब्ल्यू) स्थापित करने के लिए उठाया गया। बंगलूरू के विजयनगर में स्थित एक कोचिंग सेंटर ने अपने छात्रों को एक सप्ताह के लिए 'आपातकाल' के कारण ऑनलाइन क्लास लेने के लिए कहा। वहीं, शहर के बन्नेरघट्टा रोड पर एक स्कूल बंद हो गया। स्कूल प्रशासन ने छात्रों को वर्चुअल कक्षाओं में भाग लेने के लिए कहा है।

एनडीए को मिलेगा एक और 'बूस्टर डोज'

लोकसभा और विधानसभा चुनाव के लिए बीजेपी और बीजेडी में गठबंधन की तैयारी

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव से पहले बीजेपी तेजी से अपना कुनबा बढ़ा रही है. अब ओडिशा में भी बीजेपी और बीजद के बीच अलायंस को लेकर बातचीत अंतिम पड़ाव पर पहुंच गई है. अगर चुनावी फॉर्मूले पर बात बनी तो बीजेपी-बीजद 15 साल बाद एक बार फिर साथ दिखाई देंगे. जानकारों का कहना है कि बीजेडी के जल्द ही एनडीए में शामिल होने की घोषणा की जा सकती है. बुधवार को ओडिशा बीजेपी नेताओं ने दिल्ली में गृह मंत्री अमित शाह और पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की है।

सूत्र बताते हैं कि बीजू जनता दल के अध्यक्ष और ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक बीजेपी से हाथ मिलाने का मन बना चुके हैं. यहां लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ होंगे. ऐसे में दोनों ही पार्टियों मिलकर चुनाव लड़ सकती हैं. सूत्रों का कहना है कि बीजेपी और बीजद के बीच गठबंधन की संभावना बढ़ गई है. हालांकि, विभिन्न पहलुओं के आधार पर शीर्ष नेतृत्व को अंतिम फैसला लेना है. सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि दोनों दलों के बीच सीट शेयरिंग किस तरह रहेगा? किसे कितनी सीटें मिलेंगी? इस पर चर्चा हो रही है. जल्द ही फॉर्मूला निकाला जाएगा।

'2019 में 8 सीटों पर चुनाव जीती थी बीजेपी'

ओडिशा में 21 लोकसभा सीटें और 147 विधानसभा सीटें हैं. 2019 के लोकसभा चुनाव में बीजद ने 12 और बीजेपी ने 8 सीटों पर जीत हासिल की थी. जबकि विधानसभा चुनाव में बीजद ने 112 और बीजेपी ने 23 सीटों पर जीत हासिल की थी. ओडिशा में एक बार फिर लोकसभा के साथ-साथ विधानसभा के चुनाव होने जा रहे हैं. ऐसे में दोनों ही दल अलायंस में अपनी किस्मत आजमाना चाहते हैं. 2009 में दोनों दलों के बीच गठबंधन टूट गया था।

'मोदी-पटनायक ने एक-दूसरे की तारीफकी थी'

ओडिशा में बीजद औ बीजेपी पहले भी सहयोगी पार्टियां रह चुकी हैं. ऐसे में दोनों पार्टियों के बीच एक बार फिर अलायंस को लेकर चर्चा तेज हो गई है. हाल ही में मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने एक रैली में सार्वजनिक रूप से एक-दूसरे की तारीफकी थी. बीजेडी भी संसद में मोदी सरकार के एजेंडे का ज्यादातर समर्थन करती रही है. राज्यसभा चुनाव में भी बीजद ने बीजेपी उम्मीदवार और केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का समर्थन किया था।

'लोकसभा में बीजेपी, विधानसभा में बीजद ज्यादा सीटों पर लड़ेगी चुनाव'

केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, ओडिशा बीजेपी अध्यक्ष मनमोहन सामल और पूर्व केंद्रीय मंत्री जुएल ओराम यहां कोर कमेटी की बैठक में शामिल हुए. ये बैठक गृह मंत्री शाह और नड्डा ने ली. इस मीटिंग के बाद ओरम ने कहा, हां, अलायंस समेत अन्य मसलों पर चर्चा हुई है. पार्टी का केंद्रीय नेतृत्व अंतिम फैसला करेगा. सूत्रों ने बताया कि गठबंधन की स्थिति में बीजेपी निश्चित रूप से ओडिशा की अधिकांश लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी. जबकि क्षेत्रीय पार्टी यानी बीजेडी ज्यादा से ज्यादा विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी।

एचसी से राहत मिलने के बाद डीयू के पूर्व प्रोफेसर साईबाबा जेल से रिहा

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय के पूर्व प्रोफेसर जीएन साईबाबा आखिरकार गुरुवार को जेल से बाहर आ गए। दो दिन पहले ही बॉम्बे हाईकोर्ट की नागपुर बेंच ने साईबाबा समेत पांच अन्य को माओवादी लिंक के एक कथित मामले में बरी कर दिया था। उम्रकैद की सजा को रद्द करने का फैसला सुनाया था। नागपुर केंद्रीय कारागार से रिहा होने के बाद साईबाबा ने कहा, 'मेरा स्वास्थ्य बहुत खराब है। मैं बात करने की स्थिति में नहीं हूं। पहले मुझे इलाज की जरूरत है, तब मैं कुछ बोल सकूंगा।' बता दें, पूर्व प्रोफेसर साल 2017 से जेल में बंद थे। फिलहाल वह व्हीलचेयर पर हैं। साईबाबा और उनके सह-आरोपियों को 2014 में माओवादी गुटों से जुड़े होने और भारत विरोधी गतिविधियों में शामिल होने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था।

यूथ पर युवा मोर्चा का फोकस, पूरे देश में होंगा युवती सम्मेलन, 10 मार्च तक आयोजित की जाएगी 20 लाख चौपाल

नई दिल्ली। बीजेपी ने लोकसभा चुनावों के मद्देनजर न केवल देश के युवाओं बल्कि युवतियों तक पहुंचने की कवायद शुरू की है। भाजपा युवा मोर्चा देश की युवतियों तक पहुंचने के लिए युवती सम्मेलन का आयोजन कर रहा है। इस तरह के दो सम्मेलन अरुणाचल प्रदेश और असम में हो चुके हैं। जल्द ही अन्य राज्यों में इन सम्मेलनों का आयोजन किया जाएगा।

बीजेपी युवा मोर्चा के एक पदाधिकारी ने बताया कि हमने देश भर की युवतियों तक पहुंचने के लिए युवती सम्मेलन करने का निर्णय लिया है। इन सम्मेलनों में केंद्र की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार के कार्यों के बारे में बताया जा रहा है। युवती सम्मेलनों में विशेष रूप से केंद्र सरकार के उन फैसलों के बारे में बताया जा रहा है जो महिलाओं की जिंदगी को बेहतर बनाने की सोच के साथ किए गए हैं। इसके अलावा इस सम्मेलनों में 'विकसित भारत एट 2047' को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण से भी युवतियों को परिचित कराया जा रहा है।

ग्रेटर नोएडा के गौर सिटी में लगी भीषण आग मची अफरा-तफरी

लखनऊ। यूपी के ग्रेटर नोएडा एक्सटेंशन से बड़ी खबर सामने आ रही है। यहां गौर सिटी 2 के 16 एवेन्यू के बहुमंजिला ईमारत में आग लग गई। वहां कई लोगों के फंसे होने की आशंका जताई गई थी। मौके पर अफरा-तफरी मच गई थी। घटना की जानकारी होने पर दमकल की गाड़ियां पहुंच गई थीं। फिलहाल आग पर काबू पा लिया गया है। जिस फ्लैट में आग लगी थी इससे फैलकर बाकी फ्लैट्स में भी फैल गई। दो फ्लैट्स में आग लगने के कारण कई लोगों के बिल्डिंग में फंसने की आशंका जताई गई थी। दमकल की गाड़ियां आग पर काबू पाने में सफल रही हैं। सोसाइटी में भीषण आग लगने के कारण टॉवर में धुंआ फैल गया। आग लगने के कारण सोसायटी में रहने वाले लोग घबड़ा गए। चारों तरफ अफरा-तफरी मच गई। वर्किंग डे होने के कारण कई फ्लैट्स में ताला लगा है।

बीजेपी पर पवार का तंज, बोले-जिन पर लगाते हैं भ्रष्टाचार का आरोप, उन्हें ही करते हैं पार्टी में शामिल'

मुंबई। भारतीय जनता पार्टी पर कटाक्ष करते हुए एनसीपी संस्थापक शरद पवार ने कहा कि भाजपा भ्रष्टाचार के आरोपों का सामना कर रहे लोग को पाक साफकरने वाली एक वॉशिंग मशीन बन गई है। उन्होंने हेमंत सोरेन और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल समेत कई गैर भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों को निशाना बनाने के लिए केंद्र की आलोचना की। पुणे जिले के लोनावाल में एनसीपी (शरदचंद्र पवार) के कार्यकर्ताओं के एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए पीएम मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि भ्रष्टाचार के बारे में बात करते समय अविभाजित एनसीपी को पीएम मोदी खूब कोसते थे। लेकिन अब कुछ ओर बोल रहे हैं। संसद में सभी को एक पुस्तिका दी गई थी, जिसमें कहा गया कि जब भाजपा सत्ता में नहीं थी तो क्या-क्या अनियमितताएं हुई।

820 करोड़ आईएमपीएस लेनदेन मामले में राजस्थान-महाराष्ट्र के 67 ठिकानों पर सीबीआई रेड

नई दिल्ली। सैकड़ों करोड़ रुपये के आर्थिक अपराध और संदिग्ध लेनदेन के एक मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो ने राजस्थान और महाराष्ट्र में एक साथ 67 ठिकानों पर तलाशी अभियान चलाया। लगभग 820 करोड़ रुपये के संदिग्ध आईएमपीएस लेनदेन से संबंधित इस मामले में यूको बैंक के कई खातों की जांच हो रही है। 820 करोड़ रुपये के लेनदेन वाले इस मामले में छापेमारी को लेकर सीबीआई ने बयान जारी किया। इसके मुताबिक छह मार्च को राजस्थान के जोधपुर, जयपुर, जालौर, नागौर, बाड़मेर, फलौदी सहित कई शहरों में तलाशी अभियान चलाया गया। यूको बैंक के खातों से संदिग्ध लेनदेन मामले में राजस्थान के अलावा और महाराष्ट्र के पुणे में भी व्यापक तलाशी अभियान चलाया गया। इन ऑपरेशनों के दौरान, यूको बैंक और आईडीएफसी से संबंधित लगभग 130 आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए गए।

40 मोबाइल और 43 डिजिटल डिवाइस समेत कई सामान जब्त

सीबीआई अधिकारियों ने छह मार्च के ऑपरेशन के दौरान 43 डिजिटल डिवाइस 40 मोबाइल फोन, 2 हार्ड डिस्क और 1 इंटरनेट डोंगल सहित कई अन्य आपत्तिजनक सामान भी जब्त किए गए। सीबीआई इनका फोरेंसिक विश्लेषण करा रही है। मौके पर मिले 30 संदिग्धों को भी सीबीआई ने अपनी जांच प्रक्रिया में शामिल किया है।

इंडिया और एनडीए से अलग साथी तलाश रही बसपा, बीआरएस से गठबंधन की तैयारी

लखनऊ। बसपा इंडिया और एनडीए गठबंधनों से लगातार दूरी बनाए हुए है, लेकिन इनसे अलग लोकसभा चुनाव की तैयारी कर रहे दलों का साथ तलाश रही है। इसी कड़ी में तेलंगाना में के.चंद्रशेखर राव (केसीआर) की पार्टी भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के साथ बसपा गठबंधन की तैयारी है।

बसपा के प्रदेश अध्यक्ष आरएस प्रवीण कुमार और केसीआर की बात हो चुकी है। सीटों पर सहमति बनते ही बसपा प्रमुख मायावती इस बारे में अंतिम फैसला लेंगी। पिछले साल हुए विधानसभा चुनाव में भी बसपा ने छत्तीसगढ़ और एमपी में गोंडवाना गणतंत्र पार्टी से गठबंधन किया था। इस समय हरियाणा में भी इनेलो से बात चल रही है, जिससे पक्ष-विपक्ष के कोर गठबंधनों से इतर अपनी जमीनी तैयार की जा सके।

14 में तेलंगाना में बसपा ने जीती थी 2 सीटें

तेलंगाना में 2014 में हुए पहले विधानसभा चुनाव में केसीआर की पार्टी सत्ता में आई थी। 1.40 प्रतिशत वोट के साथ दो सीटें बसपा को भी मिली थीं। 2018 के चुनाव में बसपा को 2.10त्न और 2023 में 1.38त्न वोट मिले थे, लेकिन खाता नहीं खुला। वहीं, 2019 के लोकसभा चुनाव में 0.85त्न वोट मिले थे। केसीआर की पार्टी 18 में फिर सत्ता में आई और 19 के संसदीय चुनाव में उसे 17 में 9 सीटें मिलीं।

हालांकि, पिछले विधानसभा चुनाव में 39 सीटें ही जीत पाई और सत्ता से बाहर हो गई, इसलिए बीआरएस भी लोकसभा चुनाव के पहले साथी तलाश रही है।

■ न्यूज गैलरी

राष्ट्रीय किसान महासम्मेलन 9 को, किसानों को मिलेगी धान की अंतर राशि

रायपुर/नवप्रदेश। लोकसभा चुनाव से पहले राजधानी के साइंस कॉलेज मैदान में 9 मार्च को राष्ट्रीय किसान महासम्मेलन होगा, जिसमें केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शामिल होंगे. किसान महासम्मेलन में मोदी की गारंटी के तहत किसानों को धान की अंतर राशि दी जाएगी. इस सम्मेलन में देशभर से किसान होंगे. कार्यक्रम स्थल का जायजा लेने आज कृषि मंत्री राम विचार नेताम व कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप साइंस कॉलेज मैदान पहुंचे. यहां बड़ी संख्या में मजदूर व कारीगर विशेष साज सजावट कर रहे. नेताओं ने कार्यक्रम की तैयारी का जायजा लिया.

नीलकंठेश्वर धाम समिति का महाशिवरात्रि महोत्सव आज

रायपुर/नवप्रदेश। प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री नीलकंठेश्वर धाम मंदिर में महाशिवरात्रि महोत्सव का त्रिदिवसीय आयोजन 8 से 10 के मध्य आयोजित किया जाएगा। 8 मार्च को शिवरात्रि के शुभ अवसर पर शाम साढ़े पांच बजे भोलेनाथ की बारात निकलेगी जिसमें वार्डवासियों सहित शहर के भक्त दस हजार की संख्या में शामिल होंगी। शिवशंकर शंभू की बारात में भूत प्रेत के बाने एवं रंग बिरंगी वेशभूषाओं में झांकी निकाली जाएगी। उक्त अवसर पर आतिशबाजी एवं डीजे बेंड के साथ भव्य बारात में भक्त उत्साहपूर्वक हिस्सा लेंगे। महादेव की बारात नीलकंठेश्वर धाम मंदिर से सिविल लाइन बिजली आफिस होते हुए बूढ़ापारा में समाप्त होगी। 9 मार्च को भोलेनाथ की प्रसादी का वितरण किया जाएगा। रविवार को सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है। सांस्कृतिक कार्यक्रम में ओडिशा एवं अन्य प्रदेशों से आने वाले सांस्कृतिक दलों द्वारा भव्य नृत्य भजन एवं भोलेनाथ पर केंद्रित गीतों से कलाकारों द्वारा भक्तों को भव्य कार्यक्रम की भक्ति धारा में आनंदित होने का मौका मिलेगा।

नेशनल लोक अदालत 9 को

रायपुर/नवप्रदेश। जिला एवं सत्र न्यायाधीश के अध्यक्षता में राजधानी रायपुर की नई कोर्ट बिल्डिंग के कक्ष क्रमांक 210 में नौ मार्च को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। नेशनल लोक अदालत सुबह साढ़े दस बजे से शुरू होगी। इस लोक अदालत में लम्बे समय से लंबित पड़े मामलों का निपटारा किया जाएगा।

सूने मकान से सोने-चांदी के जेवर पार

रायपुर/नवप्रदेश। सुंदर विहार कालोनी महादेव घाट रायपुरा स्थित सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने सोने-चांदी का जेवर पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। प्रार्थी चंद्रकांत चौधरी 42 वर्ष सुंदर विहार कालोनी महादेवघाट रायपुरा का रहने वाला है। बताया जाता है कि अज्ञात चोर ने 4 से 6 मार्च के मध्य प्रार्थी के सूने मकान का ताला तोड़कर आलमारी में रखे सोने-चांदी का जेवर पार कर दिया। चोरी गए जेवर की कीमत करीब 90 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 457, 380 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

ट्रक की ठोकर से स्कूटी सवार की मौत

रायपुर/नवप्रदेश। गोगांव के प्रिंस ढाबा के पास ट्रक की ठोकर से स्कूटी सवार युवक की मौत हो गई। मामले में गुढियारी पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मृतक रविकांत शर्मा 30 वर्ष डीडी आवास कबीरनगरर का रहने वाला था। बताया जाता है कि वह अपनी स्कूटी पेप क्रमांक सीजी 04 सीवी 2313 से घर जा रहा था, तीाी गोगांव के प्रिंस ढाबा के पास ट्रक क्रमांक सीजी 04 एनवाय 5229 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए स्कूटी को टक्कर मार दिया। जिससे रविकांत शर्मा की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

शराब दुकान के पास खड़ी बाइक पार

रायपुर/नवप्रदेश। गोगांव शराब दुकान के पास खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दी। प्रार्थी की शिकायत पर गुढियारी पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। प्रार्थी तरूण कुमार साहू 39 वर्ष विकाश नगर गुढियारी का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 सीयू 6398 को गोगांव के शराब दुकान के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत 7 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर गुढियारी पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका : राज्यपाल

■ **अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए राज्यपाल**

रायपुर/नवप्रदेश। राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन जे. योगान्दनम् छत्तीसगढ़ कॉलेज रायपुर में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। भारत आज विश्व की पांचवी बड़ी अर्थव्यवस्था है जिसमें मातृशक्ति का बहुत बड़ा योगदान है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर छत्तीसगढ़ मानवाधिकार आयोग और छत्तीसगढ़ महाविद्यालय रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम ''समावेशन'' में राज्यपाल श्री हरिचंदन ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस हम सभी के लिए एक महान दिन है जो महिला सशक्तिकरण की दिशा में कार्य करने के लिए उत्प्रेरित करता है। हम सभी को एक ऐसी दुनिया बनाने के लिए प्रतिबद्ध होने की आवश्यकता है जहां सभी महिलाएं सशक्त हों । राज्यपाल श्री हरिचंदन ने कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए, उन्हें सभी क्षेत्रों में संसाधन, अवसर प्रदान करना और निर्णय लेने की शक्ति तथा क्षमता निर्माण हेतु समान अवसर उपलब्ध कराने की आवश्यकता है। महिला सशक्तिकरण, कानून सुधार और महिलाओं और बच्चों के लिए उत्थान योजनाओं के माध्यम से प्राप्त किया जा सकता है। राज्यपाल ने कहा कि भारतीय संविधान, महिलाओं के अधिकारों की सुरक्षा के लिए मौलिक अधिकारों और कर्तव्यों को शामिल करके लैंगिक समानता प्राप्त करने की आशा पैदा करता है। हमारा संविधान महिलाओं के अधिकारों की रक्षा करता है और लिंग के आधार पर भेदभाव को रोकता है। राज्यपाल ने भारत में लैंगिक न्याय प्रदान करने वाले संवैधानिक प्रावधानों की जानकारी भी दी।

उन्होंने कहा कि भारत सरकार ने भी महिला सशक्तिकरण और लैंगिक समानता को प्राथमिकता दी है और महिलाओं की भागीदारी में सुधार के लिए कई उपाय किए हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए कार्य किए जा रहे है। अम्ब्रेला योजना के रूप में एक एकीकृत महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम 'मिशन शक्ति' शुरू किया गया है। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान, महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक बड़ा कदम है। उन्होंने छत्तीसगढ़ शासन द्वारा महिलाओं के उत्थान के लिए चलाई जा रही योजनाओं का भी उल्लेख किया।

समय सीमा में संयंत्र नहीं लगाने वाले उद्योगों को तीन दिन के भीतर जारी करें नोटिसः मंत्री लखनलाल

रायपुर/नवप्रदेश। उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन ने उद्योग के नाम पर जमीन लेने के लिए बाद भी उद्योग नहीं लगाने वाले उद्योगपतियों को तीन दिन के भीतर नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए।

गुरुवार को सर्किट हाउस रायपुर में प्रदेश के सभी जिलों के उद्योग और व्यापार केन्द्र के प्रबंधकों की बैठक लेकर वाणिज्य और उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने इस आशय के निर्देश दिए। बैठक में अनुपस्थित नारायणपुर के जिला व्यापार उद्योग केन्द्र के प्रबंधक श्री कमल सिंह मीणा को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। बैठक में वाणिज्य एवं उद्योग विभाग के सचिव मोहम्मद कैसर अब्दुल हक, संचालक उद्योग पी. अरूण प्रसाद, संयुक्त सचिव एवं अपर संचालक उद्योग श्री अलोक त्रिवेदी, श्री प्रवीण शुक्ला, श्री संतोष भगत सहित जिलों से आए अधिकारी उपस्थित थे।

उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने सभी जिलों से आए महाप्रबंधको को निर्देश देते हुए कहा की प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री जी की सोच है कि ज्यादा से ज्यादा हाथों में रोजगार हो, हमें रोजगार के साथ उनको काबिल भी बनाना है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में ज्यादा से ज्यादा उद्योग लगे, जिससे युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़े। उद्योग मंत्री ने कहा कि जमीन आबंटन के बाद भी अगर उद्योग स्थापित नहीं हुए हैं, ऐसे उद्योगों के अधिकृत व्यक्ति को नोटिस जारी करें और अगर फिर भी उद्योग नहीं लगाया गया तो जमीन आबंटन निरस्त करने की कारवाई करें। राज्य की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में उद्योग-धंधा सहायक हो सकता है। राज्य सरकार द्वारा शीघ्र की नई औद्योगिक नीति 2024-2029 लागू की जाएगी। उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना की समीक्षा भी की। उन्होंने ज्यादा से ज्यादा आवेदको स्वरोजगार के लिए लोन स्वीकृत करने के निर्देश दिए गए। लोन पास करने के नाम पर बैंकर्स हितग्राहियों बैंकों के बार-बार चक्कर न लगवाएं। उद्योग विभाग के अधिकारी इस बात के विशेष ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि यह योजना माननीय प्रधानमंत्री जी की महत्वाकांक्षी योजना है, सभी 18 ट्रेड के हितग्राहियों को बेहतर तरीके से ट्रेनिंग दिलवाए। उद्योग मंत्री ने कहा कि विभाग के अधिकारी शासन के विभिन्न योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन करे, जिससे आम लोगों को इसका लाभ मिलें। उन्होंने कहा कि प्रदेश में स्थापित होने वाले उद्योगों में स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता से कार्य मिले, इसका विशेष ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि विभाग के सभी अधिकारी एवं मैदानी क्षेत्रों पदस्थ अधिकारी बेहतर कार्य करें। उद्योग मंत्री ने वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान प्रदेश में स्थापित नवीन उद्योगों की स्थापना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना के प्रगति की समीक्षा की।

नए जिलों में योजना के क्रियान्वन पर विशेष ध्यान दें

मंत्री श्री देवांगन ने नए जिलों में भी सभी योजना का लाभ दिलाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि नए जिलों में भी आवेदनों के निराकरण के लिए अन्य विभागों के साथ समन्वय बनाकर काम करे। कैबिनेट मंत्री ने पीएम विश्वकर्मा कौशल सम्मान योजना की समीक्षा की।

राजधानी के मास्टर प्लान पर लगेगी रोक, चौधरी ने जांच की बात कही

रायपुर/नवप्रदेश। शासन काल में पूर्व आवास पर्यावरण मंत्री मो अकबर द्वारा अनुमोदित राजधानी के मास्टर प्लान -2031 पर रोक लगने के संकेत हैं। इस प्लान को लेकर आज हुई शिकायत के बाद आवास मंत्री ओपी चौधरी ने एक कमेटी गठित कर जांच कराने की बात कही है।शिकायतकर्ता फनेन्द्र भूषण वर्मा के साथ एक प्रतिनिधि मंडल ने आज चौधरी से मुलाकात कर प्लान की खामिसां बताई। उन्होंने बताया कि रायपुर मास्टर प्लान 2031 में व्यक्ति विशेष को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से बनाया गया था। ज्ञापन में यह भी बताया गया है कि मुख्य रूप से रायपुर मास्टर प्लान 2031 में किये गये अनियमितता पर कार्यवाही कर त्वरित नवीन मास्टर प्लान की मांग की गई है। मास्टर प्लान में मुख्य रूप से मार्गो की चौड़ाई को कम किया जाना भू-उपयोग आवासीय /वाणिज्यिक / सार्वजनिक-अर्द्धसार्वजनिक का कई ग्रामों में सुनियोजित ढंग से प्रावधान नहीं किया गया है एवं व्यक्ति विशेष को लाभ पहुंचाने के लिये मिश्रित भू-उपयोग चिन्हांकित किया है।मंत्री चौधरी ने आश्वासन दिया कि उक्त अनियमितता पर संबंधित विभाग में जॉच कमेटी गठित कर आवश्यक कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है।

कागज खरीदी में पाठ्य पुस्तक निगम को 2 करोड़ रुपए की बचत : बृजमोहन

रायपुर/नवप्रदेश। त्तीसगढ़ में बच्चों को मुफ्त में किताबें उपलब्ध कराने के लिए पाठ्य पुस्तक निगम द्वारा किताबों की छपाई का काम किया जाता है। पहले इस काम में कागज की खरीदी में भ्रष्टाचार के आरोप लगते रहे हैं। इस भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए प्रदेश के नए शिक्षा मंत्री और भाजपा नेता श्री बृजमोहन अग्रवाल ने नई दिशा-निर्देश जारी किए। इन दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए की गई खरीदी में 2 करोड़ रुपये की बचत हुई है। पाठ्य पुस्तक निगम में अब तक हर वर्ष कागज की खरीदी के लिए टेंडर निकाला जाता था और फिर न्यूनतम दरों के आधार पर खरीदी की जाती थी। इस प्रक्रिया में, बाजार से इस बात का पता नहीं लगाया जाता था कि वास्तव में खुले बाजार में संबंधित कागज की कीमत कितनी है। कम दरों पर कागज की आपूर्ति करने वाले विक्रेता अक्सर निम्न गुणवत्ता वाले कागज की आपूर्ति करते थे, जिसके परिणामस्वरूप छात्रों को खराब गुणवत्ता की पाठ्य पुस्तकें मिलती थीं। बड़ी कंपनियों के पास छोटी कंपनियों की तुलना में कम दरों पर कागज की आपूर्ति करने की अधिक क्षमता होती थी, जिससे छोटी कंपनियों के लिए प्रतिस्पर्धा करना मुश्किल हो जाता था। शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल के निर्देश के बाद पाठ्य पुस्तक निगम के प्रबंध निदेशक कुलदीप शर्मा ने किताबों के कवर पेज के लिए 250 जीएसएम की मोटाई वाले कागज का मार्केट सर्वे कराया। और इसके साथ ही इसकी खुली निविदा भी निकाली गई। वर्ष 2024-25 के लिए खरीदी की न्यूनतम दर 97 हजार 500 रूपये प्रति मीट्रिक टन लगाई गई। जबकि वर्ष 2023 -24 में निविदा करके 250 जीएसएम वाले कागज की खरीदी 1 लाख 17 हजार रूपये प्रति मीट्रिक टन के दर पर की थी।

सरेआम शराब पीते 34 गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी पुलिस ने लगातार नशेडियोंके खिलाफ अभियान चला रही है। इसी के तहत पुलिस ने सरेआम शराब पीते 34 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। तेलीबांधा पुलिस ने लाभांडी शराब दुकान के पास सरेआम शराब पीते आरोपी राकेश धीवर 25 वर्ष व भुपेंद्र धीवर 20 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह टिकरापारा पुलिस ने आरोपी श्रवण यादव 35 वर्ष, देवेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी लव कुमार साहू 30 वर्ष एवं कोतवाली पुलिस ने आरोपी प्रकाश देवदास 20 वर्ष व आनंद बाग 20 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह मंदिरहसौद पुलिस ने आरोपी छोटुराम चंद्रवंशी 27 वर्ष, विजय सिंह 54 वर्ष, विक्की चौहान 25 वर्ष, श्रीकुमार नाग 25 वर्ष, कृपाल पटेल 36 वर्ष व किशना भारती 40 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं गोबरानवापारा पुलिस ने आरोपी बसंत सिन्हा 21 वर्ष, मितेश सिन्हा 21 वर्ष व मुकेश यादव 28 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

तीन नगरीय निकायों में राज्य शासन ने नियुक्त किया कार्यवाहक अध्यक्ष

■ **राज्य शासन ने नए अध्यक्षों के निर्वाचन हेतु आवश्यक कार्यवाही के लिए राज्य निर्वाचन आयोग को लिखा पत्र**

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने तीन नगरीय निकायों में अध्यक्ष के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव पारित होने के बाद कार्यवाहक अध्यक्ष नियुक्त किया है। विभाग द्वारा मंत्रालय से जारी अलग-अलग आदेश के अनुसार बिलासपुर जिले के तखतपुर नगर पालिका के वार्ड क्रमांक-13 की पार्षद श्रीमती अमरीका कृष्ण कुमार साहू को तखतपुर नगर पालिका का कार्यवाहक अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। राज्य शासन द्वारा बेमेतरा जिले के मारो नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक-15 के पार्षद धनलाल देशलहरे को मारो नगर पंचायत का और मुंगेली जिले के सरगांव नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक-5 के पार्षद श्री परमानंद साहू को सरगांव नगर पंचायत का कार्यवाहक अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

राज्य शासन ने तीनों नगरीय निकायों में वर्तमान अध्यक्षों के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव पारित होने के बाद अध्यक्ष के रिक्त पदों की जानकारी देते हुए नए अध्यक्षों के निर्वाचन के लिए आवश्यक कार्यवाही हेतु छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग को पत्र लिखा है।

स्टेट बैंक आफ इंडिया का बीजेपी से गठबंधन, छिपा रहे चुनावी बांड की जानकारी : सुशील शुक्ला

रायपुर।नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि स्टेट बैंक भाजपा के घोटाले पर पर्दा डालने में लगी है। भारत की सबसे बड़ी अदालत सुप्रीम कोर्ट ने बीजेपी की इलेक्टोरल बॉन्ड योजना को असंवैधानिक करार देते हुये इसे रद्द कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने चुनावी बॉन्ड योजना के तहत राजनीतिक दलों को प्राप्त चंदे का खुलासा करने के निर्देश दिये थे। सुप्रीम कोर्ट ने स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया (SBI) को निर्देश दिये थे की वो चुनावी चंदे से संबंधित संपूर्ण जानकारी 6 मार्च 2024 (लोकसभा चुनाव के पूर्व) के पहले सार्वजनिक करते हुए चुनाव आयोग को सौंपे। सुप्रीम कोर्ट के इस ऐतिहासिक फ़ैसले का पूरे देश ने बढ़ चढ़कर स्वागत किया था और इसे चुनाव में कालेधन के उपयोग और सत्ता में पूँजीपतियों की ग़ैर क़ानूनी हिस्सेदारी के खिलाफ सबसे बड़ा कदम माना जा रहा था।

भविष्य गढ़ने महतारी वंदन योजना की राशि, सुकन्या समृद्धि योजना में निवेश करेंगी संतोषी

■ **महतारी वंदन योजना की राशि से संतोषी की बेटी का भविष्य होगा सुरक्षित**

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार की महतारी वंदन योजना का असर अब धरातल पर दिखने लगा है। आगामी 7 मार्च को योजना की राशि महिलाओं के खाते में आएगी। अभी से महिलाएं योजना द्वारा मिलने वाली एक हज़ार रुपये की राशि का उपयोग करने की योजना बनाने लगी हैं। कोई इस राशि से बचत की सोच रहा है, तो कोई अपनी छोटी-मोटी ज़रूरतें पूरा करने पर विचार कर रहा है। वहीं कुछ महिलाऐं इस राशि को भविष्य के लिए निवेश करने वाली हैं। ऐसे ही विचारों के साथ रायपुर के तेलीबांधा में रहने वाली श्रीमति संतोषी ठाकुर कहती हैं कि महतारी वंदन योजना से मिलने वाले पैसों को वह अपनी बेटी के लिए सुकन्या समृद्धि योजना में निवेश करेगी। जिससे भविष्य में वह राशि उनकी बेटी के काम आ सके। वैसे तो कहा जाता है कि पुरुषों की अपेक्षा महिलाएं वित्तीय प्रबंधन के मामले में ज्यादा समझदार होती हैं। पर संतोषी ठाकुर की सोच इस बता को प्रमाणित भी करती है।

अलग-अलग विद्यालयों में कुल 7 जगह दिया गया न्योता भोज

रायपुर/नवप्रदेश। ज़िले में आज कई शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शालाओं के बच्चों को चांवल , दाल पूड़ी-सब्जी, खीर, लड्डू, नमकीन और फल जैसे अन्य व्यंजनो के साथ न्योता भोज दिया गया।

तिल्दा विकासखण्ड से क्रमशः शासकीय पूर्व माध्यमिक एवं शासकीय प्राथमिक शाला बेमता में भरत लाल वर्मा, शासकीय नवीन प्राथमिक शाला बेल्दार सिवनी श्रीमती शान्ति निर्मलकार, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला एवं शासकीय प्राथमिक शाला केवतरा में रामनाथ वर्मा एवं ट्विंकल वर्मा ने, शासकीय प्राथमिक शाला मानाबस्ती भाठापारा में स्थानीय जनपद सदस्य श्रीमती सुनीता लेखु बैस ने न्योता भेज दिया। इसी प्रकार विकासखण्ड आरंग से शासकीय प्राथमिक शाला एवं पूर्व शाला जरौद, कलई में श्री राघवेंद्र साहू ने अपने सुपुत्री कुमारी प्रेरणा साहू के जन्मदिवस पर स्कूली बच्चों को न्योता भोज के साथ बच्चों को पेन वितरण किया।

कांग्रेस शासन में पत्रकारों के साथ हुए अन्याय की जांच की मांग, सीएम को सौंपा ज्ञापन

रायपुर/नवप्रदेश। भाजपा प्रदेश मीडिया विभाग ने आज मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मुलाकात कर उन्हें पत्रकारों पर कांग्रेस के शासनकाल में हुए अन्याय की जांच करने के लिए पत्र सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने कहा छत्तीसगढ़ में कांग्रेस शासन काल में पिछले 5 वर्ष अभिव्यक्ति की आजादी की दृष्टि से भयावह रहे हैं। पत्रकारों की प्रताड़ना, महज समाचार प्रसारित/प्रकाशित करने के कारण उन पर लगाये जाते रहे झूठे मुकदमों आदि ने नागरिक के मौलिक अधिकार पर गंभीर कुठाराघात किया। अनेक ऐसे पत्रकार हैं जो नाहक मुकदमों आदि का सामना कर रहे हैं। अनेक के साथ अन्य तरह से उनके सम्मान को ठेस पहुंचाया गया है। कई ऐसे लोगों के साथ मारपीट हुई, बेवजह उन्हें जेल में ठूंसा गया। हर तरह से पत्रकारों की आवाज दबाने दमनकारी रवैया अपनाया गया। कथित पत्रकार सुरक्षा कानून की धज्जियां उड़ायी गयी। पत्र में कहा गया है कि ऐसे में अब इन्हें न्याय दिलाना अत्यावश्यक है। अतः आपसे निवेदन है कि ऐसे सभी मामलों की निष्पक्ष जांच करा कर पत्रकारों को न्याय दिलाने की कृपा करेंगे। प्रतिनिधिमंडल में भाजपा प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव, प्रदेश प्रवक्ता संदीप शर्मा, रसिक परमार भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित चिमनानी, सह प्रभारी अनुराग अग्रवाल शामिल रहे। इस अवसर पर विशेष रूप से मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार पंकज झा, आलोक सिंह माजूद रहे।

स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में ग्लोबल स्टार हॉस्पिटल ने रखा कदम

■ **समर्पित सेवा ही हमारा पहला लक्ष्य है : डॉ.जयवर्धन सिंह**

रायपुर/नवप्रदेश। स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में राजधानीवासियों को शीघ्र ही एक नये हॉस्पिटल ग्लोबल स्टार सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल की सौगात मिलने जा रही है। 8, मार्च शिवरात्रि को इस हॉस्पिटल का उद्घाटन बोरियाकला शंकराचार्य आश्रम के परम पूज्य ब्रम्हचारी डॉ. इन्दुभवानंद जी महाराज करेंगे। यह जानकारी हॉस्टिपल के संचालक डा. जयवर्धन सिंह और डा. प्रकाश अग्रवाल ने संयुक्त पत्रकारवार्ता में दी। डा. जयवर्धन सिंह ने बताया कि राजधानी में स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में काफी विस्तार हुआ है। इसी कड़ी में नेशनल हाईवे में शहर के मध्य स्थित ग्लोबल स्टार सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल का शुभारंभ दीनदयाल उपाध्याय नगर, रिंग रोड-1, डी मार्ट के पास होने जा रहा है। 150 बिस्तरों वाले इस सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल में एक अत्याधुनिक सुविधा युक्त ट्रॉमा सेंटर के रूप में सेवाएं देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

कृषि उत्पादक संगठन और सहकारी समितियों की कार्यशाला आयोजित

■ **शीड डीलरशिप एवं कीटनाशक का हुआ वितरण**

रायपुर/नवप्रदेश। कृषि उत्पादक संगठन एवं सहकारी समितियों का एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन कलेक्टोरेट परिसर स्थित रेडक्रॉस सभाकक्ष में हुआ। कार्यशाला में राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड द्वारा जिले में गठित 75 प्राथमिक कृषि सहकारी ऋण समिति (पैक्स) को शीड डीलरशिप प्रदाय किया गया। साथ ही हिन्दुस्तान इंसेक्टीसाइड लिमिटेड (एचआईएल) द्वारा 10 पैक्स एवं 3 एफपीओ को कीटनाशक की डीलरशिप दी गई।

कलेक्टर डॉ गौरव सिंह ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि कृषि उत्पादकता को बढ़ावा दिया जाएं। साथ ही ऑनलाइन बिक्री वाले उत्पाद के गुणवत्तापूर्ण होने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि उत्पाद के पैकेजिंग व प्रचार-प्रसार भी बेहतर ढ़ंग से किया जाए। उत्पादों का परिवहन समय-सीमा के भीतर ही सुनिश्चित की जाए। बेहतर मैनेजमेंट से ही नागरिकों में उत्पादक के प्रति विश्वास कायम होता है। कार्यशाला में ओपन नेटवर्क एवं डिजिटल कॉमर्स (ओएनडीसी) के बारे में कृषि उत्पादक संगठन व सहकारी समितियों को जानकारी दी गई। इसके नेटवर्क के बारे में भी विस्तार से बताया गया। कार्यशाला में नए कृषि उत्पादकों ने नेटवर्क मैनेजमेंट को बेहतर तरीके से समझा और अपनी शंका दूर किया। कार्यशाला में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री विश्वदीप तथा अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित थे।

सुविचार

खुशियां बहुत ही सस्ती है इस दुनिया के बाजार में लेकिन हम उसे महंगी दुकानों में ढूंढ़ते रह जाते हैं। - अज्ञात

संपादकीय

कश्मीर की बदलती तस्वीर

इस धरती की जन्नत कहे जाने वाले जम्मू कश्मीर की तस्वीर अब वाकई बदलने लगी है। पड़ौसी देश पाकिस्तान की शह पर इस जन्नत को जहन्नुम के रूप में तब्दील करने की कोशिशों पर अब लगभग विराम लग गया है। जम्मू कश्मीर विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है खासतौर पर जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 के खात्में के बाद से जम्मू कश्मीर के हालात तेजी से बदले हैं। यह अलग बात है कि अभी भी वहां मुट्ठी भर आतंकवादी अशांति फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन बहुत जल्द उनका भी सफाया होना तय है। 370 के खात्में के लगभग साढ़े चार साल बाद कश्मीर घाटी पहुंचे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वागत में जो जन सैलाब उमड़ा उसे देखकर अब यह बात दीवार पर लिखी इबारत की तरह साफ हो गई है कि जम्मू कश्मीर के बाशिंदे भी अब देश के साथ जुड़कर विकास के पथ पर आगे बढ़ना चाहते हैं। प्रधानमंत्री के रूप में नरेन्द्र मोदी का कश्मीर 370 हटने के बाद यह पहला दौरा है। वैसे तो पिछले 10 साल के दौरान नरेन्द्र मोदी 17 बार जम्मू कश्मीर का दौरा कर चुके हैं। 2014 में जब नरेन्द्र मोदी पहली बार प्रधानमंत्री बने थे। तब उन्होंने कश्मीर घाटी का पहली बार दौरा किया था। और वहां भारी बाढ़ के कारण हुए नुकसान का खुद अवलोकन किया था और जम्मू कश्मीर को 1 हजार करोड़ रुपए की आर्थिक मदद मुहैया कराई थी। इसके बाद से केन्द्र सरकार जम्मू कश्मीर के विकास के लिए हजारों करोड़ रुपए की योजनाएं क्रियान्वित कर चुकी हैं। एक माह पहले ही जम्मू कश्मीर के विकास के लिए लगभग 14 हजार करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस बार जम्मू कश्मीर को लगभग 5 हजार करोड़ रुपए की सौगात दी है। जिससे कश्मीर में पर्यटन उद्योग को और बढ़ावा मिलेगा। प्रधानमंत्री ने श्रीनगर में आयोजित विकसित भारत विकसित जम्मू कश्मीर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जम्मू कश्मीर के विकास के लिए विभिन्न योजनाओं की घोषणा की हैं। जाहिर है अब जम्मू कश्मीर विकास के पथ पर और तेजी से अग्रसर होगा। वहां के लोग भी अब यह बात समझ गए हैं कि 370 ही कश्मीर के विकास में सबसे बड़ी बाधा थी। जैसे ही यह बाधा दूर हुई जम्मू कश्मीर के चहुंमुखी विकास का मार्ग प्रशस्त हो गया। एक दशक पहले तक जिस कश्मीर घाटी में निर्दोष लोगों का लहू बहता था। वहां अब आतंकवादियों का सफाया होने लगा है। जम्मू कश्मीर में अलगाववाद की आग को हवा देने वाले गद्दारों की भी कमर तोड़ दी गई है। भारतीय सेना पर हमला करने वाला पत्थरबाज गैंग खत्म हो गया है। किसी भी प्रदेश या देश के विकास के लिए यह आवश्यक है कि वहां शांति कायम हो जम्मू कश्मीर में दहशत फैलाने वाले आतंकवादियों के खिलाफ भारतीय सेना और सुरक्षा बलों ने ऑपरेशन ऑल आउट चलाकर अधिकांश आतंकी संगठनों का सफाया कर दिया है। अभी भी जो गिनती के आतंकवादी कश्मीर घाटी में मौजूद हैं। उन्हें भी बहुत जल्द जहन्नुम रसीद कर दिया जाएगा। 370 के हटाने के बाद ही अब सही मायनों में कश्मीर से कन्याकुमारी तक भारत एक है का नारा सार्थक हो पाया है। 370 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपनी चुनावी भविष्यवाणी में भी स्थान दिया है। वे लगातार अपनी जनसभाओं में यही बात कहते हैं कि इस बार भाजपा को 370 सीटों पर जीत दिलानी हैं। यही बात उन्होंने कश्मीर में भी कही और वहां यह भी कहा कि कश्मीर में इंसानियत, जम्हूरियत और कश्मीरियत को कायम रखने के लिए उनकी सरकार कटिबद्ध है। प्रधानमंत्री के इस कश्मीर दौरे के बाद अब वहां के लोगों को यह उम्मीद बंधी है कि उनका जीवन स्तर अब तेजी से सुधरेगा और प्रगति के पथ पर जम्मू कश्मीर और तेजी के साथ आगे बढ़ेगा।

कृषक उन्नति योजना : स्वागते कदम

धान का कटोरा कहे जाने वाले छत्तीसगढ़ में कृषि की दिशा और कृषकों की दशा बदलने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार ने प्रदेश में कृषक उन्नति योजना लागू करने का जो निर्णय लिया है। वह स्वागते कदम है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशभर के अन्नदाताओं की आय बढ़ाने की जो गारंटी दी है। उसी के अनुरूप छत्तीसगढ़ सरकार ने यह नई योजना किसानों के हित में लागू करने का फैसला लिया है। इसके तहत खरीफ वर्ष 2023 धान खरीदी के आधार पर किसानों को प्रति एकड़ 19,257 रुपए के मान से आदान सहायता राशि उपलब्ध कराई जाएगी। इसके साथ ही कृषि की लागत कम करने के लिए भी प्रभावी कदम उठाए जाएंगे। निश्चित रूप से कृषक उन्नति योजना छत्तीसगढ़ के किसानों के लिए वरदान बनेगी। राज्य सरकार को चाहिए की वह छत्तीसगढ़ में रासायनिक खादों की जगह जैविक खादों के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए भी कारगर कदम उठाए। रासायनिक खादों का उपयोग महंगा पड़ता है और इसके ज्यादा उपयोग से कृषि भूमि की उर्वरक क्षमता भी कम होती है। इसलिए जैविक खादों को ज्यादा से ज्यादा उपयोग करना कृषि के लिए बेहतर है। क्योंकि इससे कृषि लागत कम होगी और किसानों को उनकी उपज का ज्यादा दाम भी मिलेगा।

चन्द्र शेखर गंगराडे
पूर्व प्रमुख सचिव छत्तीसगढ़

जहां एक ओर वे माता पार्वती की तपस्या से प्रसन्न हुए, वहीं उन्होंने रावण की तपस्या से प्रसन्न होकर उसे भी वरदान दिया. यहां तक कि वे इतने उदार और भोले हैं कि यदि अज्ञानतावश भी सच्चे भाव से, उनकी पूजा अर्चना की जाये तो भी वे प्रसन्न हो जाते हैं। चित्रभानु शिकारी की कथा से यह स्पष्ट भी हो जाता है कि जब अज्ञानतावश ही उसके द्वारा शिवरात्रि की रात को भगवान शिव की पूजा होती है तो अनजाने में ही की गई उस पूजा का भी उसे तत्काल फल मिला और उसका ह्दय परिवर्तित हो गया और उसे मोक्ष की प्राप्ति हुई और त्रेतायुग में निषादराज के रूप में भगवान राम की मित्रता का सुअवसर प्राप्त हुआ।

आस्था और विश्वास का महापर्व महाशिवरात्रि

ब्रम्हा, विष्णु और महेश भारतीय हिन्दू संस्कृति के मूल स्त्रोत हैं और ये तीनों देवता हिन्दू धर्म में सभी देवताओं में श्रेष्ठ और पूजनीय हैं। जहां ब्रम्हा जी को सृष्टि का रचयिता और विष्णु जी की सृष्टि का पालन पोषण करने वाले देवता के रूप में हम आराधना करते हैं वहीं महेश यानी शिव को सृष्टि का संहारक अथवा विनाशक माना जाता है। भारतीय हिन्दू पंचाग की गणना अनुसार प्रत्येक माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को शिवरात्रि होती है लेकिन फाल्गुन माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को महाशिवरात्रि के रूप में संपूर्ण भारतवर्ष में श्रद्धा, विश्वास, उल्लास और उमंग के साथ मनाया जाता है। महाशिवरात्रि के पर्व के आयोजन का एक प्रमुख कारण यह है कि माता पार्वती ने वर के रूप में भगवान शिव को प्राप्त करने के लिए कठोर तपस्या की थी और जब भगवान शिव ने माता पार्वती की तपस्या से प्रसन्न होकर, माता पार्वती के साथ विवाह करने के लिए सहमति दे दी थी, तब उनका विवाह फाल्गुन माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को ही हुआ था इसलिए इस दिन पड़ने वाली शिवरात्रि को महाशिवरात्रि के रूप में मनाया जाता है। लेकिन इसी तिथि को महाशिवरात्रि मनाये जाने के कुछ और कारण भी हैं. किवदंती है कि जब सतयुग का आरंभ हुआ और अमृत को प्राप्त करने के लिए समुद्र-मंथन किया गया तो उस समुद्र-मंथन से अमृत तो सबसे अंत में निकला लेकिन सबसे पहले विष निकला जिसे कालकूट या हलाहल भी कहा जाता है। कहते हैं कि उस विष की ज्वाला से देवताओं, राक्षसों, मनुष्यों समेत समस्त प्राणियों में और जगत में हाहाकार मच गया था. ऐसी स्थिति में उस विष को ग्रहण करने के लिए सभी देवताओं ने भगवान शिव से अनुरोध किया और भगवान शिव ने सृष्टि के कल?याण के लिए उस विष को अपने कंठ में धारण किया और उनका कंठ नीले रंग का हो गया इसलिए उन्हें नीलकंठ नाम से भी पुकारा जाता है और वह दिन, फाल्गुन माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि ही थी और भगवान शिव को जागृत अवस्था में बनाये रखने के लिये रात भर भजन कीर्तन किया गया इसलिए महा शिव रात्रि का महत्व और भी बढ़ जाता है.

फाल्गुन माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को उत्सव के रूप में मनाये जाने का एक कारण यह भी है की इस तिथि को पृथ्वी का उत?तरी गोलार्ध इस प्रकार स्थित होता है कि मनुष्य के अंदर की ऊर्जा स्वाभाविक तौर पर ऊपर की ओर जाती है, जो मनुष्य को उसके आध्यात्मिक शिखर तक ले जाने में सहायता करती है और इस ऊर्जा एवं समय का उपयोग करने के लिए भी यह उत्सव मनाया जाता है, जो पूरी रात चलता है, जिससे ऊर्जा के प्राकृतिक प्रवाह को, प्रवाहित होने का पर्याप्त अवसर मिलता है।

महाशिवरात्रि के उत्सव के पीछे एक और कारण यह भी है कि इसी तिथि की रात्रि को भगवान शिव धरती पर ज्योतिर्लिंग स्वरूप में प्रकट हुए थे। आज हम देखते हैं कि पूरे भारतवर्ष में भगवान शिव के बहुत मंदिर हैं और करोड़ो लोग उनकी आस्था, विश?वास और श्रद्धा से पूजा करते हैं. इसके पीछे कारण यह है कि जहां उन्हें सृष्टि के विनाशक के रूप में जाना जाता है, वहीं वे अपने भक्तों के बीच भोलेनाथ के रूप में भी पूजे जाते हैं. उनकी आराधना से वे भक्तों की मनोकामना शीघ्र पूर्ण करते हैं. जहां एक ओर वे माता पार्वती की तपस्या से प्रसन्न हुए, वहीं उन्होंने रावण की तपस्या से प्रसन्न होकर उसे भी वरदान दिया. यहां तक कि वे इतने उदार और भोले हैं कि यदि अज्ञानतावश भी सच्चे भाव से, उनकी पूजा अर्चना की जाये तो भी वे प्रसन्न हो जाते हैं। चित्रभानु शिकारी की कथा से यह स्पष्ट भी हो जाता है कि जब अज्ञानतावश ही उसके द्वारा शिवरात्रि की रात को भगवान शिव की पूजा होती है तो अनजाने में ही की गई उस पूजा का भी उसे तत्काल फल मिला और उसका ह्दय परिवर्तित हो गया और उसे मोक्ष की प्राप्ति हुई और त्रेतायुग में निषादराज के रूप में भगवान राम की मित्रता का सुअवसर प्राप्त हुआ।

महिलाओं को समानता का अधिकार मिलने पर ही दुनिया हो सकती है खुशहाल

चन्द्र शेखर गंगराडे

प्रत्येक वर्ष पूरी दुनिया में 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर विश्व की समस्त नारी शक्ति को बहुत बहुत बधाई और शुभकामनाएँ। आधिकारिक रूप से इसकी शुरूआत वर्ष 1921 में हुई लेकिन इसकी अनौपचारिक शुरूआत वर्ष 1909 में ही 28 फरवरी को न्यूयॉर्क में हो गई थी. वर्ष 1910 में इंटरनेशनल सोशलिस्ट कांग्रेस द्वारा महिला दिवस को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मनाने का निर्णय किया गया. 19 मार्च, 1911 को पहला अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस आयोजित किया गया बाद में 1921 में 19 मार्च के स्थान पर 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया जाने लगा. इसके साथ ही संयुक्त राष्ट्र की आम सभा द्वारा भी वर्ष 1975 से 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के रूप में मनाने की शुरूआत की गई।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के आयोजन एवं इसे मनाने का मुख्य उद्देश्य, महिलाओं के अधिकारों का संरक्षण,समाज में उनको समानता का अवसर देना तथा उनके प्रति सम्मान प्रकट करना है. एक पुरूष होने के नाते भी मुझे यहां यह कहने में कोई संकोच नहीं है कि न केवल विश्व में, अपितु भारत में भी महिलाओं की जनसंख्या लगभग आधी है लेकिन पूर्व में उन्हें पुरूषों के समक्ष, अधिकारों,समानता एवं सम्मान से वंचित रखा गया और यही कारण है कि महिलाओं को अपना अधिकार पाने के लिए आंदोलन करना पड़ा, तब जाकर उन्हें अनेक क्षेत्रों में उनके अधिकार प्राप्त हुए और समानता का अवसर भी मिला. हालांकि अभी-भी इस क्षेत्र में काफी कुछ किया जाना है। भारतीय प्राचीन संस्कृति में महिलाओं के महत्व का काफी उल्लेख मिलता है और हमारे वेदों में यहां तक उल्लेख किया गया है किह्राह्य अर्थात् जहां नारियों की पूजा होती है, वहां देवताओं का वास होता है।

सनातन धर्म में भी बुद्धि, लक्ष्मी और शक्ति की प्रतीक देवियां ही हैं. जिनकी हम आराधना कर उनसे बल, बुद्धि एवं ऐश्वर्य प्राप्ति की प्रार्थना करते हैं। समाज ने जैसे-जैसे महिलाओं की भागीदारी एवं उनकी महत?ता का अनुभव किया, राज्य सरकारों एवं केंद्र सरकार ने भी महिलाओं पर केंद्रित विभिन्न योजनाओं को लागू करना प्रारंभ किया जिससे महिलायें आर्थिक रूप से सुरक्षित रहें और जब महिलायें आर्थिक रूप से सुरक्षित एवं आत्मनिर्भर रहेंगी, तब उनका समाज में आदर एवं सम्मान भी रहेगा।

आज का इतिहास

1907 में आज ही के दिन ब्रिटिश हाउस ऑफकॉमन्स ने महिलाओं के मताधिकार से संबंधित विधेयक को ठुकरा दिया था। 1909 में 8 मार्च के दिन ही अमेरिकी सोशलिस्ट पार्टी ने पहली बार राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया था। 1910 में आज ही के दिन कोपनहेगेन में हुए महिलाओं के अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस तय करने का प्रस्ताव रखा था। 1911 में 8 मार्च के दिन ही यूरोप में पहली बार अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया था। 1930 में आज ही के दिन महात्मा गांधी ने सविनय अवज्ञा आंदोलन शुरू किया था। 1942 में 8 मार्च को ही द्वितीय विश्व शुद्ध के दौरान जापानी सेना ने वर्मा के रंगून पर कब्जा किया था। 1948 में आज ही के दिन एअर इंडिया इंटरनेशनल की स्थापना हुई थी। 2004 में 8 मार्च के दिन ही इराक के गवर्निंग काउंसिल द्वारा एक नए संविधान पर साइन किए गए थे। 2006 में आज ही के दिन रूस ने ईरान मामले पर अपना प्रस्ताव वापस लिया था। 2008 में 8 मार्च के दिन ही फिल्म फेयर ऑफ फुटपाथ ने काहिरा इंटरनेशनल फेस्टिवल फॉर चिल्ड्रेन में भारत का प्रतिनिधित्व किया था।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

लाइक लाइक के लिए

लाइक लाइक के लिए, क्यों हो तुम मुहताज । औरों को लाइक करो, बन जाये हर काज ।। बन जाये हर काज, भले कर लाइक झूठा । बने मधुर सम्बन्ध, रहे ना कोई रूठा ।। राहत है समझाय, बनो हर दिल के नाइक । भले हो प्रीति झूठ, करो तुम सबको लाइक ।।

सुभाष राहत बरेलवी

मुस्कुरा कर पास जाओ

मुस्कुरा कर पास जाओ तो ज़रा ग़ैर को अपना बनाओ तो ज़रा रात-दिन आँसू बहाना छोड़ कर हौसला अपना बढ़ाओ तो ज़रा माँगते रहते हो बस अधिकार ही फ़र्ज़ भी अपना निभाओ तो ज़रा कौन सा है काम जो होता नहीं काम में तुम मन लगाओ तो ज़रा तोड़ सकते हो सितारे तुम 'अजय' इक क़दम आगे बढाओ तो ज़रा।

अजय अज्ञात

खास पाती

मुझे पसंद हैं वे स्त्रियाँ

मुझे पसंद हैं वे स्त्रियाँ जो करती हैं हमेशा कुछ नया लीक से हटकर अपना रास्ता बनाना इतना भी आसान नहीं होता....रिसता है बूँद बूँद रक्त कलाइयों के कट जाने से, अनुबंधों के कटने से प्रणय का कोई विलोपन नहीं होता... पुरुष हैं वासना के कीड़े ऐसा उन्हीं स्त्रियों ने कहा जिनके लिये नग्नता का क्षेत्रफल घटाना आसान नहीं होता.. काटना कीड़ों की फितरत है, पर कीड़ा उनकी पसन्द का ही काटे इसे खुलेआम स्वीकारने को उन स्त्रियों में हिम्मत ही नहीं होता प्रतीक्षाओं का नैवेद्य ले नयन उपवासे रहते हैं स्मृतियों के तेरस का कोई उद्यापन ही नहीं होता कुछ जलकुंभी सी स्मृतियाँ विस्तारित रहती मन सरोवर में, क्षितिज अपने आलिंगन में सूरज को देर तक नहीं रख पाता.. ईश्वर के दुर्लभ अश्रु जो खिले कपास के फूल बनकर, सुख में बुने वस्त्रों का दान करना मनुष्य के लिये आसान नहीं होता... **रश्मि सुमन**

रश्मिरथी पर सवार तमस को चीर

रश्मिरथी पर सवार तमस को चीर कोई आता है।
स्वर्णिम जीवनमय ऊर्जा नव तन-मन में भर जाता है।
प्रेरक ये नव चेतन जग का, है नव लक्ष्य का साक्षी।
अरुण उदित अनुपम आभा से अमिट उल्लास लाता है॥

डॉ प्रतिभा गर्ग

वो पत्थरों को निचोड़कर सूप बनाता है,

वो पत्थरों को निचोड़कर सूप बनाता है, वाकई बेवकूफ़ भी क्या खूब बनाता है। भूखों को दिखाता है दावतों के सपने, फिर रोज़े के फ़ायदे भी खूब गिनाता है।

ललित मानिकपुरी

जो पत्थर सदियों से केवल कठोरता

जो पत्थर सदियों से केवल कठोरता का पर्याय रहा है चिरकाल से जिसे बंजर माना गया है उसके गर्भ से अंकुरित एक सुन्दर पुष्प प्रमाण है धरती के ममत्व का.... यह प्रमाण है की स्नेह के पुष्प कहीं भी उग सकते हैं आवश्यकता है ह्रदय में थोड़ी सी नमी बनी रहे और थोड़ी सी धूप अपने हिस्से की मिलती रहे फिर खिल आते हैं नव सुमन यह प्रमाणित करने कि बंज़र पत्थरों में भी प्रेम के फूल आ सकते हैं एक समय के बाद....धैर्य के साथ.. **माया देवांगन**

पता नहीं जल हूँ या जल की धार हूँ

पता नहीं जल हूँ या जल की धार हूँ कुंद खड़ग हूँ या तेज तलवार हूँ समय हूँ या समय की मार हूँ तैरती नैया हूँ या विकट मँझधार हूँ कोई स्पर्श से जानता है कोई वार से पहचानता है कोई पीड़ा में ढूँढ लेता है कोई हिचकोलों में देख हँस रहा है कुछ पता नहीं है मुझे कि मैं क्या हूँ ? बस इतना सा जानता हूँ ज़िंदा आदमी हूँ और एक संसार हूँ

-रामकिशोर उपाध्याय

सपनों की दुनियां इच्छाओं की दुनियां हैं।

सपनों की दुनियां इच्छाओं की दुनियां हैं। जिनके पास सपने नही वे कुछ नही कर सकते। सपने हमारा लक्ष्य तय करते है यही हमारे गुरू होते है। जिस व्यक्ति में गहरी संवेदना और सघन भावावृति होती है उसके सपने सच होते है। जिनके पास सपने नही होते वह उस पठार की तरह है जिस पर घास नही उगती। मेरा आत्मविश्वास ही मेरी ऊर्जा। आँख खुलते ही मैं उस अदृश्य शक्ति का स्मरण करती हूं।

हेमा पांडेय

प्रेरक प्रसंग

पेट है, कब्रिस्तान नहीं

जार्ज बर्नार्ड शा ब्रिटेन के प्रसिद्ध साहित्यकार ही नहीं, माने हुए शाकाहारी भी थे। एक बार उन्हें एक भोज में सम्मिलित होने का निमंत्रण मिला। उस भोज में शाकाहारियों के खाने के लिए कोई चीज नहीं थी। एक सलाद ही ऐसा था, जिसे खाया जा सकता था।

भोज शुरू हुआ। सब लोग भोजन करने लगे। शा बेचारे पहले तो चुपचाप बैठे रहे। फिर सलाद ही खाने लगे। यह देखकर उनके पास बैठे हुए एक सज्जन बोले- 'मिस्टर शा! इतनी स्वादिष्ट चीजों के होते हुए भी आप यह क्या खा रहे हैं?

इस पर शा ने बड़ी सादगी से उत्तर दिया- मेरा पेट कब्रिस्तान नहीं है, महोदय! इसमें केवल साग-सब्जियों के लिए जगह है, मुर्दों के लिए नहीं।

QUIZ TIME

1) किसको शक्तिशाली नोबलों के एक समूह चिहालगनी के विनाश का श्रेय दिया गया था?

2) किसने 1982 से 2002 तक लगभग 20 वर्षों तक नई दिल्ली के आकाशवाणी समाचार सेवा प्रभाग के उर्दू एकांश में अपनी सेवाएं दीं?

3) नए संसद भवन के उद्घाटन पर कितने रुपये का सिक्का जारी किया गया है?

4) चंद्रयान-3 के लिए प्रमुख इंजन का क्या नाम है?

5) दुनिया के सबसे छोटे बंदर का नाम क्या है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) बलबन (2) अशरफआबिदी (3) 75 रूपये (4) सीई-20 क्रायोजेनिक इंजन (5) पिग्मी मार्मोसेट

आज का पंचांग

सूर्योदय : 06:48, सूर्यास्त : 06:28, चन्द्रोदय : 29:16, चन्द्रास्त : 14:51, अयन : उत्तरायणे (दक्षिणगोलीय), ऋतु : वसंत, शक सम्वत : 1945 (शोभकृत), विक्रम सम्वत : 2080 (पिंगल), मास : फाल्गुन, पक्ष : कृष्ण, तिथि : त्रयोदशी, नक्षत्र : श्रवण, योग : परिघ, प्रथम करण : कौलव (14:50 तक), द्वितीय करण : तैतिल (25:19 तक)

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : कुम्भ, चंद्र : मकर, मंगल : मकर (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : मीन (अस्त, पूर्व, मार्गी) गुरु : मेष (उदित, पश्चिम, मार्गी), शुक्र : कुम्भ (उदित, पश्चिम, मार्गी), शनि : कुम्भ (अस्त, पश्चिम, मार्गी), राहु : मीन, केतु : कन्या

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त : 12:04 से 12:51, अमृत काल : 07:08 से 08:37, विजय मुहूर्त : 14:25 से 15:12, गोधूलि मुहूर्त : 18:17 से 18:42, सायाह्न सन्ध्या : 18:20 से 19:33, निशिता मुहूर्त : 24:03 से 24:52, राहुकाल : 12:00 से 13:30, राहुवास : दक्षिण, यमगण्ड : 06:36 से 08:04, होमाहुति : राहु (13:03 तक), दिशाशूल : दक्षिण, अग्निवास : आकाश, चन्द्रवास : दक्षिण, शिववास : नन्दी पर (25:19 से भोजन में)।

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य
वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर
देवव्रत गुरुजी

मेषः आज के दिन परिस्थितियां पहले से बेहतर बनेगी। आज आप किसी भी हालत में समझौता करने के पक्ष ने नही रहेंगे चाहे नुकसान ही क्यो ना हो।

वृषः आज के दिन आपमे धार्मिक भावनाए जागृत होंगी पूजा पाठ के लिए समय तो निकालेंगे लेकिन मन टोन टोटको पर ज्यादा विश्वाश करेगा।

मिथुनः आज भी आपका हठीला स्वभाव बनते कार्यो में विलंब करेगा लोग आपसे व्यवहार तो करेंगे लेकिन केवल स्वार्थ पूर्ति के लिए ही अंदर से आदर का भाव नही रहेगा।

कर्कः आज का दिन पिछले दिनो की अपेक्षा बेहतर रहेगा सेहत में सुधार अनुभव करेंगे।

सिंहः आज का दिन पहले की तुलना में सुधार वाला रहेगा लेकिन आज धन की प्राप्ति केवल जोखिम लेकर ही हो सकेगी।

कन्याः आज के दिन आप पिछली गलतियों से सीख लेकर ही सभी क्षेत्र पर व्यवहार करेंगे इससे मान सम्मान में वृद्धि के साथ ही नुकसान में भी कमी आएगी।

तुलाः आज के दिन भी शांति से बिताने की आवश्यकता है आज आप स्थित को भांप कर ही व्यवहार करेंगे परन्तु सामने वाला आपकी परिस्थिति का खयाल नही करेगा।

वृश्चिकः आज के दिन आप सुनेंगे सबकी लेकिन करेंगे अपने ही मन की फिर भी आज व्यवसाय से आकस्मिक लाभ होने पर स्थिति बिगड़ने नही पाएगी।

धनुः आज के दिन से आप काफी आशाएं लगा कर रहेंगे परन्तु एक समय मे अधिक कार्य करने पर मतिभ्रम का शिकार बनेंगे।

मकरः आज के दिन आपका मन काल्पनिक दुनिया की सैर करेगा मन मे खयाली पुलाव पकाएंगे लेकिन कर्म करने में लचीले रहेंगे।

कुंभः आज के दिन परिस्थितियां उलझन में डालने वाली बन रही है।

मीनः आज का दिन बीते कल की तुलना में बेहतर रहेगा।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य -356

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. संबंध, लगाव, नाता, काम 2. सिसकने की आवाज, सीत्कार 4. आग की ज्वाला, दहक 5. दियासलाई 7. प्रतिकार, प्रतिशोध 8. बाबुल की दुआएं लेती जा... गीतवाली बलराज साहनी, मनोजकुमार, राजकुमार, वहीदा की फिल्म 11. करतल ध्वनि 13. आपसी व्यवहार का संबंध, वास्ता 15. वचन, जीभ 16. रोगियों को स्वस्थ और मृतकों को जीवित कर देने वाला 17. एक सुंदर फूलदार वृक्ष 19. पत्नी, बीवी 20. मसालेदार सुगंधित सुरती।

ऊपर से नीचे

1. उचित, उपयुक्त, जायज 2. किवाड़ को अंदर से बंद करने लगा छड़, चटखनी 3. मांस के अत्यंत छोटे टुकड़े 4. माथा, मस्तक 6. कटोरी के आकार का नलीदार पात्र जिसमें तंबाकू रखकर पीते हैं 9. रेखा 10. खून से लथपथ 11. छिपकर बुरी नजर से ताकने की क्रिया, रह रहकर ताकने की क्रिया 12. व्यापार, धंधा 13. श्रृंगार करना, साजन 14. श्रवणइंद्रीय 16. सीमा, हद 18. चमड़ा, चाम 19. बोझ, दबाव।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 355 का हल

मै	दा	न		स	र	ग	म	
त्री		सी			क्षा		धु	र्रा
	सा	ह	स				र	
स्वा	ग	त		स	म	झौ	ता	
व	र			र				म
लं		वि	ला	स			दा	म
बी	न		ज		सा	मा	न	ता
	ज		वा	हि	या	त		
त	र	की	ब		ना		खा	ली

टाइगर रिजर्व में आधे रह गए तेंदुए

उदंती सीता नदी टाइगर रिजर्व में 70 और इंद्रावती टाइगर रिजर्व में 95 फीसदी तेंदुए कम

बिलासपुर/नवप्रदेश। लेपर्ड ऐस्टीमेशन 2022 रिपोर्ट के अनुसार छत्तीसगढ़ के टाइगर रिज़र्व में तेन्दुओ की संख्या में हुई अप्रत्याशित कमी को लेकर रायपुर के वन्यजीव प्रेमी नितिन सिंघवी ने मुख्यमंत्री को पत्र लिख कर इसे आपात स्थिति मानते हुए कार्यवाही की मांग की है। राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण ने प्रदेश में अनुमान (एस्टीमेट) आधारित रिपोर्ट जारी की है परन्तु टाइगर रिज़र्व में कैमरा आधारित गणना और अनुमान लगाया जाता है, जिसके अनुसार छत्तीसगढ़ के तीनों टाइगर रिजर्व में 2018 की तुलना में 55 प्रतिशत तेंदुओं की संख्या कम हुई है। 2018 में तीनों टाइगर रिज़र्व में 240 तेंदुए थे जो कि 2022 में 107 बचे (55 प्रतिशत कम हुए)। चार वर्षो में जो संख्या शावकों के बड़ा होने से बढ़नी थी उनका अनुमान लगाया जाये तो संख्या में ज्यादा कमी हुई है।

टाइगर रिज़र्व में तेन्दुओं की दुर्दशा

उदंती सीता नदी टाइगर रिजर्व में कैमरा आधारित गणना और अनुमान के अनुसार 2018 में 95 तेंदुए पाए गए और 2022 में 28 पाए गए, इस प्रकार 67 तेंदुए कम हुए, जो की 2018 की तुलना में 70 प्रतिशत की कमी बताते हैं। अचानकमार टाइगर रिज़र्व में कैमरा आधारित गणना और अनुमान के अनुसार 2018 में 87 तेंदुए पाए गए और वर्ष 2022 में 76 पाए गए, इस प्रकार 11 तेंदुए कम हुए जो की 2018 की तुलना में 13 प्रतिशत की कमी बताते हैं। इंद्रावती टाइगर रिजर्व में कैमरा नहीं लगाया गया। पर अनुमान के अनुसार 2018 में 58 तेंदुए थे और 2022 में 3 तेंदुए बचे। 55 तेंदुओं की कमी पाई गई, जो की 2018 की तुलना में 95 प्रतिशत कमी बताती है। 2022 की रिपोर्ट के अनुसार इंद्रावती टाइगर रिजर्व में सैंपलिंग के दौरान एक भी लेपर्ड का प्रमाण नहीं मिला।

बाघ भी 22 प्रतिशत कम

पत्र में बताया गया है कि कैमरा आधारित टाइगर ऐस्टीमेशन के अनुसार 2018 में तीनों टाइगर रिजर्व में 9 बाघ थे (अचानकमार टाइगर रिज़र्व में 5, उदंती सीता नदी टाइगर रिज़र्व में 1, इन्द्रावती टाइगर रिज़र्व में 3) 2022 की रिपोर्ट में तीनों टाइगर रिज़र्व में इनकी संख्या घट के 7 हो गई (अचानकमार टाइगर रिज़र्व में 5, उदंती सीता नदी टाइगर रिज़र्व में 1, इन्द्रावती टाइगर रिज़र्व में 1) जो कि 22 प्रतिशत कमी बताती है।

टाइगर रिजर्व प्रबंधन की रिपोर्ट

राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण की मैनेजमेंट इफेक्टिवेनेस इवैल्यूएशन ऑफ़ टाइगर रिजर्व इन इंडिया 2022 रिपोर्ट के अनुसार मैनेजमेंट के संबंध में देश के 51 टाइगर रिजर्व में से इंद्रावती टाइगर रिजर्व नीचे पायदान पर 50 वें स्थान पर, उदंती सीता नदी टाइगर रिजर्व 48 वें स्थान पर और अचानक अचानकमार रिजर्व 39 वें स्थान पर रहा। पत्र में लिखा गया है कि छत्तीसगढ़ में टाइगर रिज़र्व में तेन्दुओं की संख्या में अचानक हुई कमी का मुख्य कारण वन विभाग की उदासीनता और शिकार है। उदंती सीता नदी टाइगर रिजर्व, कांकेर दक्षिण छत्तीसगढ़ शिकार का हॉट स्पॉट बना हुआ है। जंगलों में मांसाहारी जानवरों के लिए शाकाहारी जानवर नहीं बचे हैं। इसके कारण तेंदुए जंगलों से निकलकर बाहर की तरफ आते हैं जहां पर इनका शिकार हो जाता है, मानव-तेंदुआ द्वन्द भी बढ़ जाता है। धमतरी के डीएफओ ने जिले में तेंदुआ रहवास क्षेत्र में शाकाहारी वन्य जीवों का प्रे बेस बनाने की लिए जू से वहां पर हिरण भेजने की मांग की थी जो कि मुख्यालय में बैठे अधिकारियों ने अनसुनी कर दी गई। पत्र में मांग की गई है कि छत्तीसगढ़ वन विभाग को इन दोनों आईकॉनिक वन्यजीवों और अन्य वन्यजीवों को बचाने के लिए आपात स्थिति घोषित कर संरक्षण करने के लिए उचित निर्देश दिया जावे जिसके तहत शिकार रोकने के लिए स्पेशल स्कॉर्ड, कोर्ट की कार्यवाहियों के लिए वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम के विशेषज्ञों की भरती, पेट्रोलिंग के लिए स्निफ़र डॉग्स की भरती, फील्ड से मुख्यालय तक वन्यजीवों में रूचि रखने वाले अधिकारियों की पदस्थापना इत्यादि कदम शामिल किये जा सकते हैं।

स्वास्थ्य विभाग में 60 पदों के लिए आवेदन 20 तक

बिलासपुर/नवप्रदेश। स्वास्थ्य विभाग द्वारा 60 पदों पर संविदा भरती के लिए आवेदन मंगाये गये है। इच्छुक आवेदक निर्धारित प्रपत्र में अपने आवेदन 20 मार्च को शाम 5 बजे तक कार्यालय, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को रजिस्टर्ड डाक अथवा स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेज सकते है। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय के सूचना पटल एवं जिले की वेबसाइट www.bilaspur.gov.in का अवलोकन किया जा सकता है। इच्छुक आवेदक एनएएम, फॉर्मासिस्ट, लेबोरेटरी टेक्निशियन, ओटी टेक्निशियन, फिजियोथेरिपस्ट, क्लीनिर, ऑडियोलॉजिस्ट एंड स्पीच थेरेपिस्ट, आया बाई, स्टॉफ नर्स, लैब अटेनडेंट, हाउस कीपिंग, रेडियोग्राफर, एक्सरे टेक्निशियन, जूनियर सेक्रेटरियल असिस्टेंट जैसे विभिन्न पदों के लिए आवेदन कर सकते है।

महाशिवरात्रि आज, शिवालियों में रहेगी श्रद्धालुओं के भीड़

बिलासपुर/नवप्रदेश। महाशिवरात्रि का पर्व 8 मार्च को मनाई जाएगी। भगवान भोलेनाथ की उपासना पूजा अर्चना, मंदिर व शिवालियों में महाभिषेक किया जाएगा। देवों के देव महादेव के उपासना का पर्व महाशिवरात्रि शुक्रवार को हर वर्ष यह पर्व फाल्गुन मास की कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को मनाया जाता है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार महाशिवरात्रि तिथि के दिन भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह हुआ था। आध्यात्मिक पथ पर चलने वाले भक्तों के लिए यह व्रत बहुत महत्वपूर्ण है। इस बार महाशिवरात्रि पर्व त्रयोदशी व चतुर्दशी तिथि का सहयोग है। पहली बार महाशिवरात्रि का व्रत करने जा रहे हैं तो यह संयोग बेहद कल्याणकारी रहेगा। इस योग में आप चतुर्दशी का व्रत भी आरंभ कर सकते हैं। ऐसा करने से भगवान शिव की असीम कृपा प्राप्त होती है। नंदीश्वर शिव मंदिर में महादेव का रुद्राभिषेक किया जाएगा नंदीश्वर सार्वजनिक शिव मंदिर समिति की ओर से नूतन चौक सरकंडा के पास हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी 8 मार्च दिन शुक्रवार को महाशिवरात्रि पर महारुद्राभिषेक भोग भंडारा का आयोजन किया जाएगा। महारुद्राभिषेक ब्रह्म मुहूर्त में सुबह 3 बजे 6 बजे तक होगा। वही भोग भंडारा सुबह 9 बजे से अनवरत जारी रहेगी।

लो वोल्टेज की समस्या से मिलेगी निजात-धर्मजीत सिंह

बिलासपुर/नवप्रदेश। गनियारी में निर्मित पॉवर ट्रांसफार्मर के लोकार्पण के बाद गनियारी सहित आसपास के 17 गावों में लो वोल्टेज की समस्या से ग्रामीणों को निजात मिलेगी। ग्रामीणों को खेती किसानी में ट्यूब वेल चलाने में भी अब दिक्कत का सामना नहीं करना पड़ेगा,पॉवर ट्रांसफार्मर के लोकार्पण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक धर्मजीत सिंह ने फीता काटकर लोकार्पण किया। उन्होंने बताया कि मुंगेली, पेंड्रा, बिलासपुर डिविजन में बंटे होने की वजह से विद्युत प्रवाह में दिक्कत होती है। लिहाजा तखतपुर में भी अलग से डिविजन बनाने को लेकर प्रस्ताव दिया जाएगा। इसके अलावा कुछ नए सब स्टेशन जल्द ही बनेंगे जिसका शिलान्यास उसलापुर और पोड़ी में होगा। फिलहाल लोकार्पण कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण, विद्युत विभाग के आला अधिकारी स्थानीय जनप्रतिनिधि, उपस्थित थे।

तीन निकाय तखतपुर, बेमेतरा व सरगांव में कार्यवाहक अध्यक्ष नियुक्त

बिलासपुर/नवप्रदेश। राज्य शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने तीन नगरीय निकायों में अध्यक्ष के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव पारित होने के बाद कार्यवाहक अध्यक्ष नियुक्त किया है। विभाग द्वारा मंत्रालय से जारी अलग-अलग आदेश के अनुसार बिलासपुर जिले के तखतपुर नगर पालिका के वार्ड क्रमांक-13 की पार्षद अमरीका कृष्ण कुमार साहू को तखतपुर नगर पालिका का कार्यवाहक अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। राज्य शासन द्वारा बेमेतरा जिले के मारो नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक-15 के पार्षद धनलाल देशलहरे को मारो नगर पंचायत का और मुंगेली जिले के सरगांव नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक-5 के पार्षद परमानंद साहू को सरगांव नगर पंचायत का कार्यवाहक अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। राज्य शासन ने तीनों नगरीय निकायों में वर्तमान अध्यक्षों के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव पारित होने के बाद अध्यक्ष के रिक्त पदों की जानकारी देते हुए नए अध्यक्षों के निर्वाचन के लिए आवश्यक कार्यवाही हेतु छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग को पत्र लिखा है।

बहतराई स्कूल में लायंस क्लब ने किया पौधरोपण, स्कूली सामग्री वितरित

बिलासपुर/नवप्रदेश। बच्चों को जूते नास्ता वितरण एवं वृक्षारोपण किया लायंस क्लब बिलासपुर द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बहतराई विकासखंड बिल्हा अटल आवास के सामने ग्रामीण एरिया मे बालक बालिकाओं को 90 पेयर शूश एवम नास्ता टाफिया प्रदान की गया। साथ ही नारियल के 12 पैड विथ इट बाउंड्री. वृक्षारोपण किया गयालायंस क्लब बिलासपुर मानव सेवा को समर्पित है जो विगत 60 वर्षो से- लायन मनजीत अरोरा, अध्यक्ष उमेश मुरारका, प्रिंसिपल स्मिता चिपड़े, शिक्षा अधिकारी संदीप किशन बुधिया, डॉ. राजकुमार क्षेत्रपाल, बृजमोहन अग्रवाल, ला.रमेश अग्रवाल, ला. अनिल सलूजा, ला. गुरमीत सिंह गंभीर, नरेश लिख्मनिया, ला. दौलत खत्री, शिव अग्रवाल, ला. अरविंद दीक्षित, असितपाल जुनेजा, नरेश भंडारी, डॉ. अरुण शुक्ला इत्यादि सदस्य सहसंचालक।

केंद्रीय विश्वविद्यालय अंतरराराष्ट्रीय स्तर पर अकादमिक शोध में निभा रहा भागीदारी

कुलपति प्रो. चक्रवाल ने राज्यपाल से की मुलाकात

बिलासपुर/नवप्रदेश। गुरू घासीदास विश्वविद्यालय (केन्द्रीय विश्वविद्यालय) के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार चक्रवाल ने छत्तीसगढ़ के राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन से रायपुर स्थित राज भवन में सौजन्य भेंट की। सौजन्य भेंट के अवसर पर कुलपति प्रोफेसर चक्रवाल ने राज्यपाल का पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मान किया।

कुलपति प्रोफेसर चक्रवाल ने 18-19 जनवरी को आयोजित भारतीय विश्वविद्यालय संघ (एआईयू) मध्य क्षेत्र कुलपति समागम के उद्घाटन समारोह में पधारने हेतु राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन का आभार जताते हुए दो दिवसीय समागम के विषय में विस्तार से जानकारी प्रदान की। कुलपति प्रोफेसर चक्रवाल ने कहा कि गुरु घासीदास विश्वविद्यालय शोध, अनुसंधान एवं नवाचार के साथ ही अधोसंरचना विकास के क्षेत्र में निरंतर राष्ट्रीय एवं अंतरराराष्ट्रीय मानचित्र पर परिलक्षित हो रहा है। केन्द्रीय विश्वविद्यालय अंतरराराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित उच्च शिक्षण संस्थानों के साथ अकादमिक, शोध, नवाचार, स्टार्ट-अप एवं शैक्षणिक विकास के प्रादर्शों के क्षेत्र में एक-दूसरे के साथ भागीदारी सुनिश्चित कर रहा है। कुलपति प्रोफेसर चक्रवाल ने बताया कि वर्ष 2023 में 200 छात्रों को पोषणयुक्त भोजन प्रदान करने से प्रारंभ हुई गुरु घासीदास विश्वविद्यालय स्वाभिमान थाली (जीएसटी) योजना अब 1000 अध्ययनरत विद्यार्थियों को भोजन उपलब्ध करा रही है। आने वाले होली के त्योहार को दृष्टिगत रखते हुए विद्यार्थियों द्वारा फूल-पत्तों से तैयार किये जाने वाले हर्बल गुलाल का उत्पादन किया जा रहा है। स्वावलंबी छत्तीसगढ़ योजना के अंतर्गत मशरूम उत्पादन तथा ब्रेड के साथ ही विभिन्न प्रकार के औषधीय गुणों से युक्त च्यवनप्राश, त्रिफला, शहद आदि का प्रायोगिक स्तर पर निर्माण किया जा रहा है। राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने गुरु घासीदास केन्द्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार चक्रवाल के कुशल नेतृत्व में चल रहे विकास कार्यों पर संतोष व्यक्त करते हुए उम्मीद जताई कि आने वाले वर्षों में विश्वविद्यालय नये प्रतिमान स्थापित करेगा। कुलपति प्रो. चक्रवाल के आग्रह पर राज्यपाल ने केन्द्रीय विश्वविद्यालय के समग्र विकास हेतु निरंतर मार्गदर्शन एवं सहयोग का आश्वासन प्रदान किया।

सिम्स में दवाइयों और सुविधाओं की कमी पर हाईकोर्ट ने लगाई फटकार

बिलासपुर/नवप्रदेश। सिम्स में फैली अव्यवस्था और दवाओं की कमी मामले की हाईकोर्ट में चीफ जस्टिस रमेश कुमार सिन्हा और जस्टिस रवींद्र कुमार अग्रवाल की डिवीजन बेंच में सुनवाई हुई। कोर्ट ने जिला प्रशासन को मामले की मानिटरिंग करने कहा है। सुनवाई के दौरान सिम्स के डीन केके सहारे की ओर से दवाओं की खरीदी बिक्री से लेकर राज्य शासन से इसके लिए मिली राशि के संबंध में शपथ पत्र पेश किया गया। डीन की ओर से कहा गया कि इसकी समीक्षा और जानकारी ली जा रही है कि व्यवस्था कैसे ठीक की जाए। पूरे मामले में प्रशासन के साथ ही सिम्स सब कुछ ठीक करने में लगा है। हाईकोर्ट ने मामले की सुनवाई तीन सप्त ाह बाद लगी है। साथ ही कोर्ट ने जिला प्रशासन और सिम्स प्रबंधन से प्रोग्रेस रिपोर्ट मांगी है।

कोर्ट ने सुनवाई के दौरान कहा कि आम लोगों की सहूलियत के लिए अव्यवस्थाओं पर भी ध्यान देना जरूरी है और व्यवस्था सुधरनी चाहिए। जो खामियां मिली है उसे दूर भी करना होगा। सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने पूछा कि सिम्स और जिला अस्पताल में दवाइयों की कमी है। सीजीएमसी दवाइयां नहीं दे रहा है। आखिर ऐसा क्यों हो रहा है, यह सब क्या है। कोर्ट ने कहा कि राज्य सरकार स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर फंड दे रही है, जिसके बाद भी इस तरह की स्थिति क्यों है। दवाइयां सप्लाई नहीं करने पर डिवीजन बेंच ने सीजीएमसी के मैनेजिंग डायरेक्टर को शपथ पत्र के साथ जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे। बुधवार को इसे पेश किया गया। ज्ञात हो कि सिम्स में दवाइयों की खरीदी नहीं होने और मरीजों को हो रही परेशानी के मामले में हाईकोर्ट में डीन ने शपथपत्र सहित जवाब मांगा था। दरअसल सीजीएमएससी ने दवा सप्लाई नहीं की तो तकरीबन 70 लाख रुपए का दवा लोकल पर्चेसिंग के माध्यम से सिम्स ने उधार में खरीद ली।

अपराध रोकने में भाजपा सरकार नाकाम-शैलेष

बिलासपुर/नवप्रदेश। कांग्रेस के पूर्व विधायक शैलेश पांडेय ने नगर में आए दिन हो रहे अपराध की घटनाओं को लेकर बीजेपी सरकार पर आरोप लगा तंज कस बयान जारी कर कहा है कि अपराध रोकने में बीजेपी सरकार नाकाम साबित हो रही है। मीडिया रिपोर्ट्स को आधार बनाकर पूर्व नगर पूर्व विधायक और कांग्रेस नेता शैलेश पांडेय ने कुछ ही देर पहले एक बयान जारी कर आरोप लगाया है कि बिलासपुर में चोरी और चाकूबाज़ी रोकने में बीजेपी सरकार नाकाम साबित हो रही है और अपराधियों में पुलिस की दहशत नहीं है। बिलासपुर में लगभग हर दो दिन में चाकूबाज़ी की घटना हो रही है और ज़िले के नेता सुशासन बाबू विधानसभा चुनाव के पूर्व से जनता में बड़ी बड़ी ढींगे मार रहे थे कि पंद्रह दिनो में सब ठीक कर दूँगा। बिलासपुर के लॉ एंड ऑर्डर बिगड़ता जा रहा है। नेता जी पहले भी बिलासपुर की जनता को अरपा को लन्दन की टेम्स नदी बनाने जैसे झूठे वादे कर चुके है लेकिन किया कुछ नही। हाल ही में बिलासपुर के एक व्यवसायी का दिन में ग्यारह लाख रुपये चोरी हो गए। श्री पांडेय ने अपनी विपक्ष की भूमिका की आवाज बुलंद करते हुए कहा कि मोदी की गारंटी में लॉ एंड ऑर्डर नहीं था।

तीन पर धोखाधड़ी का आरोप दो को छोड़ा, आईजी से शिकायत

बिलासपुर/नवप्रदेश। शहर के किसानपारा चांटीडीह निवासी विधवा महिला से धोखाधड़ी कर लाखों की रकम हड़प लेने वाले आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज नहीं करने की शिकायत पुलिस महानिरीक्षक से शिकायत की है।

कमला पाण्डेय बेवा स्व. लखन पाण्डेय ने पुलिस महानिरीक्षक से मिलकर बताया कि 11 फरवरी को थाना सरकंडा में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी जिसमें पंकज पराशर दुबे, हरिशंकर व अन्य व्यक्ति जिसे वह चेहरे से पहचानती है, तीनों ने धोखाधड़ी कर लाखों की रकम हड़प ली। इाकह एफआईआर सरकंडा थाना में दर्ज कराई गई थी, जिसमें पंकज पराशर दुबे चांटीड़ीह निवासी पर ही भा.द.सं.1860 की धारा 420 के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया, जबकि हरिशंकर साहू और एक अन्य व्यक्ति के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई। एफआईआर में केवल पंकज पराशर दुबे को ही आरोपी बनाया गया, जबकि इस मामले में तीनों व्यक्ति शामिल हैं। महिला ने पुलिस माहानिरीक्षक से सभी के खिलाफ अपराध दर्ज कार्रवाई की मांग की है।

कल्याणपुर समपार मरम्मत कार्य के लिए कल बंद

बिलासपुर/नवप्रदेश। रेलवे प्रशासन द्वारा दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के अंतर्गत लटिया-जयरामनगर स्टेशन के मध्य किमी. 695/5-7 पर स्थित मानव सहित समपार संख्या 355 (कल्याणपुर फाटक) को 9 मार्च (शनिवार) सुबह 9 बजे से रात्रि 9 तक आवश्यक मरम्मत कार्य हेतु सड़क यातायात के लिए बंद करने का निर्णय लिया गया है। उक्त समपार पर मरम्मत कार्य के दौरान यातायात के लिए वैकल्पिक व्यवस्था पास में ही निचली सड़क पुल(ऋक्क) जूठी से उपलब्ध है। रेल प्रशासन आम जनता को होने वाली असुविधा के लिए खेद प्रकट करता है एवं सहयोग की आशा करता है।

उपलब्धि गत वर्ष रायल्टी के रूप में एसईसीएल ने छतीसगढ़ को 2,900 करोड़ दिए थे इस वर्ष एक माह पूर्व ही की बराबरी

राज्य शासन को एसईसीएल से मिलेगा इस वितीय वर्ष रिकार्ड राजस्व

बिलासपुर/नवप्रदेश। चालू वितीय वर्ष 2023-24 में एसईसीएल ने अपने संचालन के राज्यों मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ को गत वर्ष में प्रदत्त राजस्व में बढ़ोत्तरी का अनुमान है। कम्पनी ने एक माह पूर्व ही गत वर्ष के प्रदत्त राजस्व की बराबरी कर ली है। वितीय वर्ष 2022-23 में करों के रूप में इन दोनों राज्यों मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ को 14,450 करोड़ रूपये जमा कराया गया था, वहीं इस वर्ष फरवरी माह के अंत तक यह आंकड़ा 14,400 तक पहुँच चुका है। गत वर्ष रायल्टी के रूप में एसईसीएल ने छत्तीसगढ़ शासन को लगभग 2,900 करोड़ रूपये उपलब्ध कराया था, वहीं मध्यप्रदेश राज्य को उपलब्ध कराई गई राशि 337 करोड़ रूपये रही थी। मध्यप्रदेश को प्रदत्त रायल्टी गत वर्ष से अधिक हो चुकी है। डिस्ट्रिक्ट मिनरल फंड (डीएमएफ) में एसईसीएल ने गत वर्ष 900 करोड़ रूपये जमा कराया था, इस वर्ष यह राशि उससे अधिक रहने की उम्मीद है। इस वित्तीय वर्ष एसईसीएल 7,000 करोड़ रूपये से अधिक का जीएसटी (सीजीएसटी/आईजीएसटी/ स्टेट कम्पनसेशन सेस सहित) जमा करेगी, जिसमें अकेले छत्तीसगढ़ राज्य को 6,500 करोड़ रूपये से अधिक प्राप्त होने की प्रत्याशा है। एसईसीएल के वित्त विभाग से दवारा प्रस्तुत अनआडिटेड अंतरिम आंकड़ों में गत वर्ष की तुलना में संचालन राज्यों को दिए जाने वाले राजस्व में इस वर्ष वृद्धि दर्ज किये जाने का अनुमान किया गया है, वहीं फरवरी माह में मध्यप्रदेश राज्य को प्राप्त रायल्टी गत वर्ष की कुल रायल्टी से अधिक पहुँच गयी है। समग्र रूप से इस वर्ष एसईसीएल गत वर्ष की तुलना में 10 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान कर रही है। एसईसीएल दवारा प्रदत्त राजस्व देश के सर्वांगीण विकास तथा विकसित भारत के लक्ष्य को मजबूती प्रदान

एसईसीएल में विभिन्न हितधारकों के साथ बस संक्रमण विषय पर कार्यशाला

एसईसीएल के इंदिरा विहार स्थित मानव संसाधन विकास संस्थान में बस संक्रमण विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें सीएमडी डॉ. प्रेम सागर मिश्रा द्वारा मुख्य अभिभाषण दिया गया। कार्यशाला का आयोजन आईआईटी कानपुर के बस संक्रमण शोध केंद्र के सहयोग से किया गया। अपने अभिभाषण में सीएमडी डॉ. प्रेम सागर मिश्रा ने कोयला उद्योग में बस संक्रमण के महत्व को सबके सामने रखते हुए इस दिशा में कंपनी द्वारा उठाए जा रहे कदमों एवं आगे की योजना के बारे में चर्चा की। कार्यशाला में एसईसीएल मुख्यालय से विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, अधिकारी-कर्मचारी, श्रमसंघ प्रतिनिधि एवं अन्य हितधारकों ने भाग लिया।

पुराना रेस्ट हाउस दंतेवाड़ा की ऐतिहासिक धरोहर, इसे तोड़ना दुर्भाग्यपूर्ण : देवती कर्मा

■ **पुराने रेस्ट हाउस पहुंची, तोड़फोड़ को लेकर जताई नागजगी**

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। नगर के हृदय स्थल में स्थित पुराने रेस्ट हाउस को तोड़ा जा रहा है पर इसका आगे उपयोग किस कार्य के लिए होगा इसकी जानकारी प्रशासन के किसी अधिकारी के पास नहीं है। आज पूर्व विधायक देवती महेंद्र कर्मा इस कार्य पर अपना विरोध जताने पुराने रेस्ट हाउस पहुँची। देवती कर्मा ने कहा कि पुराना रेस्ट हाउस दंतेवाड़ा जिले की एक ऐतिहासिक धरोहर है। बेवजह इसे तोड़ाफोड़ा जा रहा है। यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। अंग्रेजों के शासन काल में बने हुए इस रेस्ट हाउस में कई ऐसे कार्य हुए हैं जो अब देखने को नहीं मिलते। पूर्व विधायक देवती कर्मा ने कहा कि पुराने रेस्ट को तोड़कर इसे विधायक निवास बनाने की तैयारी की जा रही है। पर निर्माण एजेंसी कौन है और इस निर्माण की टेंडर प्रक्रिया कब हुई यह जानकारी किसी विभाग के पास नहीं है। जिले में वीआईपी मुवमेंट के दौरान उनके ठहरने के लिए अब सर्किट हाउस छोड़कर कोई जगह नहीं बची। उन्होंने कहा कि ठेकेदार को जब तक विभाग द्वारा वर्कऑर्डर नहीं मिलता तब तक वह कार्य शुरू नहीं करता लेकिन यहां उल्टी गंगा बह रही है। विभाग का पता नहीं और कार्य जोरों से चल रहा है।

कई बड़े नेता इस रेस्ट हाउस में रुक चुके हैं। साथ ही स्व. महेंद्र कर्मा अक्सर यहां अपने क्षेत्र की जनता से मिलते थे।

जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री विमल सलाम ने कहा कि विधायक चैतराम को अपनी सुरक्षा की इतनी चिंता है तो उन्हें कारली पुलिस लाइन में रहना चाहिए। पूर्व विधायक देवती कर्मा को जेड प्लस की सुरक्षा प्राप्त है पर उन्हें कोने में घर दिया गया और वर्तमान विधायक के लिए दंतेवाड़ा की धरोहर कहे जाने वाले रेस्ट हाउस को ही तोड़ दिया गया। उन्होंने कहा कि पुराने रेस्ट हाउस तोड़े जाने से लोगों में नाराजगी है। अभी भाजपा की सरकार बने सिर्फ तीन महीने हुए हैं। और उसकी कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। रेस्ट हाउस में लगी कीमती लकड़ियां चोरी हो गई हैं। अगर समय रहते कार्य बंद नहीं किया गया तो जल्द ही इसके विरोध में धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

■ न्यूज गैलरी

कलेक्टर ने जिला कोषालय का किया निरीक्षण

कांकेर/नवप्रदेश। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने गुरुवार 7 मार्च को जिला कोषालय के स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया तथा स्ट्रांग रूम में रखे हुए जनरल स्टाम्प, नोटरी, रेवेन्यू एवं बहुमूल्य वस्तुओं का भौतिक सत्यापन किया। इस अवसर पर सहायक कलेक्टर प्रखर चन्द्राकर एवं जिला कोषालय अधिकारी रामानंद कुंजाम सहित कोषालय के स्टाफ मौजूद थे। गौरतलब है कि कलेक्टर द्वारा वर्ष में दो बार जिला कोषालय का निरीक्षण किया जाता है। इसी कड़ी में कलेक्टर सिंह द्वारा जिला कोषालय का निरीक्षण किया गया।

वनाधिकार प्रकरणों के निराकरण के लिए विशेष ग्रामसभा कल

कांकेर/नवप्रदेश। समाधान शिविर में प्राप्त नवीन वनाधिकार के प्रकरणों के निराकरण हेतु अनुसूचित जनजाति और अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) के तहत् आवश्यक कार्यवाही किए जाने ग्रामों में 9 मार्च को विशेष ग्रामसभा का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर अभिजीत सिंह द्वारा सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देशित किया है कि विशेष ग्रामसभा का आयोजन सुनिश्चित कर अपने स्तर से पीठासीन अधिकारी नियुक्त कर व्यापक प्रचार-प्रसार करें। साथ ही विशेष ग्राम सभा सम्पन्न होने के उपरांत निर्धारित प्रपत्र में प्रतिवेदन सहायक आयुक्त (आदिवासी विकास शाखा) को 11 मार्च तक उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।

योग और खेल प्रशिक्षक भर्ती, पात्र-अपात्र की सूची जारी

कांकेर/नवप्रदेश। जिले में संचालित 9 पीएमश्री विद्यालयों में अंशकालीन योग शिक्षक एवं खेल प्रशिक्षक को 3 माह के लिए 10 हजार रुपए मानदेय से नियुक्ति किया जाना है। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि उक्त भर्ती के लिए इच्छुक उम्मीदवारों से फार्म मंगाए गए थे, जिसका समिति द्वारा जांच उपरांत पात्र-अपात्र की सूची जारी की गई है। दावा-आपत्ति 12 मार्च तक निर्धारित प्रपत्र में जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा जिला पंचायत के कक्ष क्रमांक-26 में जमा कर सकते हैं। विस्तृत जानकारी के लिए जिले की वेबसाईट kanker.gov.in का अवलोकन कर सकते हैं

महिलाओं ने वर्चुअली जुड़कर पीएम को सुना

कोंडागांव/नवप्रदेश। शाासन की विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं से देश की मातृशक्ति को अवगत कराने शक्ति वंदन अभियान के तहत देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को पूरे देश की महिलाओं को सम्बोधित किया। महिलाओं की सुरक्षा, सुविधा और सशक्तिकरण हेतु चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना, उज्ज्वला गैस कनेक्शन योजना, हर घर नल योजना के संबंध में विस्तारपूर्वक बताया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को वर्चुअल माध्यम से सुनाने के लिए जिले में 8 स्थानों में शक्ति वंदन अभियान अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया था।

महिलाओं के आर्थिक स्वावलंबन में मददगार होगी महतारी वंदन योजना

■ **अंतिम सूची में नाम आने पर महिलाओं ने जताई खुशी**

कांकेर/नवप्रदेश। राज्य सरकार द्वारा महिलाओं के आर्थिक स्वावलंबन के लिए लागू की गई महतारी वंदन योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों की अंतिम सूची जारी कर दी गई है। जल्द ही हितग्राहियों के खाते में डीबीटी के माध्यम से राशि का अंतरण कर दिया जाएगा। कांकेर जिले की महिलाओं ने भी अंतिम सूची में नाम आने के बाद अपनी खुशी जाहिर की है और प्रदेश सरकार को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

जिले के कांकेर विकासखंड के अंतर्गत ग्राम धनेलीकन्हार की महिलाएं श्रीमती चमेली तारम, श्रीमती ललिता नायक और श्रीमती जानकी रावटे ने बताया कि महतारी वंदन योजना के तहत सभी ने आवेदन किया था और अंतिम पात्रता सूची में सभी का नाम आया है। महिलाओं ने बताया कि हमारा परिवार आजीविका के लिए खेती-किसानी पर निर्भर है, अब योजना से मिलने वाले राशि का उपयोग अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए करेंगी। श्रीमती चमेली तारम और जानकी रावटे ने बताया कि महतारी वंदन योजना की राशि मिलने पर परिवार की छोटी-छोटी जरूरतों को पूरा करने में मदद मिलेगी और परिवार का आर्थिक बोझ भी कम होगा।

श्रीमती ललिता नायक ने कहा कि योजना के तहत राशि मिलने पर अपने बच्चे के पढ़ाई-लिखाई में खर्च करेगी। इसी तरह गांव की ही जय माँ गायत्री स्व सहायता समूह में 10 महिलाएं जुड़ी हुई हैं और समूह की चार महिलाएं मिलकर अपने परिवार के जीविकोपार्जन के लिए साप्ताहिक बाजार में छोटा सा अस्थायी दुकान लगाती हैं।

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर एसडीएम ने सेक्टर अधिकारी और पुलिस अधिकारियों की ली बैठक

भानुप्रतापपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कांकेर के निर्देशानुसार आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिकोण से गुरुवार 7 मार्च को भानुप्रतापपुर के एसडीएम और सहायक रिटर्निंग आफिसर सुश्री आस्था राजपूत ने भानुप्रतापपुर विधानसभा के सभी सेक्टर अधिकारी एवं सेक्टर पुलिस अधिकारियों की बैठक जनपद सभा कक्ष भानुप्रतापपुर में ली। बैठक को संबोधित करते हुए सहायक रिटर्निंग आफिसर ने कहा कि सभी अपने अपने सेक्टर के मतदान केद्रों का निरीक्षण कर लें और मतदान केंद्रों में आवश्यक सुविधाओं की जानकारी एएमएफ के निर्धारित प्रपत्र में आज जमा करें। सेक्टर अधिकारी और सेक्टर पुलिस अधिकारी दोनों साथ में अपने मतदान केंद्रों में जाएंगे और एएमएफ के साथ साथ मतदान दिवस के रूट चार्ट, कम्यूनेशन प्लान, वर्नलेबल मतदान केंद्रों का चिन्हांकन एवं मैपिंग साथ में सेक्टर अधिकारी का निर्धारित रिपोर्ट फार्म वी एम 2एवं 3 भी भरकर जमा करेंगे। आज के प्रशिक्षण में सहायक रिटर्निंग आफिसर ने निर्वाचन कार्यक्रम प्रारंभ होने के पहले पूर्व तैयारी कर लें एवं निर्वाचन के दौरान मतदान दलों की रवानगी से लेकर मतदान दिवस एवं मतदान दलों को सकुशल संग्रहण वितरण केंद्रों तक पहुंचाने के बारे में आयोग के दिशा निर्देशों से अवगत कराया। इसके साथ ही मतदान दिवस के मतदान केंद्रों के पहुंच मार्गो का भी अवलोकन कर लगने वाले आवश्यक वाहनों की मांग बनाने का भी निर्देश दिए। इसी तरह प्रत्येक मतदान केंद में मोबाइल कनेक्टीविटी उपलब्ध है या नहीं इसकी भी जांच किया जाना है। यदि किसी मतदान केंद्र में मोबाइल कनेक्टीविटी नहीं है तो मतदान दिवस को ऐसे चिन्हांकित मतदान केंद्रों में रनर की नियुक्ति की जाएगी। बैठक में एसडीएम भानुप्रतापपुर सुश्री आस्था राजपूत,निर्वाचन प्रभारी अशोक ठाकुर के साथ साथ सभी सेक्टर अधिकारी एवं सेक्टर पुलिस अधिकारी उपस्थित थे।

व्याख्याता पुष्पांजलि ठाकुर को राज्य अलंकरण सम्मान

कांकेर/नवप्रदेश। भारतीय दलित जननी साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ राज्य शाखा धमतरी के तत्वावधान में संत कवि गुरु रविदास जयंती के अवसर पर गोंडवाना भवन धमतरी में प्रादेशिक सम्यक प्रबोधन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में दिग्विजय कॉलेज राजनंदगांव के प्राचार्य डॉ. के. एल. टांडेकर मुख्य अतिथि सहित अध्यक्षता कर रहे राष्ट्रपति से पुरस्कृत शिक्षक संजय कुमार मैथिल, विशिष्ट अतिथि डॉक्टर जगन्नाथ बघेल ,वीरेंद्र कुमार साहू , महासंरक्षक सुशीला देवी वाल्मीकि बंजारे ज्वाला आदि मौजूद थे। प्रतिभा सम्मान समारोह में शासकीय स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय पटौदी में मूल पदस्थ एवं शा.उ.मा.विद्यालय मुरडोंगरी में अटैच व्याख्याता पुष्पांजलि ठाकुर को राज्य अलंकरण सम्मान ÷संत गुरु घासीदास ज्ञान श्रीअवार्ड- 2024÷ से सम्मानित किया गया। पुष्पांजलि ठाकुर को यह विशिष्ट सम्मान शिक्षा के क्षेत्र, सांस्कृतिक व साहित्यिक गतिविधियां गणित एवं विज्ञान में नवाचार खेलकूद पर्यावरण संरक्षण महिला सशक्तिकरण आदिम जनजातीय संस्कृति का संरक्षण एवं प्रचार,समाज सेवा आदि के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रदान किया गया। इनकी इस उपलब्धि पर परिवार, मित्रगण एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल मुरडोंगरी के समस्त स्टाफ ने शुभकामनाएं दी।

गांव की महिलाएं स्व सहायता समूह से जुड़कर आर्थिक रूप से हो रहीं सशक्त : आशा नेताम

कांकेर/नवप्रदेश। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत महिला स्व सहायता समूह सशक्तिकरण के उद्देश्य से शक्ति वंदन अभियान कार्यक्रम का आयोजन जिले के विभिन्न गांव में हुआ। इसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संबोधन का लाइव प्रसारण किया गया। इसके तहत जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन कांकेर विकासखंड के ग्राम धनेलीकन्हार में हुआ। इसके मुख्यअतिथि कांकेर विधायक आशाराम नेताम, विशिष्ट अतिथि के रूप में मंडल अध्यक्ष कोदागांव सरपंच पंचूराम नायक शामिल हुए।

विधायक नेताम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने लखपति दीदी जैसी कई योजनाएं शुरू की है। साथ ही मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा महतारी वंदन योजना लागू की गई है। आज गांव की रही हैं और अपने परिवार के साथ गांव के विकास में भी योगदान दे रही हैं।

महिलाएं स्व सहायता समूह से जुड़कर आर्थिक रूप से सशक्त हो

न्यायालय नजूल अधिकारी कांकेर, उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. 202402140400044

अ-6/2023-24

उद्घोषणा

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक हर्षद संचेती पिता नरेश संचेती निवासी म.नं. 5/70 आमापारा वार्ड कांकेर तह. कांकेर जिला उत्तर बस्तर कांकेर के द्वारा मोहल्ला आमापारा कांकेर में स्थित शीट नं. 12 ए, प्लाट नं. 14/5 क्षेत्रफल 320.5 वर्गमीटर पक्का मकान वार्षिक भू भाटक 105.30 रु. पांचुलाल संचेती पि. फौजमल नि. कांकेर नजूल अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि को दानदाता पांचूलार संचेती पिता स्व. फौजमल संचेती से प्राप्त कर दानग्रहिता हर्षद संचेती पिता नरेश संचेती के पक्ष में उप पंजीयक कार्यालय कांकेर में दिनांक 07.08.2023 को पंजीयन कराने का उल्लेख करते हुए दानदाता का नाम विलोपित कर दानग्रहिता अपना नाम दर्ज करने इस न्यायालय में भू राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः इस संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय आदि को कोई उजर दावा आपत्ति हो तो इस न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के साथ प्रकरण में सुनवाई दिनांक 14.03.2024 तक उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त नियत दिनांक के पश्चात दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 26/02/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया है।

सील — नजूल अधिकारी, उत्तर बस्तर कांकेर

न्यायालय नजूल अधिकारी मुंगेली (छत्तीसगढ़)

ईश्तहार

क्रमांक क/वा/नजूल/2024

मुंगेली दिनांक 21.02.2024

श्री विजय कुमार त्रिवेदी पिता स्व. श्री सियाशरण निवासी मोहल्ला आजाद मार्ग मुंगेली, तहसील मुंगेली, जिला मुंगेली (छ.ग.) ...... आवेदक

बनाम

छ.ग. शासन .... अनावेदक

इस सूचना के माध्यम से आम जनता को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय में आवेदक श्री विजय कुमार त्रिवेदी पिता स्व. श्री सियाशरण निवासी मोहल्ला आजाद मार्ग मुंगेली तहसील व जिला मुंगेली (छ.ग.) द्वारा नगर मुंगेली के मोहल्ला बड़े बाजार मुंगेली स्थित नजूल भूमि शीट नंबर 39 सी, प्लाट नं.24, क्षेत्रफल 143 व.मी. नजूल भूमि का नजूल कर नवीनीकरण की अवधि दिनांक 31.03.2020 को समाप्त हो जाने के कारण पुनः नवीनीकरण किए जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त संबंध में प्रकरण विचाराधीन है। किसी व्यक्ति, संस्था या उपरोक्त भूमि पर हक रखने वलों को किसी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो वे दिनांक 20.03.2024 को दिन के 02.00 बजे इस न्यायालय में स्वतः अथवा अपने मुख्त्यार/ अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना लिखित दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त किसी प्रकार की दावा आपत्ति पर विचार करना संभव नहीं होगा।

आज दिनांक 21.02.2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

सील — नजूल अधिकारी, मुंगेली (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार सुकमा जिला-सुकमा (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. 202403190500011

विषय- अ-20(1) सन 2023-24

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं नगर पालिका परिषद सुकमा के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक शेख अनवर पिता श्री शेख कादर उम्र 35 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 02/सम्राट नगर, नगर सुकमा तहसील सुकमा जिला सुकमा (छ.ग.) के द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया है कि उनके द्वारा वार्ड क्र. 02 नगर सुकमा अंतर्गत नजूल मद की शासकीय भूमि खसरा नं. 475/1 में से 18 मीटर लंबाई एवं 08 मीटर चौड़ाई शासकीय भूमि में वर्ष 2000-01 अतिक्रमिण कर पक्का मकान बाड़ी निर्माण किया गया है एवं निवासरत है। आवेदक द्वारा अतिक्रमित शासकीय नजूल भूमि का व्यवस्थापन हेतु निवेदन किया गया है।

आवेदक के अभ्यावेदन पर हल्का पटवारी से प्रतिवेदन प्राप्त किया गया। हल्का पटवारी प.ह.नं. 13/सुकमा ने प्रतिवेदन प्रस्तुत कर प्रतिवेदन किया है कि शेख अनवर पिता श्री शेख कादर उम्र 35 वर्ष के द्वारा नगर सुकमा, पटवारी हल्का 13/ सुकमा तहसील सुकमा स्थित नजूल मद की शासकीय भूमि खसरा नं. 475/1 रकबा 0.357 हेक्टे. में से रकबा 0.012 हेक्टे./120 वर्गमीटर (8x15 मीटर) भूमि पर अतिक्रमण कर मकान- बाड़ी निर्माण कर काबिज है। प्रश्नाधीन भूमि पर अतिक्रमण कर मकान-बाड़ी बनाकर निवास करने के कारण व्यवस्थापन हेतु मौके का स्थल निरीक्षण कर हल्का पटवारी द्वारा प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया।

आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र इस न्यायालय में विचाराधीन है। तत्संबंध में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था को आपत्ति हो तो वह अपना दावा-आपत्ति स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 26/032024 तक प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 07/03/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा सील से जारी।

सील — तहसीलदार, सुकमा, जिला-सुकमा

कोंडागांव जिला की मितानिन मानदेय भुगतान को लेकर 4 दिवसीय धरने पर

कोंडागांव/नवप्रदेश। जिले में कार्यरत 2337 मितानिन और 110 मितानिन प्रशिक्षक कार्यरत हैं। इन मितानिनों को अगस्त माह से केंद्र और राज्य अंश की प्रोत्साहन राशि नहीं दी गई है। इसके अलावा कई अन्य मांगे को लेकर अब मितानिन आंदोलन का मन बना लिए हैं। इसी आंदोलन को मजबूती देने के लिए कोंडागांव के वन विभाग डिपो मैदान में बैठक का आयोजन कर 7 मार्च से धरने पर जाने का निर्णय लिया था। इसके तहत गुरुवार 7 मार्च को चौपाटी मैदान में अपनी मांगों को लेकर धरने पर बैठ गें हैं। कोंडागांव जिला के विकासखंड विश्रामपुरी में 413, माकड़ी में 398, केशकाल में 429, फरसगांव में 435 और विकास खंड कोंडागांव में 662 मितानिन कार्यरत हैं। इसी तरह पूरे जिला में 110 मास्टर ट्रेनर हैं। इन सभी को शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं को जमीनी स्तर पर अमली जामा पहनाने के चलते प्रोत्साहन राशि दी जाती है। मितानिनों को केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार दोनों ही अलग-अलग स्तर पर प्रोत्साहन राशि देती है, जो की अगस्त माह से अब तक जारी नहीं किया गया है। जिला मितानिन संघ के जिला अध्यक्ष पीलाराम पांडने बताया कि ट्रेनरों भुगतान लगभग 76 हजार रुपए बकाया है तो वैसे ही जिले सभी मितानिनों का लगभग 32 हजार रुपए का भुगतान शासन के माध्यम से अब तक नहीं किया गया है। इसी तरह पूर्व सरकार ने भी उनके लिए कई घोषणाएं की थी। घोषणाओं को भी पूरा नहीं किया जा रहा है। इन सभी मांगों को लेकर वे 7 मार्च से चार दिवसीय कोंडागांव नगर के चौपाटी मैदान पर धरने पर बैठ गई हैं। यदि सरकार मांगों को पूरा नहीं करती है तो आंदोलन को और भी विराट रूप दिया जाएगा।

प्रथम पृष्ठ का शेष

चुनावी बॉन्ड : एसबीआई के...

आरोप लगाया है।

न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच सदस्यीय संविधान पीठ ने 15 फरवरी को अपने फैसले में राजनीतिक दलों को चंदा देने की इस योजना (चुनावी बॉन्ड) को अपारदर्शी और असंवैधानिक करार देते हुए इसे रद्द कर दिया था।

संविधान पीठ ने अपने फैसले में चुनावी बॉन्ड प्राप्त करने वाले राजनीतिक दलों समेत अन्य संबंधित सभी विवरण (एसबीआई बॉन्ड से संबंधित) छह मार्च 2024 तक चुनाव आयोग को सौंपने का निर्देश एसबीआई को दिया था।

सीईसी की पहली ...

राजधानी रायपुर की सीट में मजबूत पार्टी प्रत्याशी चाहते हैं। क्योंकि अब तक बृजमोहन अग्रवाल के खिलाफदक्षिण से, तो कभी परिसीमन के बाद भी मजबूत प्रत्याशी कांग्रेस नहीं दे पाई है।

टिकिट वितरण में सिंहदेव ...

नेता को उतारा जाये यह भी दोनों ही नेता तय करेंगे। चंद सीटों में ही विशेषाधिकार का प्रयोग होगा जिसकी संभावना फ़िलहाल काम ही है।

पीएम मोदी कल करेंगे ...

श्रेणियों में डेढ़ लाख से अधिक नामांकन प्राप्त हुए थे। ऑनलाइन मतदान के माध्यम से विभिन्न पुरस्कार श्रेणियों में डिजिटल रचनाकारों के लिए लगभग 10 लाख वोट डाले गए। इसके बाद तीन अंतरराष्ट्रीय रचनाकारों सहित 23 विजेताओं का फैसला किया गया।

भाजपा की डबल इंजन ...

के खिलाफहुए अत्याचार के बाद उनके परिवारों को न्याय के लिए तरसाया गया। इस भयंकर अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाइए, वरना आज नहीं तो कल इस अत्याचार की आग आप तक भी पहुंचेगी।

प्रियंका वाड्रा ने कहा कानपुर में गैंगरेप से पीड़ित दो नाबालिग बच्चियों ने आत्महत्या कर ली। अब उन बच्चियों के पिता ने भी आत्महत्या कर ली है। आरोप है कि पीड़ित परिवार पर समझौता करने का दबाव बनाया जा रहा था।

ईडी के समन की अनदेखी ...

सामने पेश होने के लिए कहा था। आप नेता ने सभी समन को 'अवैध' बताते हुए नजरअंदाज कर दिया और कहा कि वह प्रवर्तन निदेशालय के समक्ष केवल तभी पेश होंगे जब अदालत ऐसा करने का आदेश देगी।

इस बीच सीएम केजरीवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार पर ईडी का इस्तेमाल कर विपक्षी नेताओं को परेशान कर उन्हें भाजपा में शामिल होने के लिए मजबूर करने का आरोप लगाया।

वाह री संतान.. पिता को मरा...

बेटा दे रहा धमकी

हरिश्चंद यादव ने कहा कि मैंने सारी संपत्ति अपनी पत्नी के नाम पर खरीदी है। 2023 में पत्नी की मृत्यु हो गई। अब साजिश के तहत बेटों ने सारी संपत्ति अपने नाम कर ली है। पिता ने कहा कागजों में मुझे मरा हुआ दिखाया गया है। मुझे इंसाफ चाहिए। मेरा बेटा मुझे जान से मारने की धमकी दे रहा है।

कश्मीर में गूंजा.. मोदी ...

6400 करोड़ के समग्र कृषि विकास कार्यक्रम की दी सौगात

इस दौरान देश को 6400 करोड़ के समग्र कृषि विकास कार्यक्रम की सौगात दी ,साथ ही पर्यटन के क्षेत्र से जुड़ी कई परियोजनाओं का शुभारंभ किया। ये परियोजनाएं स्वदेश दर्शन और प्रसाद योजना के तहत शुरू की गई, जिनमें श्रीनगर के 'हज़रतबल तीर्थ के एकीकृत विकास' की परियोजना भी शामिल है। प्रधानमंत्री ने यहां बख्शी स्टेडियम में एक जनसभा के दौरान इन सौगातों की घोषणा की।

प्रधानमंत्री ने 'देखो अपना देश पीपल्स चॉइस टूरिस्ट डेस्टिनेशन पॉल' और 'चलो इंडिया ग्लोबल डायस्पोरा अभियान' भी लॉन्च किया और चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी) योजना के तहत चयनित पर्यटन स्थलों की घोषणा की।

इस दौरान पीएम मोदी ने जम्मू-कश्मीर के लगभग 1000 नए सरकारी कर्मचारियों को नियुक्ति आदेश भी वितरित किए। उन्होंने विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों के साथ बातचीत की, जिनमें उपलब्धि हासिल करने वाली महिलाएं, लखपति दीदियां, किसान और उद्यमी आदि शामिल रहीं।

न्यायालय तहसीलदार सुकमा जिला-सुकमा (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. 202403190500015

विषय अ-20(1) सन 2023-24

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण नगर पालिका परिषद सुकमा के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक शेख गुलाम पिता श्री शेख कादर उम्र 40 वर्ष निवासी वार्ड क्र. 02/ सम्राट नगर नगर सुकमा तहसील सुकमा जिला सुकमा (छ.ग.) के द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया है कि उनके द्वारा वार्ड क्र. 02 नगर सुकमा अंतर्गत नजूल मद की शासकीय भूमि खसरा नं. 475/1 में से शासकीय भूमि में वर्ष 2000-01 के पूर्व से अतिक्रमिण कर पक्का मकान-बाड़ी निर्माण किया है एवं निवासरत है। आवेदक द्वारा अतिक्रमिक शासकीय नजूल भूमि का व्यवस्थापन हेतु निवेदन किया गया है।

आवेदक के अभ्यावेदन पर हल्का पटवारी से प्रतिवेदन प्राप्त किया गया। हल्का पटवारी प.ह.नं. 13/सुकमा ने प्रतिवेदन प्रस्तुत कर प्रतिवेदन किया है कि शेख गुलाम पिता श्री शेख कादर उम्र 40 वर्ष के द्वारा नगर सुकमा पटवारी हल्का 13/सुकमा तहसील सुकमा स्थित नजूल मद की शासकीय भूमि खसरा नं. 475/1 रकबा 0.357 हेक्टे. में से रकबा 0.0124 हेक्टे./124 वर्गमीटर (8.30X15 मीटर) भूमि पर अतिक्रमण कर मकान-बाड़ी निर्माण कर काबिज है। प्रश्नाधीन भूमि पर अतिक्रमण कर मकान-बाड़ी बनाकर निवासी करने के कारण व्यवस्थापन हेतु मौके का स्थल निरीक्षण कर हल्का पटवारी द्वारा प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया।

आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र इस न्यायालय में विचाराधीन है। तत्संबंध में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था को आपत्ति हो तो वह अपना दावा आपत्ति स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 26/03/2024 तक प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 07/03/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा सील से जारी।

सील — तहसीलदार, सुकमा, जिला-सुकमा

न्यायालय तहसीलदार सुकमा, जिला-सुकमा (छ.ग.)

रा.प्र.क्र.- 202403190500013

विषय- अ-20(1), वर्ष-2023-24

// ईश्तहार //

एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं नगर पालिका परिषद सुकमा के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक शेख अब्दुल अजीज पिता शेख ईमाम, उम्र-47वर्ष, निवासी वार्ड क्रमांक-01/सुभाषचन्द्र बोस वार्ड, नगर सुकमा, तहसील सुकमा, जिला सुकमा (छ.ग.) के द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया है कि उनके द्वारा वार्ड क्रमांक-01/सुभाषचन्द्र बोस वार्ड, नगर सुकमा अंतर्गत नजूल मद की शासकीय भूमि खसरा नं. 653/1 में से शासकीय भूमि में 25वर्षो से अतिक्रमिण कर पक्का मकान-बाड़ी निर्माण किया गया है एवं निवासरत है। आवेदक द्वारा अतिक्रमित शासकीय नजूल भूमि का व्यवस्थापन हेतु निवेदन किया गया है।

आवेदक के अभ्यावेदन पर हल्का पटवारी से प्रतिवेदन प्राप्त किया गया। हल्का पटवारी, प.ह.नं. 13/ सुकमा ने प्रतिवेदन प्रस्तुत कर प्रतिवेदन किया है कि शेख अनवर पिता श्री शेख गुलाम, उम्र-40वर्ष, के द्वारा नगर सुकमा, पटवारी हल्का-13/सुकमा तहसील सुकमा स्थित नजूल मद की शासकीय भूमि खसरा नं. 653/1 रकबा 0.837 हेक्टे. में से रकबा 0.0342 हेक्टे./ 342 वर्गमीटर (19X18 मीटर) भूमि पर अतिक्रमण कर, मकान-बाड़ी निर्माण कर काबिज है। प्रश्नाधीन भूमि पर अतिक्रमण कर मकान-बाड़ी बनाकर निवास करने के कारण व्यवस्थापन हेतु मौके का स्थल निरीक्षण कर हल्का पटवारी द्वारा प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया।

आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र इस न्यायालय में विचाराधीन है। तत्संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो वह अपना दावा-आपत्ति, स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 26/03/2024 तक प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 07/03/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा सील से जारी।

सील — तहसीलदार, सुकमा, जिला-सुकमा

न्यायालय तहसीलदार सुकमा, जिला-सुकमा (छ.ग.)

रा.प्र.क्र.- 202403190500008

विषय- अ-20(1), वर्ष-2023-2

// ईश्तहार //

एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं नगर पालिका परिषद सुकमा के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती कुमारी साहू पति श्री लीलाधर साहू, उम्र-46 वर्ष, निवासी वार्ड क्रमांक-01/जेलबाड़ी, नगर सुकमा, तहसील सुकमा, जिला सुकमा (छ.ग.) के द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया है कि उनके द्वारा वार्ड क्र.-01, नगर सुकमा अंतर्गत नजूल मद की शासकीय भूमि पर 2008-09 से अतिक्रमिण कर पक्का मकान-बाड़ी निर्माण किया गया है एवं निवारत है। आवेदिका द्वारा अतिक्रमित शासकीय नजूल भूमि का व्यवस्थापन हेतु निवेदन किया गया है।

आवेदिका के अभ्यावेदन पर हल्का पटवारी से प्रतिवेदन प्राप्त किया गया। हल्का पटवारी, प.ह. नं. 13/सुकमा ने प्रतिवेदन प्रस्तुत कर प्रतिवेदन किया है कि श्रीमती कुमारी साहू पति श्री लीलाधर साहू, के द्वारा नगर सुकमा, पटवारी हल्का-13/सुकमा तहसील सुकमा स्थित नजूल मद की शासकीय भूमि खसरा नं. 542/1 रकबा 14.043 हेक्टे. में से रकबा 0.023 हेक्टे./230 वर्गमीटर (11.50मीX20मी) भूमि पर अतिक्रमण कर, मकान-बाड़ी निर्माण कर काबिज है। प्रश्नाधीन भूमि पर अतिक्रमण कर मकान-बाड़ी बनाकर निवास करने के कारण व्यवस्थापन हेतु मौके का स्थल निरीक्षण कर हल्का पटवारी द्वारा प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया, आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र इस न्यायालय में विचाराधीन है। तत्संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो वह अपना दावा-आपत्ति, स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 26/03/2024 तक प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 06/03/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा सील से जारी।

सील — तहसीलदार, सुकमा, जिला-सुकमा

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रियल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्प्लेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- चन्द्रशेखर धोटे, स्थानीय संपादक अशोक शर्मा, फोन नंबर : 0771-3526755, डाक पंजीयन क्रमांक G-2-112/CG/BPL/108/2020-22

■ न्यूज गैलरी

बिना पूर्व अनुमति के अवकाश पर नहीं जाएंगे अधिकारी-कर्मचारी: कलेक्टर

कांकेर/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अभिजीत सिंह द्वारा आगामी लोकसभा निर्वाचन के दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बिना अनुमति के अवकाश पर प्रस्थान नहीं करने हेतु आदेश जारी किया गया है। जिला निर्वाचन कार्यालय से जारी आदेश के अनुसार निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन की घोषणा किए जाने की तिथि से जिला स्तर पर समस्त शासकीय एवं राज्य शासन के विभागीय इकाईयों, उपक्रमों में कार्यरत कोई भी जिला स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के अनुमति के बिना अवकाश पर प्रस्थान नहीं करेंगे तथा मुख्यालय पर अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करेंगे। अवकाश का प्रकरण कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के सहमति हेतु सिर्फ उस स्थिति में भेजा जाए, जब संबंधित अधिकारी-कर्मचारी का अवकाश पर जाना अत्यन्त आवश्यक हो, अन्यथा उनका अवकाश आवेदन अस्वीकार करने के निर्देश दिए गए हैं।

भीरागांव ब में ग्राम विकास समिति गठित

कोंडागांव/नवप्रदेश। पंचायत को मजबूत बनाने के उद्देश्य से स्वस्थ ग्राम पंचायत थीम अंतर्गत जिले के ग्रामों को नीति आयोग की आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत विकसित करने हेतु जिला प्रशासन द्वारा चलाये जा रहे कार्यक्रम के तहत गरूवार को ग्राम पंचायत भीरागाँव ब में ग्राम पंचायत विकास समिति का गठन किया गया। इसके लिए सभी पंचायत के कर्मचारियों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा ग्राम स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में ग्रामीणों के समक्ष ग्राम पंचायत प्लानिंग एवं फैसिलिटेशन टीम का गठन कर ग्रामीणों द्वारा पंचायत की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा कर उनका समाधान प्राप्त किया जा रहा है इसके साथ ही पंचायत समिति की भूमिकाओं और जिम्मेदारियों के संबंध में बताते हुए इसके बेहतर कार्य एवं गांव के लोगों के सहयोग से शत-प्रतिशत योजनाओं के क्रियान्वयन करना, स्वस्थ सुविधा उपलब्ध कराना, टीकाकरण अभियान को मजबूत बनना, आगनबाड़ी में साफ सफाई बच्चों के अनुकूल वातावरण मनमोहन पेंटिंग, पानी की व्यवस्था, नशा मुक्त पंचायत बनाना, शत-प्रतिशत बच्चों की स्कूलों में उपस्थिति सुनिश्चित करना, पालक शिक्षक मीटिंग करने पर जोर दिया जा रहा है।

कलेक्टर ने लोकसभा निर्वाचन के लिए स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण

कोंडागांव/नवप्रदेश। लोकसभा निर्वाचन 2024 के पूर्व तैयारियों के अवलोकन के लिए कलेक्टर कुणाल दुदावत एवं एसपी वाय अक्षय कुमार ने ईव्हीएम स्ट्रांग रूम एवं मतगणना स्थल का निरीक्षण किया। जहां कलेक्टर ने ईव्हीएम स्ट्रांग रूम में सुरक्षा व्यवस्था के साथ अन्य व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। कलेक्टर ने बिजली आपूर्ति की वैकल्पिक व्यवस्था के साथ सीसीटीवी द्वारा निगरानी को देखते हुए परिसर में व्यवस्था के आवश्यक निर्देश देते हुए बैरिकेडिंग एवं अतिरिक्त कर्मचारियों की नियुक्ति करने हेतु कहा। कलेक्टर ने निर्वाचन प्रक्रिया प्रारंभ होने के पूर्व स्थल की सफाई एवं कर्मचारियों के प्रशिक्षण हेतु कार्ययोजना निर्माण तथा डेटा सेंटर तैयार करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर अपर कलेक्टर चित्रकांत चार्ली ठाकुर, एसडीएम निकिता मरकाम, सीएसपी आर कुमार, ईई पीडब्लूडी एआर मरकाम, सीएमओ नगरपालिका भूपेन्द्र वाडेकर, एसडीओ पीडब्लूडी आरएन उसेण्डी, सहायक अभियंता नगरपालिका विजय मेहरा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

राज्यपाल ने जगदलपुर में जागृति को प्रदान किया स्वर्ण पदक

कांकेर/नवप्रदेश। भानुप्रतापदेव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कांकेर समाजशास्त्र विभाग की छात्रा कु जागृति सिन्हा को शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर जगदलपुर द्वारा चतुर्थ दीक्षांत समारोह में महामहिम राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के हाथों से स्वर्ण पदक से नवाजा गया। यह अविस्मरणीय क्षण है जो विद्यार्थियों को ता उम्र याद रहेगा। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सरला आत्राम ने विभाग की सराहना करते हुए कहा कि समाजशास्त्र विभाग के प्राध्यापकों और विद्यार्थियों की मेहनत का प्रतिफल है। प्रत्येक वर्ष इस विभाग से विद्यार्थी प्रावीण्य सूची में स्थान दर्ज कराते ही हैं। इस कामयाबी पर विभागाध्यक्ष डॉ.व्ही.के.रामटेके डॉ.श्रीमती बसंत नाग पुनित राम उइके, डॉ. एसआर बंजारे प्रो.एन. आर साव, प्रो.शूद्रा सगने, डॉ.पूनम साहू एवं अन्य प्राध्यापकों ने भी बधाई संदेश प्रेषित कर उज्जवल भविष्य की कामना की गई है।

नक्सली क्षेत्र पहुंचे विधायक, सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

गरियाबंद/नवप्रदेश। नक्सल प्रभावित क्षेत्र दौरे पर बाइक से ग्राम गोना पहुंचे बिंद्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव। 15 सालों के बाद गोना के राजापड़ाव क्षेत्र के दौरे पर मंगलवार को पहुंचे। ग्रामीणों ने बताया 15 वर्षो तक क्षेत्र में भाजपा के विधायक थे और पिछले 15 वर्षों से भाजपा के ही सांसद हैं। लेकिन कभी भी भाजपा के कोई भी विधायक -सांसद शोभा ग्राम से आगे दौरे पर नहीं पहुंचे। जबकि ग्रामीणों ने कई बार विधायक-सांसद को अपने गांव में आने का निमंत्रण दिया। हर बार नक्सल प्रभावित क्षेत्र होने के कारण सुरक्षा का हवाला देकर विधायक सांसद शोभा के आगे नहीं पहुंचे। उनके गोना पहुंचते ही महिला पुरुषों ने फूलमाला के साथ जोरदार स्वागत किया। उन्होंने पैदल ही गांव का भ्रमण किया। इसि दौरान क्रिकेट स्पर्धा में शामिल खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। पंचायत भवन के सामने चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्या सुनी। इस दौरान ग्राम गोना सुनील मरकाम, भूतबेड़ा के सरपंच अजय नेताम, कोकड़ी के सरपंच सखाराम, कुचेंगा की सरपंच कृष्णा बाई मरकाम, दीनाचंद मरकाम, गौरगांव की सरपंच भानबाई नेताम ने विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने तत्काल पांच ग्रामों में हैंडपंप खनन का निर्देश पीएचई विभाग को दिया। देवगुड़ी निर्माण के लिए1 लाख, आदिवासी नर्तक दल को 10 हजार स्वेच्छा निधि से देने की घोषणा की। गोना के सरपंच सुनील मरकाम ने कहा कि हमारे क्षेत्र में पिछले 15 वर्षो से कोई भी विधायक और सांसद नहीं पहुंचे हैं। हम लोग निर्माहित कर थक चुके थे। विधायक जनक ध्रुव ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और कहा कि इस क्षेत्र के बिजली विहीन ग्रामों में बिजली लगाने के लिए विधानसभा में उठाए हैं। इस क्षेत्र में अब वो लगातार दौरे पर आएंगे। इसके बाद कुसियारबरछा, शोभा, जरहीडीह पहुंचे। जहां ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर ब्लॉक कांग्रेस कार्यकारिणी अध्यक्ष

रामकृष्ण ध्रुव, भुनेश्वर नेगी, पूरन मेश्राम, बुधलाल नेताम, तिलक मरकाम, मदनलाल पटेल, प्रताप सिंह, फुलचंद मरकाम, रमेश मरकाम, रमुला मरकाम, कमलचंद, नकुल नागेश, परमानंद, तरूण, रोहन, सहदेव, जागेश्वर विश्वकर्मा, नेयाल नेताम, महेश मरकाम, हरचंद नेताम, रमेश मरकाम, जयदेव नेताम, दुलचंद मरकाम, फरसुराम नेताम, रविन्द्र मरकाम, गौतम मंडावी, कलमचंद नेताम नंदलाल नागेश, महेत्तर नेताम, उर्मिला मरकाम, साहनी बाई विश्वकर्मा, रजुला नेताम, नरसिला नेताम, प्रेमसिला मरकाम, दुर्गा मरकाम, मानोबाई नेताम सहित सैकडो की संख्या में क्षेत्र के लोग उपस्थित थे।

मोटर साइकिल से पहुंचे विधायक जनक ध्रुव

मैनपुरकला फूलझर मार्ग में टूटे पुल को पैदल पार किया। बाइक पर विधायक को आते देख ग्रामीणों की भीड़ एकत्र हो गई। लोगों ने ध्रुव को गोवर्धन मंच पर ले गई। जहां देर शाम तक ग्रामीणों की समस्या सुनी।

सात साल पहले पुल बह गए, आज तक जांच नहीं

मैनपुरकला मार्ग में लाखों की लागत से बनाए गये पुल 7 वर्ष पहले टूटकर बह गए। अब तक इस मामले की न तो जांच हुई और न ही इस मामले में कोई कार्यवाही हुई और तो और नया पुल निर्माण के लिए लोक निर्माण विभाग सेतुं संभाग द्वारा 5.50 करोड़ रूपये स्वीकृत होने के बावजूद अब तक निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हुआ, ग्राम के सरपंच श्रीमती कमला बाई नागेश, तनवीर राजपुत, गजेन्द्र नेगी, सोनु यादव व ग्रामीणों ने विधायक का स्वागत किया विधायक ने पैदल पुल का निरीक्षण किया। सरपंच कमलाबाई ने बताया कि इस पुल का निर्माण लोक निर्माण विभाग द्वारा 50 लाख रूपये की लागत से किया गया था, लेकिन महज कुछ ही वर्ष में घटिया निर्माण के चलते यह पुल टूटकर बह गया। ग्रामीणों ने कई बार शिकायत की। पैदल गरियाबंद पहुंचकर कलेक्टर को पूर्व में मांगपत्र भी सौंपा। सरपंच ने बताया कि पुल टूट जाने के कारण 20 फीट गहरे गढ्ढे को पार कर प्रतिदिन सैकड़ों छात्र स्कूल जाने मजबूर हैं। विधायक जनक ध्रुव ने तत्काल लोक निर्माण विभाग सेतु संभाग के उच्च अधिकारियों को फोन लगाया तो अधिकारियों ने बताया कि पुल निर्माण के लिए करोड़ों रुपए की राशि स्वीकृत हुआ है। टेंडर की प्रकिया प्रारंभ हो गई है, टेंडर होते ही पुल निर्माण कार्य प्रारंभ हो जायेगा। विधायक जनक ध्रुव ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया है कि जल्द पुल निर्माण कार्य प्रारंभ हो जायेगा नही तो वे स्वयं इस मामले को लेकर ग्रामीणों के साथ आंदोलन करेंगे। इस मौके पर बैजनाथ नेताम, भागवानी ध्रुव, बहादुर नेगी, भास्कर नेताम, भुनेश्वर नागेश, टीकम यादव, धनेश्वरी नागेश, सदाराम यादव, रज्जु नागेश, बिरबल नेगी, मंशाराम ध्रुव, नारद ध्रुव, रामसिंह यादव, खुबचंद यादव, मंयक नेताम, बबलू नागेश, लक्ष्मण नेगी, देव यादव, जीतु नेगी, मनोज सिन्हा व ग्रामीणजन बडी संख्या में उपस्थित थे।

महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं : मेमन

गरियाबंद/नवप्रदेश। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में संगवारी महिला मंच एवं लोक आस्था सेवा संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को संगवारी महिला सम्मेलन का आयोजन गांधी मैदान में किया गया। सम्मेलन में महिलाओं को जागरूक करने के साथ ही उन्हें उनके अधिकारों और सरकार की विभिन्न लाभकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नपा अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार मेमन थे। विशेष अतिथि जिला भाजपा महामंत्री अनिल चंद्राकर, नगर पालिका उपाध्यक्ष सुरेंद्र सोनटेके, जनपद अध्यक्ष लालिमा ठाकुर, उपाध्यक्ष प्रवीण यादव, पूर्व सरपंच धनंजय नेताम आदि थे।

इस अवसर कर नपा अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार मेमन ने सभी महिलाओं को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई दी। आज महिलाएं किसी से कम नहीं है, शिक्षा, समाज, स्वास्थ्य सहित हर क्षेत्र में समानता के साथ आगे आ रही है। केंद्र और राज्य सरकार भी महिलाओं को आगे लाने अनेक प्रयास कर रही है। शासन की योजनाओं में महिलाओं को प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने महिलाओं से सामाजिक कुरीतियों को दूर कर हुए बालिकाओं को शिक्षित करने और बाल विवाह रोकने की शपथ दिलाई।

जनपद अध्यक्ष लालिमा ठाकुर ने कहा कि महिलाओं को जागरूक और शिक्षित होने की जरूरत है। जागरूक होगी तो तभी अपने अधिकारों को समझ सकेंगी। उन्होंने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रेरित किया। पूर्व सरपंच धनंजय नेताम ने भी संबोधित किया। संस्था के अध्यक्ष हेमानारायण मानिकपुरी कहा कि आज भी महिलाएं अपनी अधिकार एवं सम्मान सुनिश्चित करने के लिए संघर्षरत हैं, लोक आस्था मंच महिलाओं को जागरूक और सबल बनाने के उद्देश्य से काम कर रही है। संस्थान की सचिव सुश्री लता नेताम ने कहा कि महिलाओं को सामाजिक बंधन में जकड़े होने के कारण बहुत सारे दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

मोदी सरकार नारी शक्ति को विकसित भारत की शक्ति बना रही : शिवरतन

भाटापारा/नवप्रदेश। प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने नगर भवन भाटापारा में आयोजित नारी शक्ति वंदन अभियान कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उद्बोधन को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सुना। शिवरतन शर्मा ने कहा कि नारी शक्ति के सशक्तिकरण में ही राष्ट्र का सर्वांगीण प्रगति निहित है। भाजपा एवं मोदी सरकार नारी शक्ति को विकसित भारत की शक्ति बना रही है। नारी शक्ति की सुरक्षा, सुविधा और सशक्तिकरण मोदी की गारंटी है। देश के नीति निर्माण में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ाने के लिए भारतीय जनता पार्टी प्रतिबद्ध है।

ऐसे अनेक महत्वपूर्ण योजनाएँ संचालित कर रही है। जो प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से देश की समस्त महिलाओं को लाभान्वित कर रहा है। नारी शक्ति, नारी स्वावलंबन और नारी सशक्तिकरण की दिशा में निरंतर बढ़ रहे हैं। 9 जनवरी को भाजपा ने देश में %नारीशक्ति वंदन अभियान% शुरू किया था, मोदी जी ने अपने 10 सालों के कार्यकाल में अनेकों महिला केंद्रित योजनाओं के माध्यम से भारतीय नारी शक्ति को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का काम किया है। आज हमारी माताएं और बहनें न सिर्फ अपने परिवारों के लिए बल्कि पूरे समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। केंद्र सरकार द्वारा वर्तमान में 28 योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में नीरा साहू, आयशा खान सहित बड़ी संख्या में अधिकारी कर्मचारी एवं स्व सहायता समूह की महिलाएं उपस्थित थी।

झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ के सचिव ने दी लच्छीराम को श्रद्धांजलि

भटगांव/नवप्रदेश। भटगांव निवासी लच्छी राम के निधन पर कांग्रेस के झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव और अनुसूचित जनजाति के जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ उपाध्यक्ष फरीत लाल खटकर ने मृतक की पत्नी हितेश टंडन से मुलाकात कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उनके साथ अधिवक्ता जय कुमार टंडन, ननकी,

श्रीमती बी एम खटकर प्रधान पाठक स्कूल विभाग ,बटी ,रिया ,ऋतु, मदिशंकर सहित अन्य सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

तरेंगा में नारी शक्ति वंदन अभियान में विकास पर जोर

भाटापारा/नवप्रदेश। महिला स्व सहायता समूह के सशक्तिकरण हेतु आयोजित शक्ति वंदन अभियान के तहत जनपद पंचायत भाटापारा अंतर्गत ग्राम पंचायत तरेंगा के समरसता भवन में आयोजित कार्यक्रम में इंजिनियर के के देवांगन सदस्य प्रदेश भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा सम्मिलित होकर उपस्थित माताओं-बहनों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मंत्र ÷संकल्प से शक्ति, संगठन से समृद्धि÷ के साथ जोड़कर सामूहिक रूप से विकास की ओर कदम बढ़ाने हेतु प्रेरित किया।

वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सभी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उद्बोधन सुना। इसी क्रम में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत मातृशक्तियों को श्री देवांगन ने प्रशस्ति पत्र वितरण कर उनका उत्साह वर्धन किया। इस अवसर पर गांव के सरपंच श्री मती कांति दसरथ आडिल, ,महामंत्री पवन वर्मा, जनपद सदस्य रोशन साहू, परस देवांगन, सतीश सोनी , डिगा साहू, सचिव रोहित चक्रधारी ,क्रारोपण अधिकारी संतोष शर्मा एवम ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारी एवम समस्त महिला समूह के सदस्य व नारी शक्ति उपस्थित थे।

पीएम ने महिलाओं से किया वर्चुअली संवाद

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत में आज कार्यक्रम को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रधानमंत्री मोदी ने संबोधित किया। आज शहर के चार स्थानों में आयोजित किया गया। वार्ड 2 ढीमर समाज भवन नया पारा रोड, वार्ड 47 दुर्गा मंच रायपुर नाका, वार्ड 20 कुशाभाऊ ठाकरे भवन एवं वार्ड 29 सतरूपा शीतला मंदिर में कार्यक्रम को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए प्रधानमंत्री ने संबोधित किया। इस दौरान शहर की लाभार्थी हितग्राहियों से संवाद किया। प्रधानमंत्री का संवाद कार्यक्रम का प्रसारण नगर निगम द्वारा किया गया। योजनाओं की उपलब्धियों के साथ योजना से वंचित लोग भी भारी संख्या में जुड़े रहे। कार्यक्रम मंच पर एलईडी टीवी के जरिए प्रधानमंत्री के संबोधन का लाइव प्रसारण देखने भारी संख्या में नागरिक जुटे रहें। पीएम ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए संबोधन में नारी

शक्ति को वंदना करते हुए कहा कि मेरे देश की बहनें यही तो मोदी का परिवार हैं। कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक गजेंद्र यादव ने नागरिको से रूबरू होकर सरकार की योजनाओं की उपलब्धियों को बताया। प्रधानमंत्री के संबोधन का लाइव प्रसारण के दौरान मेरी कहानी मेरी जुबानी के तहत हितग्राहियों द्वारा विभिन्न योजनाओं से मिले लाभ के संबंध में अपने अनुभव साझा करते हुए आमजनों को योजनाओं का लाभ लेने हेतु प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के दौरान पीएम आवास, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान स्वास्थ्य कार्ड, विश्वकर्मा योजना, आधार अपडेशन, स्वनिधि योजना विश्वकर्मा लाभ आदि की जानकारी देने के साथ हितग्राहियों ने मेरी कहानी मेरी जुबानी बया किया। कार्यक्रम में आयुक्त लोकेश चन्द्राकर,पार्षद देवनारायण चन्द्राकर, नरेंद्र बंजारे, शेखर चंद्राकर, मनीष साहू, चमेली साहू, शशिद्वारिका साहू, कुमारी साहू, काशीराम कोसरे, दिनेश देवांगन, उपायुक्त मोहेंद्र साहू, सहायक अभियंता गिरीश दीवान, उपअभियंता पंकज साहू आदि मौजूद रहें। इस दौरान विधायक यादव ने आयुक्त के साथ दीनदयाल अन्त्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत धीमर समाज भवन में 50 स्व सहायता समूह की महिलाओं को प्रशस्ति पत्र वितरण किया गया। इसके अतिरिक्त स्वनिधि हेतु 10 लोगों को चेक प्रदाय किया गया। 10 स्व सहायता समूहों को 5.00 लाख राशि का चेक छ्ह्लह्र बैंक द्वारा वितरण किया गया। देशाभाऊ ठाकरे भवन आदित्य नगर में 90 सीआरपी एवं स्व सहायता समूहों को प्रभारित पत्र देकर सम्मानित किया गया। 15 महिलाओं को पीएम स्वनिधि योजना के तहत स्वीकृति प्रदान की गई तथा 12 पथ विक्रेताओं को परिचय बोर्ड दिया गया। इसके अलावा दुर्गा मंच रामपुर नाका में 45 स्व सहायता समूहों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। 12 को परिचय बोर्ड वितरण किए गए।

बेहतर कार्य करने वाली समूह की महिलाएं सम्मानित

नव प्रदेश संवाददाता

रिसाली। प्रधानमंत्री मोदी के वर्चुवल कार्यक्रम में रिसाली क्षेत्र की महिलाएं बड़ी संख्या में उपस्थित थी। कार्यक्रम में शामिल सदस्य आजीविका मिशन द्वारा गठित समूह की सदस्य है। इस अवसर पर आयुक्त आशीष देवांगन और मंचस्थ अतिथियों ने बेहतर कार्य कर समाज में अपनी अलग पहचान बनाने वाली समूह को सम्मानित किया। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम शुरू होने से पहले महापौर शशि सिन्हा ने उपस्थित महिलाओं को संबोधित की। उन्होंने महिलाओं का हौसला बढ़ाते हुए आगे बढ़ने की बात कही। सभापति केशव बंछोर ने आजीविका मिशन के कार्यो पर प्रकाश डालते कहा कि रिसाली की महिलाएं अब आत्मनिर्भर हो रही है। कार्यक्रम में शामिल विशेष आमंत्रित अतिथि प्रदेश कार्यकारी सदस्य गिरिष अग्रवाल व मण्डल अध्यक्ष शैलेन्द्र शेण्डे ने केन्द्र और राज्य शासन की महत्वकांक्षी योजनाओं पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर उपासना साहू, नेता प्रतिपक्ष शैलेन्द्र साहू, पार्षद माया यादव, सविता ढवस, रमा साहू, ममता सिन्हा के अलावा राजू जंघेल, दशरथ साहू, अजीत चौधरी, अनुपम साहू, मोगरा देशमुख उपस्थित थी। जूट बैग बनाने के लिए नारी स्व सहायता समूह प्रगति नगर, रूई बत्ती बनाने के लिए रिसाली बस्ती की आशीर्वाद समूह, रैना स्व सहायता समूह (कैटिन) संचालन के लिए सम्मानित किया। इसी तरह नेवई की महामाया स्व सहायता समूह, जोरातराई की समलेश्वरी समूह, आशीषनगर की मैत्री समूह, मौहारी मरोदा की जागरूक समूह, टंकी मरोदा की राधे-राधे समूह, स्टेशन मरोदा की अनुराग समूह, डुंडेरा की कनिका समूह, डुंडेरा की नई किरण समूह, रूआबांधा की वीना समूह, पुरैना की तुलसी समूह, रिसाली सेक्टर की मां भवानी समूह हुई सम्मानित।

जुनवानी उपकेंद्र में लगा ट्रांसफार्मर चार्ज

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। उपभोक्ताओं को पर्याप्त वोल्टेज के साथ सतत विद्युत सप्लाई देने हेतु छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड दुर्ग क्षेत्र द्वारा शहर के कोहका जोन अंतर्गत स्थित 33/11 के.व्ही. विद्युत उपकेंद्र (सबस्टेशन) जुनवानी में 05 एम.व्ही.ए. का एक अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर चार्ज किया गया।

जिससे कोहका जोन के अंतर्गत बजरंगपारा, आर्यनगर, हाउसिंग बोर्ड, विवेकानंद नगर इत्यादि क्षेत्रों के उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति मिलेगी। साथ ही लो-वोल्टेज की समस्या से भी निजात मिलेगी। मुख्यमंत्री विद्युत अधोसरंचना विकास योजना के अंतर्गत संपादित इस कार्य को लगभग 88.85 लाख से पूर्ण किया गया है। विद्युत कंपनी उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण बिजली प्रदाय करने के उद्देश्य से तत्परता से कार्य कर रही है। मुख्य अभियंता एम.जामुलकर ने बताया कि 33/11 के.व्ही. विद्युत उपकेंद्र जुनवानी, भिलाई में अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर के लगने से कोहका जोन के लगभग चार हजार उपभोक्ता लाभान्वित होंगे। उन्होंने बताया कि जुनवानी विद्युत उपकेंद्र में एक और अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर लग जाने से क्षमता बढ़कर 10 एम.व्ही.ए. हो गई है।

वकीलों ने एडिशनल एसपी के खिलाफ खोला मोर्चा

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। खुर्सीपार में पड़ोसी से हुए विवाद के बाद एफआईआर में धारा को लेकर जमकर बवाल हो गया। वकीलों ने एडिशनल एसपी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। हंगामे के बीच एएसपी और पुलिस बल ने मामले को किसी तरह शांत कराया। मिली जानकारी के अनुसार सोमवार की देर रात जोन 2 खुर्सीपार में रहने वाले अधिवक्ता टीएल चौधरी के बेटे अमितेश चौधरी का उनके पड़ोसी डी नारायण से विवाद हो गया और बात मारपीट तक पहुंच गई। दोनों ने खुर्सीपार थाने में एफआईआर

दर्ज कराई, जिसपर पुलिस ने दोनों के खिलाफ अपराध दर्ज किया, लेकिन अधिवक्ता टी एल चौधरी और पुलिस का एफआईआर में कमजोर धारा को लेकर विवाद हो गया। घर में घुसकर मारपीट की धारा के तहत एफआईआर लिखने की मांग की गई तो पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की बात कही। फुटेज नहीं होने के चलते जांच के बाद धारा जोड़ने की बात कही। इसके बाद वकील परिवार एडिशनल एसपी के पास पहुंचा, लेकिन वहां भी मामले में जांच के बाद धारा जोड़े जाने की बात हुई। इसे लेकर अधिवक्ता भिफर पड़े। सड़क पर उतर आए और कुछ देर कोर्ट और कलेक्ट्रेट के सामने रोड पर चक्काजाम किया। साथ ही एडिशनल एसपी को हटाओ के नारे भी लगाए।

न्यूज गैलरी

शंकराचार्य महाराज का आगमन श्रद्धालु निकालेंगे कलश यात्रा

कबीरधाम/नवप्रदेश। परमाराध्य परमधर्माधिस उत्तराम्नाय ज्योतिषपीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामि श्री॰ अविमुक्तेश्वरानंद॰ सरस्वती %1008% जी महाराज का 7 मार्च दिन गुरुवार को कबीरधाम जिला में आगमन होना हैं। शंकराचार्य के आगमन के लिए भव्य तैयारियां की गई हैं। शंकराचार्य जी महाराज के मीडिया प्रभारी अशोक साहू ने जानकारी दी जगद्गुरु शंकराचार्य 08 दिवसीय छत्तीसगढ़ प्रवास पर हैं। इस दौरान प्रदेश के विभिन्न जिलों के पूर्व से सुनियोजित धार्मिक कार्यक्रमों में पहुंच आशीर्वाद दे रहे हैं। इसे लेकर भक्तों में भारी उत्साह हैं। छत्तीसगढ़ प्रवास के 5वें दिन जगद्गुरु शंकराचार्य मध्यान 12 बजे सिमगा से प्रस्थान करके कबीरधाम जिला के ग्राम कोइलारी पहुंचेंगे। संतोष पांडेय एवं ग्रामवासियों के द्वारा गुरुदेव के आगमन पर भव्य कलश यात्रा पारम्परिक भजन कीर्तन करते हुए निकाली जाएगी। कलश यात्रा श्रीगणेश यज्ञ तथा श्रीशिव महापुराण कथा स्थल पहुंचेगी, जिसके बाद पादुकापूजन आशिवर्चन कार्यक्रम होगा। वही तय कार्यक्रम के अनुसार शंकराचार्य महाराज देर शाम सलधा के लिए प्रस्थान करेंगे, जहां महा शिवरात्रि के पावन पर्व पर महादेव का विशेष जलाभिषेक किया जाएगा।

कांग्रेस के सभी कार्यकर्ता पूरी निष्ठा के साथ करें काम : पदम कोठारी

साजा/नवप्रदेश। कांग्रेस भवन साजा में आज संतोष वर्मा अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी साजा के नेतृत्व में आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर संगठनात्मक गतिविधियां एवं कार्य योजना को लेकर आवश्यक बैठक आयोजित किया गया। आयोजित बैठक अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के दुर्ग लोकसभा प्रभारी पदम कोठारी, जितेन्द्र साहू प्रभारी जिला कांग्रेस कमेटी बेमेतरा एवं बंशी पटेल अध्यक्ष बेमेतरा की मुख्य उपस्थिति में संपन्न हुआ। जिसमें आगामी चुनाव की तैयारी को लेकर विस्तृत चर्चा किया गया। श्री कोठारी ने कांग्रेसजनों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी कार्यकर्ता पूरी निष्ठा के साथ चुनाव में कार्य करें, ताकि दुर्ग लोकसभा में कांग्रेस का परचम लहरा सकें। उक्त अवसर पर प्रमुख रूप से ओम प्रकाश वर्मा पूर्व अध्यक्ष जनपद साजा, मनोज जायसवाल अध्यक्ष प्रतिनिधि नगर पंचायत साजा, परस सिन्हा, विजय दुबे, सेक्टर अध्यक्ष संतोष तिवारी, किलुष यदु, कन्हैया साहू, झगर देवांगन, संदीप चौबे, विनोद कुंजाम, कामता गायकवाड, संतोष पटेल, गुड्डू जायसवाल, बिहारी साहू, खेलन बघेल, राजेश चंदेल, सेवाराम साहू, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी साजा के पदाधिकारीगण, सरपंचगण, युवा कांग्रेस एवं एनएसयूआई के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

प्रथम नेशनल लोक अदालत 9 को

कवर्धा/नवप्रदेश। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) नई दिल्ली के निर्देशानुसार वर्ष 2024 में आयोजित होने वाले नेशनल लोक अदालत के अनुक्रम में छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के निर्देश पर आगामी 9 मार्च 2024 को छत्तीसगढ़ राज्य में तालुका न्यायालय के स्तर से लेकर उच्च न्यायालय स्तर तक सभी न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजित किया जाएगा। जाकर राजीनामा योग्य इस नेशनल लोक आदालर में प्रकरणों में पक्षकारों की आपसी सुलह समझौता से निराकृत किया जाएगा।जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा के अध्यक्ष श्रीमती सत्याभामा अजय दुबे ने प्राधिकरण माननीय श्रीमती सत्यभामा अजय दुबे द्वारा लगातार नेशनल लोक अदालत की आयोजन की तैयारियों के संबध में लगातार समीक्षा की जा रही है। आज पुनः बैठक लेकर राजीनामा एवं निराकरण योग्य प्रकरणों की समीक्षा की।

निगम में 28 लाख घाटे का बजट पेश, विपक्ष ने महापौर को घेरा

■ महापौर ने कहा-यह मेरा पांचवां और अंतिम बजट है, घाटे को मैने आधा किया

राजनांदगांव/नवप्रदेश। महापौर हेमा देशमुख ने 28 लाख 50 हजार रुपए के घाटे का बजट पेश किया. इसके साथ ही शहर विकास के 17 बिंदुओं पर चर्चा हुई. नगर निगम के 51 वार्ड में पेयजल के लिए 2 करोड़, वार्डो की साफ सफाई, पाइप लाइन विस्तार, शौचालय मरम्मत, सड़क निर्माण जैसे कई विषय शामिल किए गए. बजट शुरू होते ही विपक्ष ने जमकर हंगामा शुरू किया. शहर की सफाई व्यवस्था, अधूरे निर्माण सहित कई मुद्दों को लेकर महापौर को विपक्ष ने घेरा.बजट से पहले सामान्य सभा के दौरान विपक्ष ने कई मुद्दों को लेकर जमकर हंगामा किया. बजट बैठक में राजनांदगांव नगर निगम महापौर सहित सभी पार्षद और अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे.

महापौर का दावा,घाटा किया आधा – इस दौरान नगर निगम महापौर हेमा देशमुख ने कहा कि यह मेरा पांचवां और अंतिम बजट है. जिसमें हमने कई बिंदु रखे हैं. जिससे शहर का विकास होगा. घाटे के बजट को लेकर हेमा देशमुख का कहना था कि घाटे का बजट बीस साल से आ रहा है.लेकिन हमारे कार्यकाल में इसे आधा किया गया है.अब तक बजट 55 लाख घाटे का चलता था.जिसे आधा कर दिया गया है.

नेता प्रतिपक्ष ने उठाए सवाल वहीं नगर निगम नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु ने कहा कि %%महापौर का आखिरी बजट 28 लाख 50 हजार रूपये घाटे का बजट है. नगर निगम में पिछले 4 साल में आय के साधन नहीं बढ़े हैं. कई योजनाओं का क्रियान्वयन नहीं हुआ है. 4 साल में कुछ भी काम नहीं हुआ है. ये महापौर की असफलता है.

आपको बता दें कि राजनांदगांव नगर निगम में बजट पेश हुआ. बजट में शहर विकास के 17 बिंदुओं पर चर्चा की गई.बजट में कई मुद्दों को लेकर चर्चा हुई. साथ ही विपक्ष ने महापौर को बजट को लेकर घेरा.

* शहरी अर्बन यूपा के जरिये उद्योग लगना - रीपा की तर्ज पर शहरी क्षेत्र के महिला समूहों को विभिन्न रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए 2.00 करोड रूपये का प्रावधान रखा गया है। * लिगेसी वेस्ट सेन्टर का निर्माण - निगम क्षेत्र में 11 एकड भूमि चिन्हांकित कर लिगेसीवेस्ट नई पद्धति के माध्यम से निष्पादन हेतु 2.00 करोड रूपये का प्रावधान रखा गया है।* ई-रिक्शा चार्जिंग सेन्टर निर्माण - नगर में चल रहे ई-रिक्शा वालों को चार्जिंग सेन्टर हेतु शेड निर्माण एवं पार्किंग कर चार्जिंग पाईट हेतु शहर के 10 स्थानों पर चार्जिंग सेन्टर निर्माण हेतु 20.00 लाख रूपये का प्रावधान रखा गया है।* नगर में ट्यूबलर पोल लगाये जाने - नगर में सुगम विद्युत व्यवस्था के लिये 51 वार्डो में ट्यूबलर पोल लगाये जाने हेतु 2.00 करोड रूपये का प्रावधान रखा गया है।* प्रवेश द्वार निर्माण - राजनांदगांव निगम सीमाक्षेत्रांतर्गत विभिन्न स्थानों में प्रवेश द्वार निर्माण कराये जाने हेतु 1.00 करोड रूपये का प्रावधान रखा गया है।

स्वसहायता समूह की बहनें महिलाओं की प्रेरणा बन रहीं : भावना

कवर्धा/नवप्रदेश। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नारी शक्ति वंदन अभियान के तहत देशभर की स्वसहायता समूह की महिलाओं से वर्चुअल माध्यम से सीधा संवाद किया। इसी कड़ी में पंडरिया विधानसभा अंतर्गत ग्राम रणवीरपुर में भी विधायक भावना बोहरा की उपस्थिति में क्षेत्र की सैकड़ों स्वसहयता समूह की महिलाओं ने प्रधानमंत्री जी का लाइव उद्बोधन सुना।

कार्यक्रम में उपस्थित पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने स्वसहायता समूह की महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा महिला सशक्तिकरण, सुरक्षा और स्वावलंबन के लिए अनवरत कार्य किये जा रहें हैं। आज प्रधानमंत्री जी के उद्बोधन से हम सभी महिलाओं में एक नई उर्जा का प्रवाह हुआ हैं वहीं स्वसहयता समूह की बहनों को प्रोत्साहन भी मिला है। नारी शक्ति की सुरक्षा, सुविधा और सशक्तिकरण मोदी जी की गारंटी है और मोदी जी की गारंटी की मतलब गारंटी पूरी होने की गारंटी होती है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि आज मोदी जी से संवाद के दौरान यहां उपस्थित हजारों माताओं-बहनों को एक नई दिशा एवं मार्गदर्शन प्राप्त हुआ होगा जहाँ वे अपने सामर्थ्य को और भी बढ़ा सकेंगी। लखपति दीदी योजना के माध्यम से केंद्र सरकार द्वारा महिला स्वसहयता समूह की महिलाओं को नए अवसर दिए जा रहें हैं स्वावलंबन से सशक्तिकरण की दिशा में उनके आर्थिक स्तर में सुधार लाने के लिए इस योजना का विस्तार मोदी जी की महिलाओं के प्रति उनके सम्मान को दर्शाती है। उन्होंने आगे कहा कि राज्यसभा एवं लोकसभा में महिलाओं की नेतृत्व क्षमता को बढ़ाने के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण देकर उन्हें अपने क्षेत्र के विकास को आगे ले जाने व सदन में अपनी बात रखने का अवसर दे रही है, राजनीतिक क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी से यह सुनिश्चित होगा कि वे महिलाओं के मुद्दों के प्रति संवेदनशील हों, सशक्त हों और रोल मॉडल बनें। हमारे छत्तीसगढ़ में भी महिलाओं

को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए मोदी की गारंटी के तहत महतारी वंदन योजना के तहत प्रति माह 1000 रुपए देने का निर्णय उन्हें प्रोत्साहन देने वाली है। महिला सुरक्षा हो या बेटियों की शिक्षा, स्वास्थ्य हो या स्वावलंबन हर क्षेत्र में आज प्रधानमन्त्री जी के कुशल मार्गदर्शन में केंद्र व छत्तीसगढ़ की डबल इंजन सरकार सकारात्मक कदम उठा रही है। महिलाओं को हर क्षेत्र में आगे बढ़ने व अपने कौशल, हुनर एवं क्षमताओं को बढ़ाने के लिए नारी शक्ति वंदन अभियान के तहत एक सार्थक मंच प्रदान कर रही है। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के जरिए महिलाओं को गैस सिलिंडर देना, जनधन योजना के तहत खाता खुलवाना, मुस्लिम महिलाओं को लेकर तीन तलाक को कानूनी रूप से खत्म करना जैसे कई सराहनीय कार्य एवं ऐतिहासिक निर्णयों से आज देश की महिलाओं,बेटियों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आया है। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में संसद में नारी शक्ति वंदन अधिनियम का सर्वसम्मति से पारित होना महिला नेतृत्व वाले विकास को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

न्यायालय के आदेश के बाद किसान ने बंद कर दी मुख्य सड़क, आवाजाही बंद

■ पंचायत ने प्रशासन से रास्ते के लिए लगाई गुहार

खैरागढ़/नवप्रदेश। ब्लाक के जोरातराई से भोरमपुर कला जाने वाले मुख्य मार्ग को न्यायालय से प्रकरण मे जीत के बाद एक किसान ने पूरा रास्ता ही बंद कर दिया । बताया गया कि उक्त मार्ग का वर्षो से ग्रामीण आवाजाही के लिए उपयोग करते रहे है । लेकिन मार्ग का निर्माण निजी भूमि मे किए जाने को लेकर किसान ने मामला न्यायालय मे लगाया था । न्यायालय का आदेश किसान के पक्ष मे आने के बाद मुख्य मार्ग को मलबा डालकर बंद किए जाने से जोरातराई भोरमपूर कला मार्ग पूरी तरह बंद हो गया है । उक्त मार्ग प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत बनाया गया था । मुख्य सड़क जोरातराई से जालबांधा को सीधे जोड़ती है। रोजाना इसी रास्ते से स्कूली ब%चो सहित अन्य लोगो का आवागमन होता है । मामले मे मिली जानकारी मुताबिक उक्त पक्की सड़क में जोरातराई के शोभाराम वर्मा की कुछ जमीन दब गई थी । उन्होने इसके लिए न्यायालय मे गुहार लगाते अपनी जमीन वापस देने याचिका लगाई थी । सरकार की ओर से मामले मे ढूलमुल रवैया अपनाने और न्यायालय मे अपना पक्ष मजबूती से नही रखने के चलते आखिर मे न्यायालय ने 14 फरवरी को किसान शोभाराम वर्मा के पक्ष मे फैसला सुनाया और किसान को अपने जगह पर कब्ज़ा करने के लिए तहसीलदार को आदेश जारी कर दिया । न्यायालय के फैसले के बाद संबंधित किसान ने पूरे सड़क पर ही कब्जा कर लिया और मुख्य सड़क को खुद की जमीन पर होने का हवाला देकर मुख्य सड़को को ही बंद कर दिया । सड़क पूरी तरह बंद किए जाने के बाद मार्ग मे आवाजाही पूरी तरह बाधित हो चुकी है । वाहनों के साथ रोजाना आवागमन करने वाले ग्रामीणो को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है ।

सात दिनों से हो रही श्रीमद् भागवत कथा सांकरादाहरा में तीन दिवसीय मेला आज से

डोंगरगांव/नवप्रदेश। सांकरदाहरा में महाशिवरात्रि पर तीन दिवसीय मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। इसकी शुरुआत गुरुवार 7 मार्च से होगी। दूसरे व तीसरे दिन 8 व 9 मार्च को विशाल मेले का आयोजन किया गया है। सांकरदाहरा में एक सप्ताह पूर्व से श्रीमद् भागवत कथा प्रवाहित हो रही है।

डोंगरगांव से मात्र चार किलोमीटर की दूरी पर दक्षिण पूर्व में ग्राम पांगरीकला, देवरी, कन्हारपुरी के सरहद पर राजनांदगांव की जीवनदायिनी शिवनाथ नदी बहती है। इसी नदी पर सांकरदाहरा स्थित है। जो पर्यटन की दृष्टि से प्रसिद्ध तो है ही, नदी के दोनों छोरों पर तथा नदी के बीच में विशाल चट्टान पर स्थापित भव्य विशालकाय शिवजी का प्रतिमा आकर्षण का केन्द्र है। इसके अलावा यहां दुर्गा माता, शीतला माता, सतबहिनी माता का मंदिर है, जहां साल में बारहों महीने पानी भरा रहता है। उक्त स्थल पर यात्रियों के लिए मंदिर में आने जाने हेतु नाव की व्यवस्था है, अस्थि विसर्जन हेतु पूजा पाठ करने वाले पंडित तथा मुण्डन संस्कार हेतु नाई की व्यवस्था समिति द्वारा की गई है। महाशिवरात्रि पर 8 दिनी श्रीमद् भागवत ज्ञान सप्ताह यज्ञ एवं 3 दिन का मेला मड़ई और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। वर्तमान में अयोध्या निवासी जगदगुरू गणेशाचार्य लाल बाबा द्वारा कथा वाचन जारी है।

सांस्कृतिक विधा में प्रस्तुति देकर बच्चों ने मोहा मन

कवर्धा/नवप्रदेश। कवर्धा के पीजी कॉलेज मैदान में आयोजित सरस मेले के नौवें दिन इंदिरा कला एवं संगीत विश्व विद्यालय खैरागढ़ के छात्र-छात्राओं ने छत्तीसगढ़ की कला-संस्कृति और रीति-रिवाजों पर आधारित अलग-अलग विधाओं पर शानदार प्रस्तुति देकर सबका मन मोह लिया।

सधे हुए बड़े कलाकारों की तरह संगीत विश्व विद्यालय के स्टूडेस् ने बिना झिझक के गीत-संगीत धून के साथ छत्तीसगढ़ की अलग-अलग विधाओं से दर्शकों को खूब मनोरंजन किया। दर्शकों ने तालियों की गढ़गढ़ाहटों से सरस मेले में आए सभी कलाकारों का उत्साह बढ़ाया। सरस मेला के नौवें दिन के साँस्कृतिक मंच पर छत्तीसगढ़ की लोक पारम्परिक, लोक संगीत,सुगम संगीत, कत्थक, सुफी गायन और योग नृत्य का अद्भूत संगम देखने को मिला। वही विश्व विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने छत्तीसढ़ की नाचा संस्कृति पर आधारित सीता राम ले भैया..... जाए के बेरा होगे हे सीता राम ले ले... की संगीत-गीतों के साथ सरस मेले का नौवे दिन की सांस्कृतिक आयोजन का विधिवत समापन किया। सरस मेला का यह आयोजन छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा के अथक प्रयासों और छत्तीसगढ़ शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्रलाय के तत्वावधान में आयोजित हो रहा है। सरस मेला का मुख्य उद्देश्य छत्तीसगढ़ के अलग-अलग जिले तथा देश के अलग-अलग राज्यों में काम करने वाले स्वसहायता समूहों को एक स्थान पर उनके द्वारा उत्पाद की गई सभी समाग्रियों को विक्रय के लिए एक आदर्श और सम्मान के साथ एक मंच प्रदान करना है।

बालको मेडिकल सेंटर ने कैंसर ग्रैंड चैलेंज पुरस्कार प्राप्त करने वाले पहले भारतीय कैंसर संस्थान के रूप में रचा इतिहास

■ 25 मिलियन डॉलर कैंसर ग्राण्ड चैलेंजेज़ अवॉर्ड जीतने वाली भारत की पहली को-रीसर्चर टीम

नई दिल्ली। भारत के ओंकोलोजी स्पेस में उभरता लीडर, वेदांता का बालको मेडिकल सेंटर प्रतिष्ठित कैंसर ग्राण्ड चैलेंज अवार्ड हासिल करने वाला पहला भारतीय को रीसर्चर बन गया है। कैंसर के अनुसंधान के लिए 25 मिलियन डॉलर के साथ यह सम्मान भारत के ओंकोलोजी स्पेस में प्रतिष्ठित संस्थान के रूप में बीएमसी की मौजूदगी की पुष्टि करता है। पुरस्कार प्राप्त करने वाली टीम प्रॉस्पेक्ट में बालको मेडिकल सेंटर तथा दुनिया के अन्य प्रतिष्ठित संस्थानों के वैज्ञानिक, एडवोकेट्स एवं चिकित्सक शामिल हैं, जो कैंसर की चुनौतियों के शुरूआती मुद्दों के समाधान पर विचार प्रस्तुत करेंगे।श्रीमती ज्योति अग्रवाल, चेयरपर्सन, वेदांता मेडिकल रीसर्च फाउन्डेशन ने आभार व्यक्त करते हुए कहा, हमें खुशी है कि हमें इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए चुना गया है, जो कैंसर के खिलाफ़ जंग को मजबूत बनाने में योगदान देगा। पिछले छह सालों के दौरान बीएमसी में हमारे लीडरों, कर्मचारियों और हितधारकों ने यह सुनिश्चित करने के लिए काम किया है कि हमारे पास सर्वश्रेष्ठ तकनीकें हों, और हमारी मरीज़ एवं समुदाय सुरक्षित और आश्वस्त महसूस करें। कैंसर ग्राण्ड चैलेंजेज़ के सहयोग से हमारे प्रयास न सिर्फ जारी हैं बल्कि सशक्त भी हुए हैं। हमें विश्वास है कि आपसी सहयोग के साथ हम स्वास्थ्यसेवाओं में सकारात्मक योगदान दे सकते हैं। टीम प्रॉस्पेक्ट पांच ग्लोबल टीमों में से एक है, जिसे इस साल कैंसर ग्राण्ड चैलेंजेज़ द्वारा वित्तपोषित किया गया है, जिसकी स्थापना 2020 में कैंसर रीसर्च यूके और नेशनल कैंसर इंस्टीट्यूट यूएस द्वारा विश्वस्तरीय रीसर्च टीमों को कैंसर की सबसे मुश्किल चुनौतियों पर चर्चा हेतु आमंत्रित करने के लिए की गई।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

सामग्री प्रबंधक विभाग

ई-टेंडर नोटिस न. एन आई टी/14/29/9, तिथि 27-फरवरी-2024

Sr. No.	Tender No.	Description	Tender closing/ Opening date & time	Qty.
1	03231476	एक्सल एंड स्टील हाई टेन्सिल केप स्क्रू (1 इंच डाया 8 यू एन सी ए 2.25 इंच लेंथ)	18.03.2024 At 10:30 hrs	137773 नग
2	06230081	10 एमएम थिक कॉम्पोसिट यूथ रबर सोल प्लेट	18.03.2024 At 10:30 hrs	268000 नग
3	06230092	रेट कान्ट्रैक्ट फॉर सप्लाई ऑफ एलास्टिक रेल क्लिप (टी-3701)	18.03.2024 At 10:30 hrs	1647363 नग
4	08245008	बिकार्बोनेट मिक्सर यूनिट कम्प्लीट सेट फॉर डायलिसीस	18.03.2024 At 10:30 hrs	1 नग
5	03241551	थिक कोटिंग अरेंजमेंट फॉर ब्रेक हेन टाइप बी जी जेड सी	22.03.2024 At 10:30 hrs	1396 सेटस
6	07241509	फायर रेटरडेंट विन्यल कोटेड फेब्रिक (आर्टिफिशियल लेदर)	22.03.2024 At 10:30 hrs	42324 मीटर
7	05241201	रिलेए ए सी लैम्प प्रोविंग प्लग-इन-टाइप स्टाइल एसी-एलईडी ऑल आसपेक्टस	25.03.2024 At 10:30 hrs	990 नग
8	02241727	स्क्रेपर ब्लॉक फॉर एक्सल गाइड लिंक/टी एम टॉर्क आर्म	26.03.2024 At 10:30 hrs	1350 नग
9	03242672	7/8 (22.2 एमएम) डाया लिंक सेटेड/एडजस्टेबल लॉक बीएरिंग विथ कॉलर	26.03.2024 At 10:30 hrs	24044 नग
10	03242680	ऑटोमेटिक प्रेशर मोडीफिकेशन (ए पी एम) डिवाइस फॉर बोगी ओपन वैगन टाइप	27.03.2024 At 10:30 hrs	936 नग
11	08245009	वर्क स्टेशन विथ 02 स्वरिंग पम्प, वन वॉल्यूमेट्रिक पम्प कॉम्पलीट सेट	27.03.2024 At 10:30 hrs	1 नग

रेलवे को किसी निविदा के लिए शुद्धिपत्र जारी करने का अधिकार है. शुद्धिपत्र और ई खरीद की सूचना वेंडर www.ireps.gov.in पर देख सकते हैं।

सहायक सामग्री प्रबंधक-I
कृते प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक
द.पू.मध्य रेलवे, बिलासपुर

CPR/10/462

South East Central Railway | @secrail

कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग (वि/यां.) संभाग बिलासपुर (छ.ग.)

निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक-3537/NIT-24/2023-24/व ले लि — दिनांक 04/03/2024

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि - 12.03.2024 अपरान्ह 5.30 बजे तक
ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदाएं प्राप्त करने की अंतिम तिथि - 20.03.2024 अपरान्ह 5.30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि - 21.03.2024 पूर्वान्ह 11.30 बजे से
कार्य की अवधि 31.06.2024 वर्षा ऋतु सहित
निविदा प्रपत्र की कीमत 750/- रुपए
निविदाकारों की श्रेणी ई पंजीयन के अंतर्गत श्रेणी ''द'' से ''अ'' तक

एनआईटी क्र. निविदा क्र.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख में)	अमानत राशि (रु. में)
24 T0310	चिकित्सा महाविद्यालय रायगढ़ में बचत एचव्हीएसी का कार्य	14.00	10500.00
24 T0311	लोरमी सेक्शन जिला मुंगेली में एयर कंडीशनर एवं सबमर्सिबल पंप मरम्मत कार्य	4.97	4970.00
24 T0312	हाई स्कूल खुटेरा ब्लाक पथरिया जिला मुंगेली में विद्युतीकरण कार्य	6.17	5000.00
24 T0313	हाई स्कूल भवन धुमा जिला मुंगेली में विद्युतीकरण कार्य	5.78	5000.00
24 T0314	रेस्ट हाउस पेंड्रा रोड जिला गौरेला पेंड्रा मरवाही में संभावित विद्युतीकरण कार्य	5.00	5000.00
24 T0315	मरवाही ब्लाक पेंड्रा रोड जिला गौरेला पेंड्रा मरवाही में संभावित विद्युतीकरण कार्य	5.00	5000.00
24 T0316	पेंड्रा ब्लाक पेंड्रा रोड जिला गौरेला पेंड्रा मरवाही में संभावित विद्युतीकरण कार्य	5.00	5000.00
24 T0317	लोनिवि भ/स उपसंभाग भैंसमा जिला कोरबा में संभावित बजट/ डिपाजिट/ एआर/एसआर/कंटीनजेंसी मद में विद्युतीकरण कार्य	5.00	5000.00
24 T0318	हाई स्कूल भवन मुड़पार ब्लाक पाली जिला कोरबा में विद्युतीकरण कार्य	5.48	5000.00
24 T0319	किरोड़ीमल शासकीय पीजी कालेज रायगढ़ में 6 नग अतिरिक्त क्लास रूम में विद्युतीकरण कार्य	6.42	5000.00
24 T0320	लोनिवि भ/स उपसंभाग कोरबा जिला कोरबा के गैर आवासीय भवन में संभावित बजट/डिपाजिट/एआर/ कंटीनजैसी मद में विद्युतीकरण कार्य	5.00	5000.00
24 T0321	लाइवलीहुड कालेज निपनिया जिला बिलासपुर के 100 बिस्तरीय बालक छात्रावास, सुपरइंटेंडिंग क्वार्टर एवं चौकीदार क्वार्टर में मेन क्यूबिकल पेनल, सबमर्सिबल पंप एवं अर्थिंग लगाने का कार्य	2.86	2860.00
24 T0322	2 नग कोर्ट रूम बिल्हा जिला बिलासपुर में मेन क्यूबिकल पेनल, लाइटनिंग कंडक्टर, वाटर सप्लाई पंप, फायर अलार्म एवं स्ट्रीट लाइटिंग का कार्य	17.90	13440.00
24 T0323	उपसंभाग हाईकोर्ट बिलासपुर अंतर्गत सेक्सन क्र. 5 में एयर कंडीशनर मरम्मत कार्य	4.89	4890.00
24 T0324	लोनिवि वि/यां उपसंभाग सक्ती जिला सक्ती के आवासीय भवन में विशेष मरम्मत का विद्युतीकरण कार्य	4.99	4990.00
24 T0325	लोनिवि वि/यां उपसंभाग सक्ती जिला सक्ती के गैर आवासीय भवन में विशेष मरम्मत का विद्युतीकरण कार्य	5.00	5000.00
24 T0326	बेवरेज गोडाउन सिरगिट्टी बिलासपुर में अतिरिक्त विद्युतीकरण कार्य	4.98	4980.00
24 T0327	कोटा लोरमी पंडरिया रोड से लोरमी मुंगेली मेन रोड तक एल टी, एचटी एवं डीपी एक्समर लाइन शिफ्टिंग का कार्य	4.98	4980.00

नोट :-
1. निविदा आमंत्रण में दर्शाये गये कार्य अनुसार पृथक पृथक कार्य हेतु अमानत राशि पृथक प्रस्तुत करना होगा।
2. निविदा फार्म का लिफाफा-2 एवं अमानत राशि हेतु लिफाफा-3 को एक बड़े लिफाफा-1 के अंदर प्रस्तुत सूचना क्रमांक एवं ग्रुप क्रमांक डाल कर पंजीकृत डाक से प्रस्तुत करना होगा। अलग अलग कार्य हेतु अलग अलग लिफाफा प्रस्तुत करना होगा, अन्यथा निविदा खोली नहीं जावेगी।
3. निविदा फार्म के साथ अमानत राशि टी.डी.आर./एफ.डी.आर.) के लिफाफा के अंदर 100/- का शपथ पत्र डालना अनिवार्य है।
4. आवेदन के जीएसटी नंबर संलग्न करना अनिवार्य है।
5. वित्तीय वर्ष 2022-23 का जीएसटी रिटर्न की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
6. ईपीएफ नंबर की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है।

निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।

जी-08353/2

कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग (वि./यां.)
संभाग बिलासपुर (छ.ग.)

OFFICE OF THE PRICIPAL GOVERNMENT ENGINEERING COLLEFE BILASPUR (C.G.) 495009

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय बिलासपुर (छ.ग.) 495009

Phone : 07752-260339, Fax : 07752-260289

क्रमांक/शाइमबि/सुरक्षा/2024/688 — बिलासपुर, दिनांक 06/03/2024

:: सुरक्षा गार्ड निविदा ::

शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय बिलासपुर (छ.ग.) में सुरक्षा गार्ड हेतु मोहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र क्रय किए जाने हेतु प्राचार्य, शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय, कोनी, बिलासपुर (छ.ग.) के नाम से 1000 रुपये की डी.डी. बनाकर आवेदन के साथ जमा करें एवं निविदा प्रपत्र शासकीय इंजीनियरिंग बिलासपुर के वेबसाईट gecbsp.ac.in में जाकर डाउनलोड कर सकते हैं।

01. निविदा बिक्री की अंतिम तिथि - 08 अप्रेल 2024 समय 5.00 बजे
02. निविदा जमा करने की अंतिम तिथि - 09 अप्रेल 2024 समय 3.00 बजे
03. निविदा खोलने की तिथि - 09 अप्रेल 2024 समय 4.00 बजे

स्थान- कार्यालय प्राचार्य शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय, कोनी, बिलासपुर (छ.ग.)

जी-08382/2

प्राचार्य
शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय
बिलासपुर (छ.ग.)

छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग
कार्यालय कार्यपालन अभियंता,
वि./यां. भारी संयंत्र संभाग, सकरी, बिलासपुर (छ.ग.)

मैनुअल पद्धति निविदा

निविदा सूचना क्रमांक 03/व.ले.लि./2023-24 — बिलासपुर, दिनांक 05.03.2024

मैनुअल पद्धति से निम्नलिखित कार्य हेतु मुहरबंद निविदाएं ''फार्म-बी'' (आयटम रेट) पर नामांकित/ पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों स्पीड पोस्ट/ रजिस्टर्ड पोस्ट के माध्यम से आमंत्रित की जाती है :-

ग्रुप क्र.	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत (रु. लाख में)
01	वि./यां. एफ.ओ.एम. उपसंभाग रायगढ़ के कर्मशाला का जीर्णोद्धार कार्य, वि./यां. एफ.ओ.एम. उपसंभाग बिलासपुर के कर्मशाला में नया शेड निर्माण कार्य एवं संभागीय कार्यालय बिलासपुर एवं उपसंभागीय कार्यालय बिलासपुर में शेड निर्माण व फेसिंग कार्य	16.79 लाख

1. निविदा प्रपत्र विक्रय की अंतिम तिथि - 26.03.2024 (5.30 बजे तक)
2. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि - 04.04.2024 (5.30 बजे तक)
3. निविदा खोलने की तिथि - 08.04.2024 (3.30 बजे से)

जी-08338/4

कार्यपालन अभियंता
वि./यां. भारी संयंत्र संभाग
सकरी, बिलासपुर (छ.ग.)

न्यूज गैलरी

महाशिवरात्रि आज, शिवालयों में तैयारियां जोरों पर

लखनपुर-सरगुजा/नवप्रदेश। सरगुजा जिले के सभी शिवालयों में 8 मार्च को महाशिवरात्रि पर्व मनाया जायेगा जिसे लेकर क्षेत्र के सभी शिवमंदिरो में विशेष तैयारी की जा रही है। शिवशक्ति से जुड़े आस्था के इस महापर्व को लेकर नगर के प्राचीन स्वयं-भू- शिवमंदिर, ग्राम जूनाडीह कुंवरपुर सरहदी बूढ़ा महादेव मंदिर, ऋषि जमदग्नि के तपोभूमि कहे जाने वाले प्रसिद्ध अर्धनारीश्वर मंदिर देवगढ़ धाम, तथा महेशपुर धाम के शंकर मंदिर में महाशिवरात्रि मनाये जाने खासा तैयारी की जा रही है। दर्शन पूजन करने शिवालयों तक आने वाले शिवभक्तों के सुविधाओं को ध्यान में रखते हुये पुख्ता इंतजामात किए गए हैं। वहीं देवगढ़ धाम तथा महेशपुर धाम में लगने वाले 3 दिवसीय मेला में पहुंचने वाले पर्यटकों दुकानदारो के सुविधाओं को लेकर भी तैयारी की जा रही है। ताकि शिव भक्त अपने आराध्य देव की पूजा अर्चना रूद्राभिषेक आदि सहूलियत से कर सकें।

खेढ़ा में आदिवासी कन्या आश्रम का लोकार्पण

मुंगेली/नवप्रदेश। मुंगेली विकासखण्ड के ग्राम खेढ़ा में 162.76 लाख रूपए की लागत से निर्मित सर्व सुविधायुक्त आदिवासी कन्या आश्रम का लोकार्पण किया गया। मुंगेली विधायक पुन्नूलाल मोहले ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि बालिकाओं को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए शासन द्वारा हरसंभव प्रयास किया जा रहा है। जिसके तहत आज 50 बिस्तर आदिवासी कन्या आश्रम का आज लोकार्पण किया गया। उन्होंने आदिवासी बालिकाओं को बधाई दी और छात्रावास में रहकर बेहतर शिक्षा प्राप्त करने प्रेरित किया। कलेक्टर ने कहा कि खेढ़ा में सर्व सुविधायुक्त आदिवासी कन्या आश्रम का निर्माण किया गया है। इससे जिले के बैगा आदिवासी क्षेत्र की बालिकाओं को लाभ मिलेगा। कक्षा पहली से पांचवी तक की आदिवासी बालिकाएं यहां रहकर आवासीय सुविधा का लाभ उठाते हुए शिक्षा प्राप्त कर सकेंगी। बता दें कि आदिवासी कन्या आश्रम में 10 शयनकक्ष, तीन क्लास रूम, डाइनिंग हॉल, लाइब्रेरी रूम, स्टॉफरूम, परिसर में गार्ड रूम, अधीक्षक आवास गृह सहित सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ मुंगेली एसडीएम प्रवीण तिवारी, जिला शिक्षा अधिकारी जी. आर. चतुर्वेदी सहित संबंधित अधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य नागरिक और बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

एसडीएम को ज्ञापन सौंप शीघ्र समाधान की मांग

मुंगेली/नवप्रदेश। तहसील कार्यालय में बंद पड़ी सार्वजनिक सुलभ शौचालय को खोलने व पीने के पानी की व्यवस्था की मांग को लेकर युवा कांग्रेस नेता अजय साहू ने एस.डी.एम को ज्ञापन सौंपा व शीघ्र समाधान की मांग की। ज्ञापन में अजय साहू ने बताया कि मुंगेली तहसील कार्यालय में प्रशासन की व्यवस्था नहीं होने से लोगो को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खास कर महिलाओं को ज्यादा दिक्कतो का सामना करना पड़ रहा हैं दरअसल कार्यालय यहाँ सार्वजनिक शौचालय बनाया तो गया है, मगर उसमें ताला लटका हुआ है। जिसके चलते दूर दराज से आये हुए किसान व महिलाएं हलाकान नजर आते है। लोगो की इस समस्या को लेकर युवा कांग्रेस ने एसडीएम प्रवीण तिवारी को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में मांग किया गया है कि तहसील कार्यालय मुंगेली में सुलभ शौचालय करने की व्यवस्था करने व तहसील कार्यालय में पीने की पानी की व्यवस्था भी शीघ्र की जाय जिससे लोग पानी के लिए भटकना न पड़े। एसडीएम ने समस्या के निराकरण करने का आश्वासन दिया है। लोगो की समस्या का समाधान नहीं होने पर युवा कांग्रेस द्वारा आंदोलन की चेतावनी दी गई है। ज्ञापन सौंपने वालों में मुख्य रूप से युवा कांग्रेस जिला महासचिव अजय साहू, युवा नेता अतुल यादव,विकास खांडे,चंद्रभान खांडे,अश्वनी साहू सहित बड़ी संख्या में युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

आइटीई की 25 प्रतिशत सीटों पर गरीब बच्चों को मिलेगा प्रवेश

मुंगेली/नवप्रदेश। शिक्षा के अधिकार में निजी स्कूलों की 25 प्रतिशत सीट पर गरीब बच्चों को एडमिशन दिलाने के लिए इस बार ऑनलाइन प्रक्रिया अपनाई जाएगी। गरीब बच्चों का ऑनलाइन होगा एडमिशन।

स्कूलों में गरीब बच्चों की भर्ती में पारदर्शिता को लेकर शिकायते आते रहती है। आमतौर पर शिकायत आती है कि निजी स्कूल अपनी आरक्षित सीट की जानकारी छिपा देते है। इस तरह की शिकायत पर रोक लगाने के लिए शासन ने ऑनलाइन एडमिशन की प्रक्रिया शुरू की है। जिले में भी इसे लागू किया गया है। पिछले 8-10 दिनों से चल रही इस प्रक्रिया में विभाग का एडमिशन पोर्टल ही नहीं खुल रहा है। जिससे पालक चिंतित है कि वे कैसे अपने बच्चों का एडमिशन करवा पाएंगे। हालांकि नोडल अधिकारियों का कहना है कि अगर पोर्टल नहीं खुल रहा है तो संबंधित स्कूल में आवेदन कर सकते है। यह आवेदन वहां जमा रहेगा और जैसे ही पोर्टल खुलेगा, संस्था द्वारा ऑनलाइन एंट्री कर दी जाएगी। इसके बाद हार्ड कॉपी नोडल अधिकारी के पास वापस जमा करना होगा। छात्र प्रवेश की सूचना पालक के मोबाइल पर मैसेज के जरिए मिल जाएगी। संबंधित स्कूल के पास भी मैसेज पहुंच जाएगा। गरीब बच्चों की भर्ती के लिए शिक्षा के अधिकार के तहत स्कूलों में 25 प्रतिशत प्रवेश देने का प्रावधान किया गया है। कन्या हायर सेकंडरी स्कूल के प्राचार्य ने बताया कि उन्हें 5 निजी स्कूलों का नोडल अधिकारी बनाया गया है। अब तक 8 लोगों का आवेदन आ चुका है। पोर्टल नहीं खुलने से परेशानी हो रही है। फिर भी हम आवेदन ऑफलाइन ले रहे हैं। जिनकी ऑनलाइन एंट्री करने का काम जल्द किया जाएगा। संबंधित संस्था के प्राचार्यो से भी कहा गया है कि पालकों की ऑनलाइन एडमिशन में मदद करें। स्कूल में ही जाकर ऑनलाइन आवेदन भरना रहता है। जिसके बाद वहां से हार्ड कॉपी लेकर नोडल ऑफिस में जमा करना पड़ेगा। कक्षा नर्सरी या फिर कक्षा एक के लिए ही एडमिशन होता है। बच्चों को आठवी तक निशुल्क शिक्षा दी जाएगी। प्राचार्य ने बताया कि जो पालक इस योजना के तहत बच्चों का प्रवेश कराना चाहते हैं उनका बीपीएल कार्ड व सर्वे सूची नाम होना चाहिए। निवास, स्कूल के दो किमी एरिया में होना चाहिए। पालक को अपने साथ बीपीएल कार्ड की छायाप्रति, बच्चे का जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड की छायाप्रति (बच्चे एवं पालक दोनो का), गरीबी रेखा सर्वे सूची प्रमाण पत्र जमा करना जरूरी है। इसके पहले भर्ती प्रक्रिया ऑफलाइन होती थी। जिसमें स्कूल प्रबंधन सीटों की जानकारी भी छिपाते थे। पालकों को पूरी जानकारी नहीं मिल पाती थी। एडमिशन लेने के बाद ज्यादा आंकड़े बताकर सरकार से फीस भी ले लिया जाता था। शिक्षा विभाग ने प्रवेश ऑनलाइन करने का निर्णय लिया। ऑनलाइन प्रक्रिया प्रारंभ होने से पालकों को फार्म के लिए बार-बार चक्कर काटने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इसके साथ ही प्रवेश प्रक्रिया भी पारदर्शी रहेगी। ऑनलाइन आने वाले आवेदनों की जांच के बाद एडमिशन की प्रक्रिया शुरू होगी। छात्र के प्रवेश की सूचना पालक के मोबाइल पर मैसेज से मिलेगी।

योजना का प्रचार-प्रसार

शिक्षा के अधिकार में निर्धन वर्ग के बच्चों को भर्ती करने के लिए निजी स्कूलों को पत्र लिखा गया है। योजना का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। योजना अंतर्गत इस बार ऑनलाइन प्रक्रिया प्रारंभ की गई है।

जी आर चतुर्वेदी, डी ई ओ मुंगेली

भीड़ में दर्जनों महिलाओं के गले से सोने के गहने पार

मुंगेली/नवप्रदेश। चातरखार चलान में आयोजित शिव महापुराण में पं. प्रदीप मिश्रा को सुनने पहुंची लाखों की भीड़ में दर्जनों महिलाओं के गले से सोने के आभूषण पार हो गये। महिलाओं ने अस्थाई पुलिस सहायता केन्द्र एवं सिटी कोतवाली में जाकर उठाईगिरी की सूचना दी। पुलिस ने तत्काल कार्यवाही करते हुए 12 महिलाओं को हिरासत में लेकर 151 के तहत कार्यवाही की। मुंगेली में आयोजित शिव महापुराण कथा में प्रदीप मिश्रा के सुनने भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। भीड़ का फायदा उठाकर कुछ सामाजिक तत्वों ने दर्जनों महिलाओं के सोने के चैन एवं मंगलसूत्र को पार कर दिए। पुलिस ने तत्काल कार्यवाही करते हुए संदिग्ध 12 महिलाओं को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ करती रही। पुलिस को इन महिला आरोपियों से कुछ भी बरामद नहीं हुआ। जिसके कारण प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करना पड़ा। इस तरह मुंगेली में हुए कथा स्थल में भीड़ का फायदा उठाकर इन्होंने लाखों के माल को हाथ साफ किया। महिला आरोपियो में रोशनी कुमारी पति प्रीत इलाहाबाद उ.प्र., संगीता पति सतेन्द्र धर्मशाला गली इलाहाबाद उ.प्र., कुमकुम जाट पति किशन जाट ढोलपुर कच्ची बस्ती राजस्थान, सुनीता साहू पति हरिओम साहू आमापारा रायपुर, जमुना पुरवले पति दादू पुरवले पीपरशक्ति अकलतरा थाना अकलतरा जिला जांजगीर चांपा, सुनीता डेढ़े पति शत्रुहन डेढ़े पीपरशक्ति अकलतरा थाना अकलतरा जिला जांजगीर चांपा, रानी फूलमली पति नरेश फूलमली रेल्वे स्टेशन झांसी उ.प्र. , संजू साई पति सुनील साई हरदी थाना सारंगढ़ , मैना देवार पति शिवभगत देवार सकरेलीभाठा बाराद्वार जिला सक्ती सहित तीन अन्य आरोपी महिला को गिरफ्तार कर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही कर जेल भेजा गया।

विशेष शिविर में 100 से अधिक दिव्यांग लाभान्वित

मुंगेली/नवप्रदेश। जिला कलेक्टोरेट स्थित जनदर्शन कक्ष में आज जिले के दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण प्रदान करने, दिव्यांग प्रमाणीकरण एवं चेक वितरण के लिए निःशुल्क शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 100 से अधिक दिव्यांगजन लाभान्वित हुए। मुंगेली विधायक पुन्नूलाल मोहले और कलेक्टर ने 30 दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग, 02 को ट्रायसायकल, 03 को व्हील चेयर, 14 को श्रवण यंत्र, 04 को कमरपट्टा, 05 को छड़ी, 03 को बैसाखी, 01 को वॉकर प्रदान किया। इसी तरह 19 दिव्यांग छात्रों को छात्रवृत्ति योजना और 02 दिव्यांगजनों को दिव्यांग विवाह प्रोत्साहन योजना के तहत प्रतिकात्मक चेक का वितरण किया। शिविर में दिव्यांगजनों का शारीरिक परीक्षण, दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाने तथा नवीनीकरण की कार्यवाही की गई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा दिव्यांगजनों का ब्लड प्रेशर, शुगर जांच किया गया और उन्हें निःशुल्क दवाई तथा आवश्यक परामर्श दिया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान धन्वंतरी और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर की गई। इस अवसर पर विधायक श्री मोहले ने दिव्यांगजनों को संबोधित करते हुए कहा कि शासन-प्रशासन द्वारा समय-समय पर दिव्यांगजनों के कल्याण के लिए ऐसे शिविर का आयोजन होते रहना चाहिए। आज शिविर में चिन्हांकित दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग, सहायक उपकरण का वितरण किया गया। इससे दिव्यांगजनों को काफी लाभ मिलेगा और उनके जीवन जीने की राह आसान होगी। उन्होंने कहा कि बहुत पहले दुर्घटना के दौरान मेरे पैर में काफी चोट आई थी, इसके कारण मुझे काफी परेशानी हुई थी, तो मैं समझ सकता हूं जिनका हाथ-पैर न हो, उनके जीवन में कितनी कठिनाई होती होगी। उन्होंने दिव्यांगजनों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी और उन्हें लाभ उठाने प्रेरित किया।

होली से पहले खिले टेसू के फूल

मुंगेली/नवप्रदेश। खेत खलिहानों में टेसू के फूल नजर आने लगे हैं। पहले टेसू के फूल से ही होली के लिए रंग और गुलाल बनाया जाता था। समय के अनुसार कृत्रिम एवं केमिकल युक्त रंगों ने होली में अपना स्थान बना लिया। ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी टेसू के फूल एकत्र कर रंग तैयार किए जाते हैं। इस बार कोरोना वायरस के चलते लोग चीन से आयातित रंग एवं केमिकल से परहेज कर रहे है।

होली पूर्ण रूप से रंगों का त्योहार है लेकिन अब इसमें भी आधुनिकता का रंग चढ़ गया है और लोग होली में कृत्रिम रंगों का इस्तेमाल कर रहे हैं। पूर्व में गांवों में टेसू पलाश के फूल से ही रंग गुलाल बनाए जाते थे। इसको बनाने टेसू के फूल को तोड़कर सुखाते थे इसके बाद इसकी पिसाई कर गुलाल बनाते थे। रंग बनाने फूल को सुखाने के बाद पानी से उबालकर रंग तैयार किया जाता था। इसका कोई दुष्प्रभाव भी नहीं था लेकिन वर्तमान में इसका उपयोग बंद हो गया है। वर्तमान में लोगों के पास समय की कमी है और लोग तैयार सामग्री चाहते हैं। ग्रामीण क्षेत्र में भी लोग टेसू फूल के बजाए कृत्रिम एवं केमिकलयुक्त रंगों का उपयोग करने लगे है। कुछ गांवों में आज भी टेसू के फूल एकत्र कर रंग बनाए जाते हैं। होलिका दहन के लिए क्षेत्र के विभिन्न गांवों, नगरीय क्षेत्रों व शहरों में लकड़ी इकट्ठा करने का काम जोरो से चल रहा है। फाल्गुन पूर्णिमा के दिन 25 मार्च को होलिका दहन होगा, इसके लिए गांवों में लकड़ी एकत्र करने का सिलसिला बसंत पंचमी के दिन से शुरू हो गया हैं। प्रबुद्ध लोगों की माने तो होलिका दहन में कंडे व अनुपयोगी चीजों का दहन करने का प्रयास होना चाहिए। कांटेदार सूखी झाड़ियां की होली जलाई जा सकती हैं। कोरोना वायरस के चलते लोगों को चीन से आयातीत पिचकारी एवं केमिकलयुक्त रंगों का प्रयोग नहीं करने की अपील प्रशासन द्वारा की जा रही है।

विधि विभाग के छात्र-छात्राओं ने प्रकाश इंडस्ट्रीज लिमिटेड का किया शैक्षिक भ्रमण

जांजगीर/ नवप्रदेश। शासकीय ठाकुर छेदीलाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय जांजगीर के विधि संकाय के द्वितीय व तृतीय वर्ष के 32 छात्र-छात्राओं को विभागाध्य डॉ आभा सिन्हा व डॉ अभय सिन्हा के साथ प्रो बृजेश कांत बर्मन के कुशल संचालन में प्रकाश इंडस्ट्री लिमिटेड चाम्पा का भ्रमण किया। इस दौरान कम्पनी के क्षेत्रीय प्रबंधक उदय सिंह ने छात्र-छात्राओं को बताया कि छतीसगढ़ राज्य के चाम्पा में स्थित अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी एकीकृत इस्पात संयंत्र स्थापित किया। यह संयंत्र लुर्गी, जर्मनी की तकनीक पर चलने वाले स्पंज आयरन भट्ठो का उपयोग करता है, जो दुनिया में जो दुनिया भर में कोयला आधारित स्पंज आयरन का उपयोग करता है। कंपनी में वायर रोड्स एचबी वायर्स टीएमटी बार और स्ट्रक्चरल का निर्माण करती है। विनय कुमार दास लॉ ऑफीसर ने बताया कि यह कंपनी स्थानीय जनता की सामाजिक आर्थिक स्थिति पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। उद्योग की गतिविधि न सिर्फ आर्थिक बदलाव लाएगी बल्कि सामाजिक स्थिति के साथ शिक्षा का स्तर पर भी सुधार लाएगा स्वास्थ्य व सुरक्षा सुरक्षा इंड्स्ट्री के संचालन के दौरान कर्मचारियों के साथ कई तरह की समस्याएं होती है जैसे धूल ,ध्वनि , धुआं उच्च तापमान बॉयलर संचालन के दौरान जलने, कटने, चोट लगने ऊंचाई से गिरने ,मशीनों में हाथ पैर का फसना भी संभव होता है, उससे कैसे बचा जा सकता है। जैसे सेफ्टी बेल्ट, हेलमेट, हाथ में लगाने का दस्ताना,मास्क आदि का भी रेगुलर उपयोग करके बचा जा सकता है। इंडस्ट्री में कार्य करते समय घायल या चोट लगने पर चिकित्सा की सुविधा उपलब्ध कराया जाता है मृत्यु होने पर या दुर्घटना होने पर सामाजिक सुरक्षा सुरक्षा के अंतर्गत पेंशन का भी प्रावधान है सभी छात्र छात्राओं ने कंपनी के कार्यकलापों से परिचित होकर कंपनी के सुचारू संचालन ,प्रबंधन ,उत्पादन व सुरक्षा नियमो के बारे में शैक्षणिक भ्रमण कर जाना।

परीक्षा के तनाव को कम करने छात्र-छात्राओं को दिए टिप्स

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। कलेक्टर विलास भोस्कर के निर्देशन में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामपुर में मंगलवार को मानसिक स्वास्थ्य हेतु तनाव प्रबन्धन पर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ.युगल किशोर किण्डो के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम की टीम ने तनाव प्रबंधन के सम्बंध में बच्चों को जानकारी दी। इस दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.एन.गुप्ता, डीपीएम डॉ.पुष्पेंद्र राम, राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम की टीम से मनोचिकित्सक डॉ विमलचंद्र पैकरा, नीतू केसरी ,सृष्टि चौरासिया, मनोज बिसेन , सुमित्रा बुनकर उपस्थित थे। इस दौरान छात्र-छात्राओं को लर्निंग एक्टिविटी के माध्यम से परीक्षा के दौरान होने वाले तनाव और इसे नियंत्रित करने पर टिप्स दिए गए। तनाव प्रबंधन पर बताया गया कि स्वयं से सकारात्मक बातें पॉजिटिव अफरमेशन, संतुलित आहार, पर्याप्त नींद, व्यवस्थित दिनचर्या, लाफ्टर थेरेपी, प्राणायाम, मेडिटेशन, स्वयं के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण, कड़ी मेहनत, भावनाओं को नियंत्रित करना, आलोचनाओं को सकारात्मक रूप से लेना एवं गुस्से का प्रबंधन करना इत्यादि से तनाव प्रबंधन के बेहतर तरीके बताए गए। मनोचिकित्सक डॉ विमल चंद्र ने कहा कि परीक्षा का निराशाजनक परिणाम, अत्यधिक गुस्सा, नशा, अपनी जिद मनवाना, असफलता एवं आलोचनाओं का डर, स्वयं के प्रति नकारात्मक दृष्टिकोण होना किसी नही तरह के गलत कदम उठाने के मुख्य कारणों में से एक है। उन्होंने शिक्षकों को कहा कि जरूरत है कि बच्चों की भावनाओं को समझें, वहीं अभिभावक को भी उनसे बातचीत कर सही समय पर काउंसलिंग करवाकर एवं इलाज करवाना चाहिए। इसके साथ ही कार्यशाला में बच्चों से विभिन्न समस्याओं पर भी चर्चा की गईं और उनका सामना करने के कारगार तरीके बताए गए।

अभियान | पीएम मोदी ने देश की महिलाओं को किया संबोधित, शहरी क्षेत्र में अम्बिकापुर के पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम सहित जिले में 11 स्थानों में हुए कार्यक्रम

महिलाओं की सुरक्षा, सुविधा और सशक्तिकरण सरकार की गारंटी

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। शासन की विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं से देश की मातृशक्ति को अवगत कराने शक्ति वंदन अभियान के तहत देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरे देश की महिलाओं को सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि पूरे 140 करोड़ देशवासी मेरा परिवार है।

महिलाओं की सुरक्षा, सुविधा और सशक्तिकरण ही मोदी की गारंटी है। उन्होंने विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना से बालिकाओं को लाभ मिला, उज्ज्वला गैस कनेक्शन योजना के तहत मुफ्त घरेलू गैस कनेक्शन दिया जा रहा है, हर घर नल योजना से लोगों को स्वच्छ पेयजल की सुविधा मिल रही है। वहीं शासन द्वारा नारी हित के लिए अन्य योजनाएं और अभियान चलाकर उन्हें लाभान्वित कर रहे हैं। जिले में कुल 11 ग्रामीण स्थानों बटवाही, धौरपुर, दरिमा, कुन्नी, अम्बिकापुर (ग्रामीण), नवानगर, लखनपुर, उदयपुर, बतौली, सीतापुर और मैनपाट में कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें स्थानीय जनप्रतिनिधियों, अधिकारी-कर्मचारियों,हितग्राही महिलाओं उपस्थित थी। शहरी क्षेत्र में अम्बिकापुर के पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम में शक्ति वंदन कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में अम्बिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल, पार्षद आलोक दुबे, स्थानीय जनप्रतिनिधि, नगर निगम आयुक्त प्रकाश सिंह राजपूत, एसडीएम अम्बिकापुर फागेश सिन्हा सहित बड़ी संख्या में स्व सहायता समूह की दीदियां, स्वच्छता दीदियां, शासन की योजनाओं से लाभान्वित महिलाएं उपस्थित थीं। इस दौरान विधायक श्री अग्रवाल ने कहा कि महिलाओं की सुविधा हेतु शासन द्वारा विभिन्न योजनाएं चलाई जा रहीं हैं और इन योजनाओं का लाभ लेकर माताएं-बहनें सशक्त हो रहीं हैं। आज महिलाओं की सुरक्षा के लिए हर घर में शौचालय की व्यवस्था है, पीएम आवास योजना के तहत स्वयं का घर मिल रहा है, लकड़ी से खाना बनाने की समस्या कोयले धुएं की समस्या आज उज्ज्वला गैस योजना से दूर हुई, लखपति दीदी योजना से आर्थिक मजबूती मिली है। इसके साथ ही अन्य योजनाओं के माध्यम से भी घर बैठे रोजगार प्रदान किया जा रहा है।

विधायक और कलेक्टर ने आश्रम में बालिकाओं के साथ किया भोजन

मुंगेली/नवप्रदेश। विखं मुंगेली के ग्राम खेढ़ा में नव निर्मित आदिवासी कन्या आश्रम में आज न्योता भोज का आयोजन किया गया। इस दौरान मुंगेली विधायक पुन्नूलाल मोहले और कलेक्टर न्योता भोज कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने वहां अध्ययनरत बालिकाओं के साथ बैठकर भोजन किया। भोजन में पुरी, सब्जी, चावल, दाल, चावल सहित विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजन परोसे गए। विधायक श्री मोहले ने कहा कि प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना में समुदाय की भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए न्योता भोजन की अवधारणा रखी गई। इस योजना के अंतर्गत जन्मदिन, वैवाहिक वर्षगांठ, राष्ट्रीय पर्व, त्यौहार आदि के अवसर पर स्कूली बच्चों के साथ भोजन किया जा सकता है। इसी के तहत आज आदिवासी कन्या आश्रम में न्योता भोज का आयोजन किया गया है, जो सराहनीय है। कलेक्टर ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशा के अनुरूप न्योता भोज के माध्यम से बच्चों को पौष्टिक एवं स्वादिष्ट भोजन प्रदान किया जाता है। इसका उद्देश्य बच्चों का पोषण सुनिश्चित करने के साथ-साथ समानता की भावना विकसित करना है।

न्यूज गैलरी

शक्ति वंदन योजना कार्यक्रम में शामिल होने कचरा गाड़ी से भेजा

बालोद. जिले में अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के पहले महिलाओं के अपमान का वीडियो सामने आया है. दरअसल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के महत्वाकांक्षी योजना शक्ति वंदन योजना में शामिल होने के लिए डौंडी नगर पंचायत सीएमओ ने 12 महिलाओं को डौंडी से कड़ी धूप में कचरा ट्रैक्टर में दल्लीराजहरा भेजा. अपमानित महिलाओं ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर किया है. वहीं पूरे मामले में नगर पंचायत डौंडी सीएमओ संतोष देवांगन से जानकारी मांगी गई तो उन्होंने साफ तरीके से कह दिया कि 12 महिलाओं को बस से शक्ति वंदन योजना के लिए डौंडी से दल्लीराजहरा भेजा गया था. उनको किसी प्रकार से कोई तकलीफ नहीं हुई है.

जनपद अध्यक्ष ने स्कूल में दिया न्योता भोज, बच्चों को परोसा भोजन

गरियाबंद। प्रदेश की भाजपा सरकार के न्योता भोज की अपील पर आज देवभोग जनपद अध्यक्ष नेहा सिंघल ने स्वामी आत्मानंद स्कूल के बच्चों को न्योता भोज दिया. इसमें पनीर, खीर और दाल फ्राई के अलवा मिक्स वेज और स्पेशल चावल से भोजन तैयार किया गया था. 450 बच्चों को खिलाएं गए यह भोजन जनपद अध्यक्ष नेहा सिंघल की ओर से उपलब्ध कराया गया था. भोजन शुरू करने से पहले नेहा सिंघल ने सभी बच्चों का एक-एक करके पीले चावल का तिलक किया. प्राचार्य गिरीश चंद्र बेहेरा और स्कूल के अन्य स्टाफ के साथ मिल कर जब भोजन परोसा गया तो, यह बदला नजारा देखकर बच्चे भी गदगद हो गए. फिर सभी एक साथ मिल कर भोजन किए. जनपद अध्यक्ष नेहा ने कहा कि सरकार की न्योता भोज की पहल न केवल बच्चों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराएगी बल्कि समाज में एक स्वस्थ परंपरा का निर्माण होगा.

सहायक संचालक कृपेन्द्र तिवारी को प्रदेश में मिला प्रथम स्थान

गरियाबंद- नेहरू युवा केंद्र संगठन (एनवाईकेएस) जो की भारत सरकार के , युवा और खेल मंत्रालय के तहत एक सबसे बड़ा जमीनी स्तर का स्वायत्त युवा संगठन है, यह युवाओं की शक्ति को स्वैच्छिकता, स्व-सहायता और सामुदायिक भागीदारी के सिद्धांतों पर कार्य करता है। नेहरू युवा केंद्र संगठन के द्वारा विगत दिनों दिनांक 26 फरवरी 2024 को रोहिनीपुरम गोल चौक,रायपुर स्थित
नव अंकुर कोचिंग में राज्य स्तरीय भाषण प्रतियोगिता मेरा भारत, विकसित भारत /2047 के विषय पर आयोजन रायपुर में किया गया। जिसमे गरियाबंद जिले में सहायक संचालक, एकीकृत आदिम जाति विकास परियोजना, कृपेन्द्र तिवारी ने पूरे राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त किया। जो पूरे गरियाबंद जिले के लिए अत्यंत गर्व का विषय है। इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ राज्य के 33 जिलों से जिला स्तर से विजित प्रतिभागियों ने भाग लिया था। इस प्रतियोगिता में व्यक्तिगत रूप से स्मृति चिन्ह के साथ ही राशि एक लाख रुपये (1,00,000) का भी पुरस्कार प्राप्त हुई। ज्ञात हो कि पूर्व में दिनांक 09 जनवरी 2024 को जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता गरियाबंद स्थित शास. वीर सुरेन्द्र साय महाविद्यालय में अयोजन स्थल से श्री तिवारी को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ था। तिवारी जी के इस उपलब्धि पर राज्यपाल सम्मानित समाजसेवी, शिक्षाविद डॉ. ओमप्रकाश वर्मा, व्याख्याता श्री दीपक गवली सहित संगठनों ने बधाई और शुभकामनाएं दी है।इसके अलावा कृपेन्द्र तिवारी जी के द्वारा गरियाबंद जिला प्रशासन के तत्वाधान में प्रयास नामक पहल के माध्यम से सैंकड़ों छात्र छात्रओ को प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दिया जा दिया जा रहा है।

मासूम का शव मिलने से सनसनी, एक महीने में 5 वीं घटना

- सिर पर चोट के निशान, जांच में जुटी पुलिस
- कानून व्यवस्था को लेकर उठने लगे हैं सवाल

कवर्धा/नवप्रदेश। कवर्धा के काटा मारी क्षेत्र में खून से लथपथ 7 साल की बच्ची का शव मिला है। इससे इलाके में सनसनी फैल गई है। कुल मिलाकर जिले में लगातार अपराध बढ़ता जा रहा है. महीने भर में 5 लोगों की हत्या हो गई है। इसे लेकर कानून व्यवस्था पर भी अब सवाल उठने लगे हैं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच में जुट गई है.

यह घटना टाटीवाह गांव की है. मृत बच्ची कक्षा पहली की छात्रा थी. घर से कुछ ही दूर बाड़ी में बच्ची का शव मिला है. फिलहाल पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. पुलिस पूरे मामले की बारीकी से जांच कर रही है. मिली जानकारी के अनुसार मृतिका सुबह 9 बजे घर से भोजन करने के बाद खेलने गांव के तरफ गई हुई थी. घर नहीं पहुंचने पर परिजन और ग्रामीणों ने तालाश की. इस दौरान 7 वर्षीय कविता की लाश गांव के बाड़ी में खून से सने मिली. ग्रामीणों ने हत्या की आशंका जताई है. बताया जा रहा है कि

इस इलाके में नक्सलियों की धमक है इसलिए यह इलाका बेहद संवेदनशील है. कवर्धा के नागाडबरा में 15 जनवरी को तीन बैगा आदिवासियों की हत्या हुई थी. पुलिस ने मामले में 14 आरोपियों को गिरफ्तार किया है. इनमें एक नाबालिग और दो महिला भी शामिल हैं. आरोपियों ने जमीन विवाद के चलते वारदात को अंजाम दिया था. आरोपियों ने हत्या के बाद इसे हादसे का रूप देने के लिए घर में आग लगाई थी. पुलिस को मौके पर खून के छीटे मिले थे. पुलिस मामले की जांच की तो हत्या के सुराग मिले. फिर धीरे-धीरे सभी राज खुलते गए और एक-एक कर पूरे मामला का खुलासा हो गया. लालपुर कला गांव के नर्सरी के पास 20 जनवरी की रात एक अधेड़ व्यक्ति की शव मिली थी. मृतक का नाम साधराम यादव (50), जो गोशाला में चरवाहा का काम करता था. इस हत्याकांड का पुलिस ने 24 घंटे के भीतर खुलासा किया था. मामले में 5 आरोपी को गिरफ्तार किया गया, जिसमें से एक नाबालिग है. रात के समय घटना स्थल पर मृतक और आरोपियों के बीच विवाद हुआ था. इस दौरान विवाद इतना बढ़ा कि आरोपियों ने धारदार हथियार से साधराम की गला रेतकर हत्या कर दी थी. फिलहाल हत्याकांड के सभी आरोपियों को जेल भेज दिया गया है. कबीरधाम में डबल मर्डर होने से इलाके में सनसनी फैल गई थी. बॉयफ्रेंड ने ही प्रेमिका और उसकी मां की हत्या की थी. पुलिस ने आरोपी को रायपुर से गिरफ्तार किया था. मिली जानकारी के मुताबिक, वसुंधरा वैष्णव और बॉयफ्रेंड के बीच चौथी शादी होने वाली थी. इसी विवाह को लेकर वसुंधरा वैष्णव और आरोपी बॉयफ्रेंड के बीच 22 फरवरी को विवाद हुआ था. यह वारदात कवर्धा शहर के एसपी कार्यालय के सामने के घर में हुई थी. मृतक का नाम पार्वती वैष्णव (मां) उम्र 58 व उसकी बेटी वसुंधरा वैष्णव (पिंकी) उम्र 35 है।

बीजापुर के पोटा केबिन में भीषण आग, बच्ची की मौत

- 300 छात्राओं का रेस्क्यू

बीजापुर/नवप्रदेश। आवापल्ली थानाक्षेत्र के चिंताकोंट बालिका आवासीय पोटा केबिन में भीषण आग लग गई. बीती रात लगी ये आग इतनी भयानक थी कि इस घटना में 4 साल की बच्ची की मौत हो गई. चार साल की मृत बच्ची का नाम लिप्सा उइके है. बताया जा रहा है कि बच्ची अपनी बड़ी बहन के साथ पोटा केबिन घूमने आई थी और बुधवार को वहीं रह गई. इसी दौरान रात को पोटकेबिन में आगजनी की घटना हो गई. जिससे झुलसकर बच्ची की मौत हो गई.

पोटा केबिन में थी 300 छात्राएं- आग लगने से पूरा पोटा केबिन जलकर खाक हो गया है. जिस समय आगजनी की घटना हुई उस समय लगभग 300 छात्राएं केबिन में मौजूद थी. देर रात आग लगने के बाद पोटा केबिन के स्टाफ और ग्रामीणों की मदद से छात्राओं का रेस्क्यू किया गया. घटनास्थल पहुंचे शिक्षा विभाग के अधिकारी- पोटा केबिन में आगजनी की सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया. फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई. फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है. पुलिस, कलेक्टर और शिक्षा विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे हुए हैं. घटना की जांच एफएसएल की टीम करेगी. मुख्यमंत्री साय ने हादसे पर जताया दुख- बीजापुर जिले के चिंताकोंटा स्थित गर्ल्स पोटा केबिन में आग लगने की बुरी खबर प्राप्त हुई है. यहां के स्टाफ सहित 300 बच्चियों को सकुशल बाहर निकाल लिया गया है. दुर्घटना में एक बच्ची के मृत होने की दुःखद खबर प्राप्त हुई है. ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति की प्रार्थना करता हूं. मृतक बच्ची के परिजनों को 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता दी जा रही है. क्या है पोटा केबिन- पोटा केबिन आवासीय स्कूल व्यवस्था है. साल 2011 में तत्कालीन छत्तीसगढ़ सरकार ने इसे शुरू किया था. छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित क्षेत्र बस्तर में पोटा केबिन आवासीय विद्यालय बनाए गए हैं. बस्तर के अंदरूनी इलाकों में नक्सलियों ने कई स्कूलों को ध्वस्त कर दिया या आगजनी कर नष्ट कर दिया. इनमें कई ऐसे स्कूल है जिन्हें दोबारा नहीं बनाया गया. ऐसे क्षेत्रों में पोटा केबिन स्कूलों का निर्माण किया गया. यहां नक्सल क्षेत्रों के बच्चों को आवासीय स्कूलों की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है. ये पूरी तरह से मोबाइल स्कूल है।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर बीजापुर में महिला नक्सलियों ने फेंके पर्चे, कहा ये काम करें

बीजापुर/नवप्रदेश। बुधवार रात भोपालपटनम फॉरेस्ट नाके के पास भारी मात्रा में पर्चे फेंके मिले. इन पर्चों में महिला नक्सली संगठन का जिक्र है जिन्होंने 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की जगह मणिपुर में आदिवासी महिलाओं के खिलाफ हुए अत्याचार के खिलाफ आवाज उठाने को कहा. पर्चों में कुटरू टीआई को बर्खास्त करने की मांग भी की गई है.
अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला नक्सलियों ने पर्चे फेंके- नेशनल हाइवे भोपालपटनम फॉरेस्ट नाके से 100 मीटर की दूरी पर ये पर्चे फेंके गए हैं. पर्चों में नक्सलियों ने लिखा है-÷3 मई को मणिपुर में जो हिंसा भड़की है, वह अभी तक पूरी तरह थमी नहीं है. इंटरनेट पर प्रतिबंध लगाकर और मीडिया का नियंत्रण करके वहां जारी हिंसा पर डबल इंजन सरकार द्वारा पर्दा डाल दिया गया है. बीजापुर ने नक्सलियों का खूनी खेल- बीजापुर में नक्सली किसी ना किसी घटना को अंजाम देकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराने की कोशिश कर रहे हैं. बुधवार शाम को बीजापुर के कोटमेटा इलाके से नक्सलियों ने बीजेपी नेता कैलाश नाग का अपहरण कर लिया. उसके बाद गोली मारकर उनकी हत्या कर दी. इससे पहले 1 मार्च को नक्सलियों ने शादी समारोह में बीजेपी नेता तिरुपति कटला की हत्या कर दी थी. हफ्ते भर में नक्सलियों ने दूसरी हत्या की वारदात को अंजाम दिया.

धरने पर बैठी मितानिन दीदीयां, मांगे पूरी नहीं होने पर अनिश्चितकालीन हड़ताल की दी चेतावनी

महासमुंद/बलौदाबाजार। स्वास्थ्य सेवा में ग्रामीण क्षेत्रों में अग्रणी भूमिका निभाने वाली प्रदेशभर की मितानिन दीदी दो सूत्रीय मांगों को लेकर आज से पांच दिवसीय जिलास्तरीय हड़ताल पर चले गए हैं. मितानिनों का कहना है कि 12 मार्च को प्रदेश स्तरीय हड़ताल पर रहेंगे और अगर इनकी मांगे पूरी नहीं हुई तो ये अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाएंगे.
इसी कड़ी में महासमुंद में जिला स्वास्थ्य मितानिन संघ 7 से 12 मार्च तक हड़ताल पर चले गए हैं. इसमें मितानिन, मितानिन प्रशिक्षिका, ब्लॉक समन्वयक, स्वास्थ्य पंचायत समन्वयक, शहरी मितानिन कार्यक्रम महासमुंद और हेल्प डेस्क जिला मितानिन संघ शामिल है. इनकी संख्या जिले में लगभग 23 सौ है. इनकी मांग है कि मितानिन, मितानिन प्रशिक्षक, ब्लॉक समन्वयक, स्वास्थ्य पंचायत समन्वयक

और हेल्प डेस्क को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (हस्र्स्र) में जोड़ा जाए. प्रोत्साहन राशि और क्षतिपूर्ति राशि में 50 प्रतिशत की वृद्धि की जाए. जिला स्वास्थ्य मितानिन संघ का 7 से 11 मार्च तक जिला स्तरीय हड़ताल रहेगा और 12 मार्च को प्रदेश स्तरीय हड़ताल किया जाएगा. मितानिन संघ के प्रदेश अध्यक्ष का कहना है कि हमारी मांगे पूरी नहीं होंगी तो अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाएंगे.वहीं बलौदाबाजार जिले में भी मितानिन दीदी पांच दिवसीय हड़ताल पर चले गए हैं. जिले के दशहरा मैदान में मितानिन दीदीयां धरने पर बैठी है।

साइकिल स्टैंड ठेकेदार की दादागिरी, शिकायत पर अपराध दर्ज

- मेडिकल कॉलेज साइकिल स्टैंड ठेकेदार ने किया अमानत में खयानत

राजनांदगांव/नवप्रदेश। लालबाग थाना अंतर्गत अटल बिहारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में साइकिल व वाहन स्टैंड के मनमानी के कई किस्से लगातार आते रहे यहां तक की ठेकेदार हमेशा परेशान परिजनों को धौंस देने का काम करने को लेकर आने को बाहर लोगों से तू तू मैं मैं की स्थिति बनी रहती है सबसे बड़ी बात यह है कि मेडिकल कॉलेज में जो स्टैंड चल रहा है वह रिटायर्ड पुलिस का पुत्र है यही कारण है कि ठेकेदार पंकज सिंह अपनी मनमानी और गुंडागर्दी से बाज नहीं आता। इसके सटैंड में वाहन रखने वालों को ऐसा लगता है जैसे स्टैंड में साइकिल या मोटरसाइकिल रख कर कोई बहुत बड़ा गुनाह कर दिया हो। बड़े ही मजबूरी के दशा में आदमी अस्पताल की चौखट लांघता है ऐसे मे गेट के पास वाहन स्टैंड चलने वाले ठेकेदार अगर बदसलूकी करें तो उन भोले भाले लोगों पर क्या गुजरती होगी । हाल ही मे ग्राम केसला थाना डोंगरगांव का प्रार्थी ने दिनांक 12/02/2024 को अपनी मोटर सायकल क्रमांक छ्त्त 08 ,स्न 1467 को पेण्ड्री मेडीकल कालेज अस्पताल के वाहन पार्किंग में खडाकर पर्ची कटवाया गया था जहां से उसके वाहन को पार्किंग संचालक पंकज सिंह के द्वारा दुभार्वनापूर्वक गायब कर दिया गया। पुलिस ने पंकज सिंह पिता लाल मुनाई सिंह जिस पर धारा 409 भादवि का अपराध घटित होना पाया गया। केसला के प्रार्थी ओम प्रकाश सोनकर ने लिखित आवेदन प्रस्तुत किया था। मेरी मोटर सायकल को पार्किंग स्टैंड संचालक पंकज सिंह के द्वारा अमानत में ख्यानत करने के संबंध में। प्रार्थी ओमप्रकाश सोनकर पिता दयालूराम सोनकर उम्र 38 वर्ष निवासी ग्राम केसला पोष्ट अर्जुनी थाना डोंगरगांव का निवासी हूं मेरी माता जन्त्रीबाई का तबियत खराब होने से दिनांक 31/01/2024 को पेण्ड्री मेडीकल कालेज अस्पताल में भर्ती कराये थे जहां पर उनका ईलाज चल रहा था दिनांक 12/02/2024 को सुबह 08:00 बजे मैं अपनी मोटर सायकल क्रमांक छ्त्त.08.स्न.

1467 होण्डा लियों नीला रंग कीमती करीबन 30,000/- रूपये को पेण्ड्री अस्पताल के सायकल स्टैण्ड में रखकर पर्ची कटवाया था एवं 10 रूपये भुगतान किया फिर शाम को 04:00 बजे मेरा मझला भाई खोमन कुमार सोनकर शाम 05:00 बजे खाने लाने के लिए अस्पताल से बाहर निकला तो मेरी मोटर सायकल छ्त्त.08.स्न.1467 अपनी जगह पर नही था मैंने पार्किंग स्टैण्ड के कर्मचारियों को पूछा एवं आस पास तलाश किया मोटर सायकल नही मिला।

तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराई एक की मौत, एक गंभीर

कोंडागांव/नवप्रदेश। राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर स्थित घोड़ा गांव के पास तेज रफ्तार कारअनियंत्रित होकर पेड़ से टकराने से कोंडागांव निवासी दिलावर कबाडिया की मौके पर मौत हो गई , तो वही संतोष पात्रे गंभीर रूप से घायल अवस्था में जिला अस्पताल भर्ती में किया गया मिली जानकारी अनुसार दोनों मित्र किसी काम से शाम के लगभग 3:00 बजे निजि कार्य के लिये जगदलपुर जा रहे थे तभी घोड़ा गांव के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर सड़क किनारे बच्चों के आ जाने से उसे बचाने के लिए कार की स्टि्रंग को मोड़ दिया जिससे सड़क किनारे खड़े पेड़ से कार जा टकराई।कार के पेड़ से टकराने सेपर खच्चे उड़ गए ।टक्कर इतनी जबरदस्ती थी कोंडागांव निवासी दिलावर कबड़िया की मौके पर मौत हो गई वहीं दूसरे व्यक्ति व्यक्ति को गम्भीर अवस्था मे जिला अस्पताल भर्ती किया गया है ।मृतक नगर में प्रिंटिंग प्रेस के व्यासाय से जुड़ा एवम मिलनसार व्यक्ति था।

भूतेश्वरनाथ, हर साल बढ़ती है शिवलिंग की लंबाई

- सुबह से उमड़ेगें शिवभक्त दर्शन के लिए लगेगी कतारें

गरियाबंद/नवप्रदेश। गरियाबंद 7 मार्च 2024- यह समस्त क्षेत्र गिरी (पर्वत) तथा वनों से आच्छादित हैं इसे गिरिवन क्षेत्र कहा जाता था परंतु कालांतर में गरियाबंद कहलाया । भूमि, अग्नि, आकाश और हवा पंचभूत कहलाते है । इन्हीं पंचभूतों के स्वामी भूतेश्वरनाथ शिवलिंग के रूप में विराजमान है यहां भूतेश्वरनाथ प्रांगण अत्यंत विशाल हैं जो भूतेश्वरनाथ धाम को भव्यता प्रदान करते है । वनों से आच्छादित सुरम्य स्थलि बरबस मन को मोह लेती हैं, समय-समय पर यहां भक्तजन रूद्राभिषेक कराते हैं कांवरियों को सावन में भूतेश्वरनाथ को जल चढ़ाने का बेसब्री से इंतजार रहता है ।
महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर विश्व के विशालतम स्वयंभू शिवलिंग भूतेश्वरनाथ महादेव के दर्शन एवं पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ेगा। प्रतिवर्ष महाशिवरात्रि पर्व भूतेश्वरनाथ में बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया जाता है और तीन दिनों तक यहां मड़ई-मेला का आयोजन भी किया जाता है। जिसको लेकर प्रदेश के अन्य जिलों से श्रद्धालुगण अपना श्रद्धा लिए महादेव के दर्शन को पहुंचते हैं। जन आस्था को ध्यान में रखकर पुलिस विभाग द्वारा सुरक्षा की दृष्टि से चाक-चौबंध व्यवस्था किया जाता है, जिससे कि किसी तरह का भगदड़ नहीं हो सकें।
उल्लेखनीय है कि गरियाबंद

जिला के ग्राम मरोदा में विश्व के सबसे विशालतम स्वयंभू शिवलिंग स्थित है। महाशिवरात्रि पर्व के मौके पर भूतेश्वरनाथ महादेव शिवभक्तों का आस्था केंद्र बन गया है, जिससे कि प्रतिवर्ष हजारों की संख्या में भक्तगण यहां पहुंचते हैं और पूजा-अर्चना कर अपनी मनोकामना पूरी होने प्रार्थना करते हैं। कहा जाता है कि भूतेश्वरनाथ महादेव स्वयंभू शिवलिंग हैं, जिसके पूजा-अर्चना करने से श्रद्धालुओं की मुरादे पूरी होती है।

लो वोल्टेज की समस्या से किसान परेशान, आंदोलन की चेतावनी

राजनांदगाव/डोंगरगांव/नवप्रदेश। गर्मी बढने के साथ ही विद्युत खपत मे बढोत्तरी होने से क्षेत्र में लो वोल्टेज की समस्या बढ़ गई है जिससे आमलोग तो परेशान हो ही रहे है इसके साथ किसानो को लो वोल्टेज की समस्या से भारी समस्याओ का सामना करना पड रहा है। लो वोल्टेज की वजह से सिंचाई मोटर पंप जलने लगे है जिससे किसानो को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा तथा फसल नष्ट होने की स्थिति मे है। कनेक्शन बढना तथा गर्मी के दिनो मे लोड बढना स्वभाविक है पर इस समस्या के समाधान हेतु वर्तमान भाजपा सरकार की कोई तैयारी नही होने के कारण किसानो को इसका खमियाजा भुगतना पड़ रहा है। डोंगरगांव विधायक दलेश्वर साहू ने भाजपा सरकार पर किसानो की समस्याओ के प्रति गंभीर नही होने का आरोप लगाते हुए कहा है कि लोवोल्टेज समस्या के समाधान हेतु विशेषकर गर्मी के दिनो मे अतिरिक्त

पावर ट्रांसफार्मर, ट्रांसफार्मर के क्षमतावृद्धि की आवश्यकता है जिसे भाजपा सरकार करने मे नाकाम है। ऐसे ही परिस्थितियो से निपटने के लिए कांग्रेस शासनकाल मे डोंगरगाव विधानसभा क्षेत्र के ग्राम रूवातला, कन्हारडबरी, कोठीटोला व विचारपुर नवागांव मे सबस्टेशन का निर्माण कराया गया है जिसे चार्ज कर प्रारंभ नही कर पाए है।भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार द्वारा विद्युत विभाग राजनांदगांव को संचालन व रखरखाव तथा ट्रांसफार्मर के क्षमतावृद्धि हेतु वर्ष 2023-24 के लिए लगभग 17 करोड की राशि स्वीकृत की थी, इसके अलावा मुख्यमंत्री ग्रामीण विद्युतीकरण हेतु डोंगरगांव विधान सभा क्षेत्र के गांव के लिए 26 लाख स्वीकृत किए गए थे।

विकसित भारत की कल्पना नारी सशक्तिकरण के बगैर अधूरी : वीरेंद्र

कवर्धा/नवप्रदेश। नारी शक्ति वंदन अभियान के तहत बुधवार को देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जनपद पंचायत कवर्धा के गांवों में संचालित महिला स्व सहायता समूह की महिलाओं से वर्चुअल जुड़े। यह कार्यक्रम जिले में आठ स्थानों पर वही जनपद कवर्धा के ग्राम बम्हनी में भी आयोजित किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि जनपद पंचायत कवर्धा के उपाध्यक्ष वीरेन्द्र साहू ने सिरकत की। शक्ति वंदन अभियान के तहत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वर्चुअल संबोधन के बाद मुख्य अतिथि वीरेन्द्र साहू ने उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि विकसित भारत की कल्पना नारी सशक्तिकरण के बगैर अधूरी है और इस बात को देश के प्रधानमंत्री भलीभांति जानते है यही वजह है कि वे बीते दस वर्षो से देश की नारी शक्ति को सशक्त बनाने की दिशा में लगातार योजनाएं भी बना रहे हैं और उनका बेहतर क्रियान्वयन करने प्रयास कर रहे हैं।

महाकाल चंद्रमौलेश्वर की आज निकलेगी शोभायात्रा

- महाशिवरात्रि पर शहर जिले का यह सबसे बड़ा आयोजन होगा

राजनांदगांव/नवप्रदेश। 8 मार्च को महाशिवरात्रि के पावन पर्व से पहले शहर के महाकाल भक्तों ने महाकाल चंद्रमौलेश्वर जी की शोभायात्रा एवं पगड़ी यात्रा निकालने की पूरी तैयारी कर ली है। धूमधाम से निकलने वाली यह शोभायात्रा को लेकर महाकाल भक्तों के प्रमुख महाकाल भक्त पवन डागा और साथ ही नीलू शर्मा ने बताया कि यह नगर जिले का बहुत बड़ा आयोजन होगा। स्वास्तिक बैण्ड पार्टी, राऊत नाचा, आदिवासी नृत्य, नंदी में सवार होके भगवान भोलेनाथ की झांकी दुर्ग जिले के कलाकारो की भव्य झाँकी ब्रह्मा, विष्णु, महेश, माताजी, शिवगण, भूत-प्रेत, अघोरी, भजन गायक श्री अभ्यास यादव जी राजनांदगांव झांझ, डमरू, ढोल के साथ बाबा चन्द्र मौलेश्वर (महाकाल) पालकी यात्रा नगर भ्रमण डी.जे., झाँकी, पगड़ी और भगवान शिव जी की

विशाल झाँकी समस्त कलाकार सेवक दुर्ग संभाग छत्तीसगढ़ से है। 08 मार्च दिन शुक्रवार महाशिवरात्रि समय 3 बजे से मार्ग नंदई कुंआ चौक से बसंतपुर थाना, सदर बाजार से भारत माता चौक से गंज लाइन से भरकापारा, काली माई मंदिर, रामाधीन मार्ग, कामठी लाईन, हमाल पारा, गुड़ाखू लाइन, आजाद चौक, महाकाल चौक, गांधी चौक, दुर्गा चौक, इंद्रा नगर, नंदई चौक से मोहारा, सिंगदई, हल्दी, महाकाल मंदिर सिंघोला में समापन होगा। महाकाल सेवा इस यात्रा के दौरान नाचते गाते हुए चलेगी।श्री डागा और श्री शर्मा ने बताया कि इस शोभायात्रा के पहले महाकाल मंदिर महाशिवरात्री 8 मार्च व 9 मार्च की महापूजा, 8 मार्च दिन शुक्रवार सुबह 2:30 भगवान महाकाल का महारुद्राभिषेक होगा।

सिन्हा समाज की बैठक 10 को पाटेकोहरा में

डोंगरगांव/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ डड़सेना कलार समाज राजनांदगांव का जिला स्तरीय बैठक रविवार 10 मार्च को पाटेकोहरा (चिचोला) में रखा गया है। एक दिवसीय उक्त बैठक में प्रदेश पदाधिकारियों, विकलांग, मेधावी छात्र छात्राओं व संगीतकारों के सम्मान के साथ सामाजिक प्रकरणों का निराकरण किया जायेगा। समाज के जिला प्रचार प्रसार मंत्री बालकृष्ण सिन्हा ने जारी विज्ञप् ि त अनुसार बैठक का शुभारंभ सुबह 10 बजे देवपूजन से होगा, पश्चात् अतिथि स्वागत, स्वागत उद्बोधन तथा जिलाध्यक्ष ठाकुरराम सिन्हा का अध्यक्षीय उद्बोधन होगा। विज्ञप्ति अनुसार बैठक के मुख्यअतिथि समाज के प्रांताध्यक्ष युवराज सिन्हा होंगे, अध्यक्षता जिला अध्यक्ष ठाकुरराम सिन्हा करेंगे। बतौर विशेष अतिथि प्रांतीय संरक्षक दीपक कुमार सिन्हा, प्रांतीय महामंत्री रिखीराम सिन्हा, प्रांतीय कोषाध्यक्ष डॉ. बिसम्भर सिन्हा, युवा मंच अध्यक्ष डागेश्वर सिन्हा, प्रदेश महिला मंच अध्यक्ष श्रीमती प्रमिला सिन्हा सहित अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे।

वैश्विक अर्थव्यवस्था में भारत का बढ़ा कद

मूडीज के जीडीपी पूर्वानुमान में सुधार के साथ ब्लूमबर्ग इंडेक्स में शामिल

नई दिल्ली। मूडीज द्वारा जीडीपी पूर्वानुमान में सुधार और ब्लूमबर्ग बॉन्ड इंडेक्स में भारत को शामिल किए जाने से वैश्विक अर्थव्यवस्था में भारत का महत्व बढ़ गया है। इस सप्ताह की शुरुआत में वैश्विक रेटिंग एजेंसी मूडीज ने चालू वित्तवर्ष 24 के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि का अनुमान बढ़ाकर 6.8 प्रतिशत कर दिया, जबकि पहले अनुमान 6.1 प्रतिशत था। ब्लूमबर्ग ने मंगलवार को ब्लूमबर्ग इमर्जिंग मार्केट (ईएम) स्थानीय मुद्रा सरकारी सूचकांक में भारत एफएआर बांड को शामिल करने की घोषणा की।

ब्लूमबर्ग एलपी के संस्थापक माइकल आर ब्लूमबर्ग ने कहा, यह भारत के वित्तीय बाजारों के विकास में एक महत्वपूर्ण मार्कर है और वैश्विक अर्थव्यवस्था में भारत के बढ़ते महत्व का प्रतिबिंब है। उन्होंने कहा, वैश्विक वित्तीय केंद्र के रूप में भारत का लगातार उभरना इस दशक के सबसे महत्वपूर्ण आर्थिक विकासों में से एक होने का वादा करता है और ब्लूमबर्ग अधिक निवेशकों को भारत से जोड़कर इसे मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी.के. विजयकुमार ने कहा कि ब्लूमबर्ग का इमर्जिंग मार्केट इंडेक्स में भारतीय बॉन्ड को शामिल करने का निर्णय जेपी मॉर्गन के उभरते बाजार बॉन्ड इंडेक्स में भारत को शामिल करने के जेपी मॉर्गन के फैसले के बाद आया है। ब्लूमबर्ग बॉन्ड इंडेक्स में भारत के शामिल होने से 5 अरब डॉलर से अधिक का निवेश आकर्षित होने की उम्मीद है। वैश्विक वित्तीय घराने भारत की मजबूत वृद्धि के बारे में बात कर रहे हैं। डीबीएस ग्रुप रिसर्च के एमडी और मुख्य अर्थशास्त्री तैमूर बेग और डीबीएस ग्रुप रिसर्च के वरिष्ठ अर्थशास्त्री नाथन चाउ ने कहा, भारत कई मायनों में अच्छे स्थानों पर है। भू-रणनीतिक से लेकर जनसांख्यिकी तक वैश्विक निवेशकों के लिए भारत को अनुकूल रूप से देखने के लिए कई प्रेरक कारक हैं। इसके अलावा, घरेलू बुनियादी ढांचे, भौतिक और इलेक्ट्रॉनिक दोनों में काफी सुधार हुआ है, सामाजिक कल्याण का विस्तार हुआ है, उपभोक्ता विश्वास बढ़ा है और परिसंपत्ति बाजार में उछाल आया है। नोट में कहा गया है कि बाहरी संतुलन, जो लंबे समय से अस्थिर निवेश प्रवाह और वैश्विक ऊर्जा झटकों के प्रति संवेदनशील था। अब बेहतर होने लगा है, क्योंकि सेवाओं का अधिशेष अधिकांश व्यापार घाटे की भरपाई कर देता है। ब्रोकरेज फर्म प्रभुदास लीलाधर ने कहा कि सरकार के 'मेक इन इंडिया' अभियान और बुनियादी ढांचे के निर्माण पर प्रोत्साहन के कारण मजबूत औद्योगिक प्रदर्शन के कारण भारतीय अर्थव्यवस्था में वित्तवर्ष 24 की तीसरी तिमाही में 8.4 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि देखी गई, जबकि वित्तवर्ष 23 की तीसरी तिमाही में यह 4.3 प्रतिशत थी। उन्होंने कहा, सरकार का अनुमान है कि वित्तवर्ष 24 में भारत की वृद्धिदर 7.6 प्रतिशत होगी, जबकि पिछले वर्ष में यह 7 प्रतिशत थी। हमारा मानना है कि विकास समर्थक नीतियों, घरेलू मांग की स्थिति में सुधार, सरकारी खर्च और निजी फर्मों की क्षमता उपयोग में सुधार के कारण भारतीय अर्थव्यवस्था वैश्विक स्तर पर सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बनी रहेगी।

थ्रेड्स जून तक डेवलपर्स के लिए अपना एपीआई उपलब्ध कराएगा

सैन फ्रांसिस्को। मेटा के स्वामित्व वाले थ्रेड्स ने बताया है कि वह इस साल जून तक अपने एप्लिकेशन प्रोग्रामिंग इंटरफेस (एपीआई) को डेवलपर्स के लिए उपलब्ध कराएगा। कंपनी वर्तमान में भागीदारों के एक छोटे समूह के साथ-साथ कुछ स्वतंत्र डेवलपर्स के साथ इसका परीक्षण कर रही है। थ्रेड्स के इंजीनियर जेसी चेन ने एक पोस्ट में कहा, हालांकि हम इस समय बीटा तक पहुंच को सीमित कर देंगे, हमें जून के अंत तक एपीआई को व्यापक रूप से उपलब्ध कराने की उम्मीद है। चेन ने कहा कि पिछले कुछ महीनों में, हम रचनाकारों, डेवलपर्स और ब्रांडों को अपने थ्रेड्स की उपस्थिति को बड़े पैमाने पर प्रबंधित करने और अपने पसंदीदा तीसरे-पक्ष के एप्पलिकेशंस से अपने समुदायों के साथ नए-नए विचारों को आसानी से साझा करने में सक्षम बनाने के लिए थ्रेड्स एपीआई का निर्माण कर रहे हैं। एपीआई वर्तमान में यूजरों को इन टूल के माध्यम से पोस्ट किये गये कंटेंट को प्रमाणित करने और थ्रेड प्रकाशित करने में सक्षम बनाता है।कंपनी ने कहा, जल्द ही, हम रिप्लाई मॉडरेशन और इनसाइट्स क्षमताओं को सक्षम करेंगे। इंस्टाग्राम के प्रमुख एडम मोसेरी ने पुष्टि की थी कि वह तीसरे पक्ष के अनुभवों को सक्षम करने के लिए एक एपीआई पर काम कर रहा है।इस बीच, मेटा ने एक क्रॉस-पोस्टिंग सुविधा का परीक्षण भी शुरू कर दिया है जो यूजरों को फेसबुक से थ्रेड्स पर पोस्ट करने की अनुमति देगा। यह वही सुविधा है जिसका उपयोग यूजर फेसबुक और इंस्टाग्राम दोनों पर एक ही समय में स्टोरीज़ और रील्स पोस्ट करने के लिए लंबे समय से कर रहे हैं।

उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में निफ्टी ऊंचाई पर

मुंबई। बेहद उतार-चढ़ाव भरे सत्र के बाद निफ्टी नई रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचकर हरे निशान में बंद हुआ। दोपहर बाद निफ्टी में तेज रिकवरी आई। निफ्टी 118 अंक या 0.53 प्रतिशत बढ़कर 22,474.05 पर बंद हुआ।

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के रिटेल रिसर्च प्रमुख दीपक जसानी ने कहा कि निजी बैंकों, आईटी और हेल्थकेयर शेयरों ने निफ्टी की बढ़त में योगदान दिया। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के खुदरा अनुसंधान प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा कि घरेलू इक्विटी ने मामूली ठहराव के बाद वापसी की और नई ऊंचाई को छू लिया। बैंकिंग, आईटी, हेल्थकेयर और ऑटो शेयरों में खरीददारी से तेजी को समर्थन मिला। खेमका ने कहा कि हालांकि, व्यापक बाजार में निफ्टी मिडकैप 100 में 0.5 फीसदी और निफ्टी स्मॉलकैप 100 में 2 फीसदी की गिरावट के साथ बिकवाली जारी रही। निजी बैंकों के गति पकड़ने और सूचकांक का समर्थन करने के साथ बाजार में सेक्टोरल रोटेशन देखा गया। आईआईएफएल और जेएम फाइनेंशियल के खिलाफ आरबीआई की कार्रवाई के बाद एनबीएफसी दबाव में आ गई। उन्होंने कहा, हमें उम्मीद है कि निकट भविष्य में लार्जकैप बाजार को आगे बढ़ाएंगे, जबकि मिडकैप और स्मॉलकैप दबाव में रह सकते हैं। वैश्विक मोर्चे पर, यूएस फेड चेयरमैन जेरोम पॉवेल का बुधवार रात का भाषण महत्वपूर्ण होगा। इससे नीति को लेकर कुछ संकेत मिलेंगे।खेमका ने कहा कि इसके अलावा, निवेशक अमेरिकी जॉब डेटा पर भी नजर रखेंगे, जो ब्याज दर निर्णय के दृष्टिकोण से अधिक संकेत प्रदान करेगा।

इस साल 9.6 प्रतिशत तक बढ़ सकती है कंपनियों में सैलरी

नई दिल्ली। एक रिपोर्ट में जानकारी सामने आई है कि भारत में कंपनियों को 2024 में औसतन 9.6 प्रतिशत वेतन वृद्धि की उम्मीद है, जो पिछले साल देखी गई वास्तविक वृद्धि के समान है। कंसल्टेंसी फर्म ईवाई ने रिपोर्ट में यह भी कहा कि कुल मिलाकर नौकरी छोड़ने की दर पिछले साल 2022 में 21.2 फीसदी से घटकर 18.3 फीसदी हो गई और अगले कुछ वर्षों में इसमें धीरे-धीरे गिरावट आने की संभावना है। ई-कॉमर्स में 2024 में सबसे अधिक वेतन वृद्धि 10.9 प्रतिशत होने की उम्मीद है, इसके बाद वित्तीय सेवाओं में 10.1 प्रतिशत की अनुमानित वृद्धि होगी।

आई एक प्रेस रिलीज में पता चला है कि पेशेवर सेवाओं का वेतन 2024 में 10 प्रतिशत बढ़ने वाला है, जो एक बदलाव का संकेत देता है क्योंकि कंपनियां वैश्विक व्यापार जटिलताओं से निपटने के लिए रणनीति संरेखण में निवेश करती हैं। एक उभरते क्षेत्र के रूप में रियल एस्टेट और बुनियादी ढांचे का प्रभाव भी दिखाई दे रहा है, क्योंकि इस क्षेत्र में बतन वृद्धि 10 प्रतिशत पर स्थिर रहेगी। यह रिपोर्ट विभिन्न क्षेत्रों की 80 फर्मों के इनपुट पर आधारित है और उनके कर्मचारियों का औसत आकार 5,000 से 10,000 के बीच था।इसमें कहा गया है कि इंडिया 2024 में औसतन 9.6 प्रतिशत वेतन वृद्धि के लिए तैयार है, जो 2023 में वास्तविक वृद्धि के समान है।रिपोर्ट के अनुसार, नियोक्ताओं के लिए फोकस के शीर्ष तीन क्षेत्र लाभ लागत योजना (43 प्रतिशत), कर्मचारी कल्याण (29 प्रतिशत), और उद्योग मानकों के साथ मूल्यांकन और संरेखित करना (20 प्रतिशत) हैं। परिवर्तनीय वेतन योजना (गैर-बिक्री) संगठन में दी जाने वाली सबसे आम प्रकार की प्रोत्साहन योजनाएं हैं जिसमें 43 प्रतिशत पर दिया जाता है। इसके बाद विवेकाधीन प्रोत्साहन (32 प्रतिशत) और बिक्री प्रोत्साहन योजना (21 प्रतिशत) को रखा गया है।

ओला इलेक्ट्रिक ने दी नई सौगात

31 मार्च तक अपने एस1 पोर्टफोलियो की कीमत को 25,000 रुपये तक घटाया

बेंगलुरु। इलेक्ट्रिक स्कूटर को पसंद करने वालों के लिए एक खुशखबरी, ओला इलेक्ट्रिक ने मार्च महीने के लिए अपने एस 1 स्कूटर पोर्टफोलियो की कीमतों में 25,000 रुपये तक छूट की घोषणा करी है। उनके इस बड़े कदम को उठाने का उद्देश्य भारत के विद्युतीकरण प्रयासों में तेजी लाकर ईवी अपनाने में आने वाली सभी बाधाओं को दूर करना है। कीमत में कटौती कंपनी की मजबूत कीमत संरचना के साथ-साथ मजबूत एकीकृत इन-हाउस प्रौद्योगिकी और विनिर्माण क्षमताओं और विनिर्माण प्रोत्साहन की काबिलियत के कारण हुई।

अब ओला एस1 चाहने वालों के लिए उनकी इच्छा पूरी करने का समय आ गया है, क्योंकि एफएएमई (फास्टर एडॉप्शन एंड मैन्युफैक्चरिंग ऑफ इलेक्ट्रिक व्हीकल्स) योजना 31 मार्च 2024 को समाप्त होने की संभावना है और ईवी की कीमतों में बड़ा बदलाव हो सकता है।

एक आकर्षक कीमत वाले उत्पाद पोर्टफोलियो के साथ ओला एस1 स्कूटर किसी भी पारंपरिक आईसीई वाहन से बेहतर परफॉर्मेंस देता है। इसी वजह से यह स्कूटर हर साल लगभग 30,000 रुपये तक की बचत के साथ बाजार में बेहतर विकल्प बन जाता है।

एफआईएम एशिया रोड रेसिंग चैंपियनशिप

इंडियन ऑयल का रेसिंग फ्यूल 'स्टॉर्म' दे रहा नई रफ़्तार

नई दिल्ली। भारत की ऊर्जा प्रमुख कंपनी इंडियन ऑयल, तीन साल की अवधि में प्रतिष्ठित एशिया रोड रेसिंग चैंपियनशिप (एआरआरसी) के लिए ऑफिशियल फ्यूल पार्टनर के रूप में एफआईएम (फेडरेशन इंटरनेशनेल डी मोटोसाइक्लिज्म) के साथ 2024 से 2026 तक साझेदारी की घोषणा करते हुए रोमांचित है।

इस सहयोग में इंडियनऑयल सभी एआरआरसी आयोजनों में श्रेणी 2 रेस ईंधन, स्टॉर्म-अल्टीमेट रेसिंग फ्यूल प्रदान करना शामिल है। स्टॉर्म, जिसका उत्पादन इंडियन ऑयल की गुजरात रिफाइनरी में किया जाता है, इंडियनऑयल की विविध और महत्वाकांक्षी उत्पाद श्रृंखला का एक आकर्षण है, जिसमें एवी गैस 100 एलएल और संदर्भ ईंधन भी शामिल हैं, जो आत्मनिर्भरता (आत्मनिर्भर भारत) और तकनीकी उन्नति के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। अंतर्राष्ट्रीय क्षेत्र में 'स्टॉर्म' का आगमन 'मेक इन इंडिया' पहल को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह रेस ईंधन विशेष ईंधन के उत्पादन में इंडियनऑयल के नवाचार और विशेषज्ञता को भी प्रदर्शित करता है जो कड़े अंतरराष्ट्रीय मानदंडों का पालन करता है, जिसे स्विट्जरलैंड में स्वीकृत मेसर्स इंटरटेक एफआईएम से अनुमोदन प्राप्त होता है।

इस अवसर पर बोलते हुए, इंडियन ऑयल के अध्यक्ष श्री श्रीकांत माधव वैद्य ने कहा, ''जैसा कि हम एशिया रोड रेसिंग चैंपियनशिप के लिए एफआईएम के साथ इस उत्साहजनक साझेदारी की शुरुआत कर रहे हैं, इंडियन ऑयल को अपने अत्याधुनिक रेसिंग ईंधन 'स्टॉर्म-अल्टीमेट' के साथ मोटरस्पोर्ट की तेज गति को बढ़ावा देने पर गर्व है। यह ईंधन नवाचार और उत्कृष्टता के प्रतीक के रूप में खड़ा है, जो कड़े अंतरराष्ट्रीय मानकों को पूरा करने वाले विशेष ईंधन विकसित करने की हमारी निरंतर खोज का प्रतीक है।

इग्लैंड के पहली पारी में 218 रन

भारत का एक विकेट पर 135 रन

धर्मशाला। इंग्लैंड टीम पांचवें टेस्ट के पहले दिन गुरुवार को पहली पारी में 218 रन पर ऑलआउट हो गई। भारत और इंग्लैंड के बीच 5 टेस्ट की सीरीज का आखिरी मुकाबला धर्मशाला में खेला जा रहा है। स्टेडियम में इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग चुनी। देवदत्त पडिक्कल को डेब्यू कैप सौंपी गई। वह भारत के लिए टेस्ट खेलने वाले 314वें खिलाड़ी बने।

इंग्लैंड की पूरी टीम आउट होने बाद भारतीय पारी शुरू हो चुकी है। यशस्वी जायसवाल 57 रन बनाकर आउट हुए। अभी रोहित शर्मा 52 और शुभमन गिल 26 रन बनाकर क्रीज पर हैं।

भारत के खिलाफ पांचवें टेस्ट के पहले दिन इंग्लैंड की पहली पारी 218 रन पर सिमट गई। इंग्लैंड की ओर से जैक क्रॉले (79) ने अर्धशतक लगाया। भारत की तरफ से कुलदीप यादव ने 5 विकेट लिए। वहीं, 100वां टेस्ट खेल रहे रविचंद्रन अश्विन ने 4 विकेट झटके। रवींद्र जडेजा को एक विकेट मिला। इंग्लैंड 218 रन पर ऑलआउट हो गई है। अश्विन को पहली इनिंग में चौथी सफलता मिली। उन्होंने जेम्स एंडरसन को पडिक्कल के हाथों कैच कराकर पवेलियन भेजा। एंडरसन 3 गेंदों का सामना कर बिना खाता खोले ही पवेलियन लौट गए। 218 रन के स्कोर पर इंग्लैंड का 9वां विकेट गिरा। अश्विन ने बेन फोक्स को आउट किया। उनका यह तीसरा विकेट है। गेंद फोक्स के पैड से लगकर स्टंप्स पर जा लगी। फोक्स 24 रन बना सके। दूसरा सेशन भारत के नाम रहा। इंग्लैंड ने पहले दिन के दूसरे सेशन तक 8 विकेट के नुकसान पर 195 रन बना लिए। बेन फोक्स 8 और शोएब बशीर 5 रन बनाकर नॉटआउट लौटे। दूसरे सेशन में इंग्लैंड के छह विकेट गिरे। अश्विन को दूसरी सफलता मिली। उन्होंने मार्क वुड को रोहित शर्मा के हाथों कैच कराकर बिना खाता खोले ही पवेलियन भेजा। इसके साथ ही 183 रन पर इंग्लैंड के दो विकेट गिर चुके हैं। वुड ने 2 गेंदों का सामना किया।इंग्लैंड का सातवां विकेट 183 रन पर गिरा। टॉम हार्टले भी 6 रन बनाकर पवेलियन लौट गए हैं। उनको आर अश्विन ने देवदत्त पडिक्कल के हाथों कैच कराया।इंग्लैंड को 175 के स्कोर पर छठा झटका लगा। इसी स्कोर पर इंग्लिश टीम ने तीन विकेट गंवाए। इंग्लिश कैप्टन बेन स्टोक्स खाता खोले बिना ही पेवलियन लौट गए। उन्होंने 6 गेंदों का सामना किया। कुलदीप ने उन्हें आउट किया। इसके साथ ही कुलदीप के पहली पारी में 5 विकेट हो गए हैं।

मुंबई जल्द अपनी फील्डिंग में सुधार करेगी: झूलन

नई दिल्ली। डब्ल्यूपीएल में दिल्ली कैपिटल्स की सलामी बल्लेबाज शैफाली वर्मा को मंगलवार को मुंबई की टीम ने शुरुआती जीवनदान दिया। इतना ही नहीं मुंबई का इस मुकाबले में फील्डिंग स्तर काफी कमजोर नजर आया।तीसरे ओवर की पांचवीं गेंद पर शबनीम इस्माइल के खिलाफ शॉर्ट बॉल को पुल करने की कोशिश में शैफाली को बड़ा टॉप-एज निकला। मिड-ऑन पर तैनात सैका इशाक दौड़ीं, लेकिन वो मौका चूक गईं।हालांकि, बाद में पांचवें ओवर में शबनीम ने शैफाली को आउट कर दिया, लेकिन मुंबई ने दिल्ली के खिलाफ फील्डिंग में कुछ गलतियां कीं। मगर कई मौकों पर कुछ शानदार कैच भी लिए गए। इस बीच मुंबई इंडियंस की गेंदबाजी कोच और मेंटर झूलन गोस्वामी ने आशा व्यक्त की कि टूर्नामेंट के दिल्ली चरण की शुरुआत 29 रन की हार के साथ करने के बाद टीम क्षेत्ररक्षण विभाग में बेहतर हो जाएगी। उन्होंने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि कैसे मुंबई के पास मंगलवार के मैच से पहले अभ्यास के लिए ज्यादा समय नहीं था।

शबनीम इस्माइल ने फेंकी महिला क्रिकेट इतिहास की सबसे तेज गेंद

नई दिल्ली। डब्ल्यूपीएल में मुंबई इंडियंस के लिए खेलने वाली दक्षिण अफ्रीका की पूर्व तेज गेंदबाज शबनीम इस्माइल ने महिला क्रिकेट में अब तक की सबसे तेज गेंद फेंककर इतिहास रच दिया। दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स और मुंबई इंडियंस के बीच एक रोमांचक मुकाबला खेला गया। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मुकाबले में शबनीम ने मुंबई की तरफ से गेंदबाजी करते हुए 132.1 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से गेंद फेंकी। महिला क्रिकेट के इतिहास में यह किसी भी खिलाड़ी द्वारा फेंकी अब तक की सबसे तेज गेंद है। शबनीम ने मैच के तीसरे ओवर की दूसरी गेंद पर यह रिकॉर्ड बनाया। इस खतरनाक गेंद का सामना कैपिटल्स की कप्तान मेग लैनिंग ने किया। हालांकि, लैनिंग इस गेंद को खेलने से चूक गई, यह गेंद फ्रंट पैड पर लगी।पिछले साल अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने वाली इस खिलाड़ी के नाम कई बड़े रिकॉर्ड दर्ज हैं। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में भी सबसे तेज गेंद इस्माइल के नाम दर्ज है, उन्होंने 2016 में वेस्टइंडीज के खिलाफ 128 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंद फेंकी थी।हालांकि, अपनी तेज गति से चर्चा में आने वाली इस्माइल इस मुकाबले में अपनी टीम के लिए थोड़ी महंगी साबित हुई।बात अगर मैच की करें तो दिल्ली कैपिटल्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 192/4 का स्कोर खड़ा किया। जवाब में मुंबई की टीम 20 ओवर में 163/8 रन ही बना सकी, इस तरह दिल्ली को 29 रनों से जीत मिल गई।

हंसल मेहता की वेब सीरीज लुटेरे का टीजर जारी

भारतीय सिनेमा के जाने-माने निर्देशक और निर्माता हंसल मेहता इन दिनों अपनी आगामी वेब सीरीज लुटेरे को लेकर चर्चा में हैं।इस सीरीज के निर्देशन की कमाल जय मेहता ने संभाली है। इसमें रजत कपूर, विवेक गोम्बर, अमृता खानविलकर और आमिर अली जैसे दिग्गद सितारे मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे।अब निर्माताओं ने लुटेरे का दमदार टीजर जारी कर दिया है, जो एक्शन से भरपूर है।यह सीरीज डिज्नी+ हॉटस्टार पर दस्तक देगी। इसकी रिलीज तारीख सामने आ चुकी है।

लुटेरे का प्रीमियर 22 मार्च से ओटीटी प्लेटफॉर्म डिज्नी+ हॉटस्टार पर किया जाएगा।सीरीज का टीजर देखने के बाद आप इसकी मूल कहानी का अंदाजा लगा सकते हैं। ये एक काल्पनिक थ्रिलर कहानी है, जोकि समुद्री लुटेरो पर बनाई गई है।सोमालिया के तट पर लुटेरों ने भारतीय जहाज का अपहरण कर लिया है। सोमालिया के खतरनाक समुद्र पर आधारित टीजर लुटेरे की दुनिया की एक झलक देता है।24 सेकंड के टीजर की शुरुआत नाव पर सवार कुछ भारी हथियारों से लैस लोगों से होती है, जिन्हें हम करीब हैं कहते हुए सुना जा सकता है।रजत नौसेना की वर्दी पहने हुए सीन में दिखाई देते हैं और दूरबीन से लोगों को देखते हैं। वीडियो जहाज पर गोलीबारी करने वाले लोगों के साथ समाप्त होता है।इस सीरीज की कहानी इसी पर आधारित है। निर्माताओं ने इसमें एक्शन के साथ रोमांस का तड़का भी लगाया है।

कुणाल खेमू की मडगांव एक्सप्रेस का ट्रेलर जारी

अभिनेता कुणाल खेमू अब अपनी पहली फिल्म मडगांव एक्सप्रेस के साथ निर्देशन की दुनिया में कदम रख रहे हैं। मडगांव एक्सप्रेस का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। हाल ही में फिल्म का प्रोमो जारी किया गया था, जिसे देख दर्शक उत्साहित हो गए थे। वहीं, अब निर्माताओं ने फिल्म का ट्रेलर जारी कर दिया है, जो कॉमेडी से भरपूर है।

इस फिल्म में अभिनेता प्रतीक गांधी, अविनाश तिवारी और दिव्येंदु सहित कई शानदार कलाकार शामिल हैं। प्रतीक गांधी स्कैम 1992, अविनाश तिवारी बंबई मेरी जान और दिव्येंदु शर्मा मिर्जापुर में अपनी भूमिका के लिए मशहूर हैं। अब ये तीनों कलाकार दर्शकों के सामने अपना अलग अंदाज दिखाने के लिए तैयार हैं। यह ट्रेलर हंसी-मजाक से भरपूर है, जो तीन दोस्तों की गोवा की यात्रा को दिखता कि है कैसे वे जिंदगी में मजे करने के चक्कर में गोवा जाने की योजना बनाते हैं, लेकिन उनकी हंसती-खेलती जिंदगी में अचानक तूफान आ जाता है। मडगांव एक्सप्रेस बचपन के तीन दोस्तों की यात्रा की कहानी है, जो गोवा की यात्रा पर निकलते हैं, लेकिन उनकी जिंदगी पूरी तरह से पटरी से उतर जाती है। मडगांव एक्सप्रेस में ये कलाकार यानी प्रतीक गांधी पिंकू, अविनाश तिवारी आयुष और दिव्येंदु डोडो का किरदार निभाएंगे। यह तीनों बचपन के दोस्त हैं और गोवा जाने का सपना देखते हैं, लेकिन वह पूरा नहीं हो पाता। आखिरकार एक दिन तीनों गोवा की यात्रा के लिए निकल पड़ते हैं और जिंदगी के मजे लेते हुए एक ड्रग्स स्कैंडल में फंस जाते हैं। वहां से उनकी जिंदगी अलग मोड़ ले लेती है और वे इससे निकलने की बजाये इसमें फंसते चले जाते हैं। हर मोड़ पर फिल्म का ट्रेलर हंसी-ठहाकों का डोज दे रहा है। ट्रेलर के अंत में प्रतीक का किरदार यह कहता है कि पहले पूरी जिंदगी गोवा आ नहीं पा रहे थे, अब जा नहीं पा रहे हैं। ट्रेलर के टैगलाइन में लिखा है, बचपन के सपनेज्लग गए अपने। कुणाल खेमू ने फिल्म का ट्रेलर साझा करते हुए लिखा, गोवा जाने वाली मडगांव एक्सप्रेस आपके नजदीकी सिनेमाघरों में 22 मार्च को आ रही है।

युवा देशहित में समर्पण के साथ कार्य करें : राज्यपाल हरिचंदन

■ **छत्तीसगढ़ एन.सी.सी. संचालनालय के कैडेट्स का 'एट होम' कार्यक्रम**

रायपुर/नवप्रदेश। राज्यपाल श्री विश्वभूषण हरिचंदन के मुख्य आतिथ्य में आज यहां राजभवन में मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ एन.सी.सी. संचालनालय के कैडेट्स का 'एट होम' कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ बटालियन के वे एन.सी.सी. कैडेट्स शामिल हुए, जिन्होंने नई दिल्ली में इस वर्ष गणतंत्र दिवस परेड में भाग लिया था। कार्यक्रम में राज्यपाल के सचिव श्री यशवंत कुमार, ब्रिगेडियर श्री विक्रम सिंह चौहान वाई.एस.एम, विंग कमाण्डर श्री विवेक कुमार, कर्नल श्री प्रदीप सहित कैडेट्स के परिजन उपस्थित थे।

राज्यपाल श्री विश्वभूषण हरिचंदन ने कैडेट्स को गणतंत्र दिवस परेड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने और पूरे देश में 6 वां स्थान प्राप्त करने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने सैन्य अधिकारियों को भी बधाई दी, जिन्होंने कड़ी मेहनत और समर्पण से कैडेटों को प्रशिक्षण देकर आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त किया और उन्हें इस स्तर तक पहुंचाया।

श्री हरिचंदन ने एन.सी.सी. कैडेट्स का आव्हान किया कि वे देशहित के लिए निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करें और देश पर हमेशा गर्व करें। उन्होंने कहा कि वंचित वर्गो की सहायता के लिए हमेशा तत्पर रहें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में न केवल, भारत विश्व में अपना महत्व साबित कर रहा है बल्कि देश के अंदर भी सभी क्षेत्रों में प्रगति हो रही है। प्रधानमंत्री ने विकसित भारत 2047 की संकल्पना के लिए युवाओं को बढ़-चढ़ कर भाग लेने की अपील की है जिससे देश के सभी युवा उत्साहित हैं।

उन्होंने कहा कि एनसीसी एक ऐसा माध्यम है जो युवाओं को सैन्य प्रशिक्षण देकर उन्हें सैन्य गतिविधियों से अवगत कराता है और अनुशासन बनाए रखते हुए एकता की भावना विकसित करता है।

अफसरों के बीच विवाद के बाद कर्मचारियों ने दी हड़ताल की चेतावनी

रायपुर/नवप्रदेश। महिला एवं बाल विकास संचालनालय में दो अफसरों के बीच विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि वरिष्ठ अधिकारी के साथ अभद्रता करने वाले परियोजना अधिकारी के खिलाफ संचालनालय के स्टाफ के साथी एकजुट हो गए और काम ही बंद कर दिया। दौरान धरसींवा-01 के परियोजना अधिकारी अमित सिन्हा को संचालनालय में सहायक संचालक के पद पर पदस्थ सलमान अंसारी से विवाद हुआ। इस दौरान सिन्हा ने वरीयता को दरकिनार करते हुए अंसारी के साथ अभद्रता की और अमर्यादित शब्दों का भी प्रयोग किया। इतना ही नहीं, वरिष्ठ अधिकारी को कनिष्ठ अधिकारी ने दौड़ा-दौड़ा कर मारने की भी धमकी दी।

कर्मचारियों ने नाराजगी जताते हुए काम किया बंद : इस पर सभी कर्मचारियों ने नाराजगी जताते हुए काम ही बंद कर दिया और संचालनालय में भी ताला जड़ने के साथ परिसर में ही प्रदर्शन करने लगे। सभी कर्मचारियों ने तख्ती लेकर काफी देर तक प्रदर्शन किया। वहीं सभी कर्मचारियों ने अधोहस्ताक्षरित एक पत्र संचालक के नाम से लिखकर परियोजना अधिकारी अमित सिन्हा को निलंबित करने की मांग की है और निलंबन नहीं होने तक हड़ताल पर रहने की भी चेतावनी दी है। वर्तमान में प्रदेश सरकार की महात्वाकांक्षी महतारी वंदन योजना का कार्य किया जा रहा है।